नई दिल्ली
बुधवार, 17 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, एकादशी वर्ष : 28, अंक : 97
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यूून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 हरमनप्रीत टी20 रैंकिंग में 12वें और शेफाली 15वें स्थान पर

मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक

# द्विपक्षीय बैठक के बाद बोले विदेश मंत्री जयशंकर: मॉरीशस की प्रगति और समृद्धि में जारी रहेगा भारत का पूरा सहयोग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में लगातार जारी चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच मंगलवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ के साथ पोर्ट लुईस में एक अहम द्विपक्षीय बैठक की। इसमें दोनों देशों के बीच चल रही विकास साझेदारी, रक्षा, समुद्री निगम, आर्थिक-व्यापार और लोगों से लोगों के संबंध के मामले पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस बैठक के बाद जारी किए गए साझा बयान में भारत के विदेश मंत्री ने मॉरीशस की प्रगति और समृद्धि में सहयोग को लेकर भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि विदेश मंत्री और मॉरीशस के प्रधानमंत्री की बैठक में दोनों देशों के साझा हितों से जुड़े हुए मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही दोनों देशों की विशेष और स्थायी साझेदारी की समीक्षा की गई।



### प्रधानमंत्री जुगनाथ ने सराही व्यापक साझेदारी

*प्रधानमंत्री जुगनाथ ने बैठक में दोनों देशों के बीच जारी साझेदारी को और अधिक व्यापक बनाने की सराहना की। साथ ही उन्होंने कहा कि अपने वर्तमान कार्यकाल की शुरुआत में वह मॉरीशस की यात्रा पर हैं। यह दौरा दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों की ताकत और गहराई को दर्शाता है। बैठक में संबंधों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। वहीं, एक कार्यक्रम में भारतीय मूल की सातवीं पीढ़ी के दो व्यक्तियों को ओआईसी कार्ड प्रदान किए गए। इनका संबंध राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के इस वर्ष मॉरीशस राष्ट्रीय दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में किए गए मॉरीशस के दौरे से है। इसमें ही ओआईसी की घोषणा की गई थी।*

### दर्जनभर परियोजनाओं का हुआ उद्घाटन

मंत्रालय के मुताबिक, कार्यक्रम में भारत द्वारा वित्तपोषित 12 उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया गया। शिक्षा, संस्कृति, आप्रवासन अभिलेखागार के डिजिटलीकरण, अंतरिक्ष और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान हुआ। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि एक वर्ष में ऐसी 96 सामुदायिक परियोजनाओं में से 37 चालू हो गई हैं। जबकि अगले दो महीनों में रोड्रिग्स और अगालेगा में आठ और परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा। बुधवार को ग्रैंड बोइस में भारतीय अनुदान सहायता से बनाए गए मेडिक्लिनिक के उद्घाटन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जुगनाथ के साथ शामिल होने का अवसर मिलेगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सवाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट को मिले दो नए जज, एक मणिपुर से



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट को दो नए जज मिले हैं। राष्ट्रपति ने जजों की नियुक्ति को लेकर मंजूरी दे दी है। गुरुवार को सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ दोनों नए जज को शपथ दिलाएंगे। जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह और जस्टिस आर महादेवन को सुप्रीम कोर्ट का जज बनाया जाएगा। जस्टिस सिंह मणिपुर से पहले व्यक्ति होंगे।

### आईएएस पूजा खेडकर की ट्रेनिंग रद्द हुई

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की विवादास्पद आईएएस पूजा खेडकर की मुश्किलें बढ़ गई हैं।



उनकी ट्रेनिंग रद्द कर दी गई है। अहमदनगर जिला अस्पताल की रिपोर्ट के अनुसार पूजा खेडकर दोनों आंखों में मायोपिक डीजनरेशन के साथ-साथ डिप्रेशन से पीड़ित थीं। पूजा के आचरण पर विवाद के बाद उनकी 'विकलांगताओं' पर सवाल उठाए गए थे।

### 4100 तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना

**जम्मू।** भारी सुरक्षा इंतजाम के बीच 4,100 से अधिक तीर्थयात्रियों का 19वां जत्था तड़के अमरनाथ यात्रा



में शामिल होने के वास्ते कश्मीर के दो आधार शिविरों के लिए जम्मू से रवाना हुआ। भगवती नगर आधार शिविर से सीआरपीएफ की कड़ी सुरक्षा के बीच यह जत्था 151 वाहनों में सवार होकर बालटाल और पहलगाम आधार शिविरों के लिए सुबह रवाना हुआ।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सेनाप्रमुख जनरल द्विवेदी ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति प्रकट की संवेदनाएं

# जम्मू एंड कश्मीर में थम नहीं रहे आतंकी हमले डोडा में एक अधिकारी समेत चार जवान शहीद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते सोमवार रात करीब नौ बजे जम्मू-कश्मीर के डोडा के उरार बग्गी इलाके में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में सेना के एक अधिकारी समेत चार जवान शहीद हो गए हैं। इनमें कैप्टन ब्रिजेश थापा पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग, नायक डोकारी राजेश आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम, सिपाही अजय कुमार सिंह और बिजेंद्र राजस्थान के झुंझुनू के रहने वाले हैं।

सेना के वरिष्ठ अधिकारियों और जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद बुधवार को इनके पैतृक निवास स्थान पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ सभी शहीदों को अंतिम विदाई दी जाएगी।

पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के छाया समूह 'कश्मीर टाइगर्स' (कश्मीर में सक्रिय) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। एक बयान जारी कर उसका कहना है कि जब सुरक्षाबलों ने 'मुजाहिद्दीन' का तलाशी अभियान शुरू किया तो फायरिंग की गई। वहीं, सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां इलाके में आतंकियों की तेज धरपकड़ के लिए अतिरिक्त सैन्यबलों के साथ सघन तलाशी अभियान चला रही हैं। इसमें विशेष बलों, हेलिकॉप्टर, ड्रोन और तकनीकी संसाधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। अभी भी इलाके में करीब चार आतंकियों की मौजूदगी की सूचना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मुठभेड़ में शहीद हुए सैन्यकर्मियों के परिवारों के प्रति शोक संवेदनाएं प्रकट की हैं। सेनाप्रमुख ने डोडा में जारी सैन्य अभियान के बारे में रक्षा मंत्री को विस्तार से जानकारी भी दी है। यहां बता दें कि इस घटना से पहले 8 जुलाई को कठुआ में हुए आतंकी हमले में पांच सैन्यकर्मी शहीद हो गए और इतने ही घायल हुए थे।

## बुधवार को सभी शहीदों को उनके पैतृक निवास पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ दी जाएगी अंतिम विदाई



### चार महीने में हुई दस आतंकी वारदातें

गौरतलब है कि इस साल अप्रैल से लेकर 15 जुलाई तक आतंकी वारदातों से जुड़ी हुई दस बड़ी घटनाएं हुई हैं। इनमें 10 सैन्यकर्मी शहीद हुए और 13 घायल हुए है। जबकि इन घटनाओं में 11 निर्दोष नागरिक मारे गए और 42 घायल हो गए। बीते दो महीने में डोडा को आतंकवादियों ने तीसरी बार निशाना बनाया है। 12 जून को हुए एक आतंकी हमले में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया था। 26 जून को डोडा में मुठभेड़ में तीन विदेशी आतंकी मारे गए और अब 15 जुलाई की मुठभेड़ में 4 सैन्यकर्मी शहीद हो गए। वहीं, सुरक्षाबलों ने इस दौरान पांच आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया। इन घटनाओं से ये साफ है कि कश्मीर के बाद अब आतंकवादियों के निशाने के जम्मू संभाग है। जो बीते कुछ वर्षों से शांत माना जा रहा था।

### अभियान को दिया 'ऑपरेशन कोठी-2' नाम

डोडा में 15 जुलाई की शाम करीब सात बजे से खुफिया जानकारी के आधार पर जम्मू-कश्मीर पुलिस, राष्ट्रीय राइफल्स और विशेष अभियान समूह ने आतंकियों की तलाश के लिए ऑपरेशन कोठी-2 नामक एक संयुक्त अभियान की शुरुआत की थी। इसके करीब दो घंटे के बाद यानी नौ बजे मुठभेड़ शुरू हुई और आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी करनी शुरू कर दी। इसमें सेना के एक अधिकारी समेत चार सैन्यकर्मी घायल हो गए। इन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इनकी मृत्यु हो गई। जम्मू-कश्मीर में सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्थवाल ने इस मुठभेड़ से जुड़े प्रत्येक घटनाक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि इलाके में आतंकियों के सफाए के लिए सुरक्षाबलों के सक्रिय आतंकवाद रोधी अभियान जारी हैं।

केंद्र ने नीति आयोग का किया पुनर्गठन



नरेंद्र मोदी | अमित शाह | राजनाथ सिंह | शिवराज सिंह चौहान

# पीएम मोदी अध्यक्ष और बेरी उपाध्यक्ष शिवराज, शाह, राजनाथ पदेन सदस्य



## भाजपा समेत सहयोगी दलों के नेताओं को भी मिली जगह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन कर दिया है। इसमें सहयोगी दलों के वरिष्ठ मंत्रियों को भी जगह मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीति आयोग के अध्यक्ष तो सुमन के बेरी नीति आयोग के उपाध्यक्ष होंगे। डॉ. वीके सारस्वत, प्रोफेसर रमेश चंद्र, डॉ. वीके पॉल और अरविंद वीरमानी को पूर्ण कालिक सदस्य बनाया गया है।

नीति आयोग के पदेन सदस्यों की बात करें तो इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का नाम शामिल है। इनके अलावा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### थिंक टैंक के रूप में कार्य करता है नीति आयोग

*बता दें कि नीति आयोग यानी नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया, भारत सरकार के शीर्ष सार्वजनिक नीति थिंक टैंक के रूप में कार्य करता है। इसकी कार्यों में "15-वर्षीय रोड मैप", "7-वर्षीय विजन, रणनीति और कार्य योजना", अमृत, डिजिटल इंडिया, अटल इनोवेशन मिशन, चिकित्सा शिक्षा सुधार, कृषि सुधार शामिल हैं। यह 2015 में एनडीए सरकार द्वारा योजना आयोग को बदलने के लिए स्थापित किया गया था, जो एक टॉप-डाउन मॉडल का पालन करता था। 29 मई 2014 को, स्वतंत्र मूल्यांकन कार्यालय ने योजना आयोग को "नियंत्रण आयोग" से बदलने की सिफारिश के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक मूल्यांकन रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया। 13 अगस्त 2014 को, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत की राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के एक छोटा संस्करण के साथ प्रतिस्थापित करने के लिए योजना आयोग को समाप्त कर दिया गया। 1 जनवरी 2015 को, योजना आयोग को नवगठित नीति आयोग के साथ बदलने के लिए एक कैबिनेट प्रस्ताव पारित भारत सरकार ने नीति आयोग के गठन*

▶▶ शेष पेज 5 पर

एसआईटी गठित, दो संदिग्ध हिरासत में

# बिहार के नेता मुकेश साहनी के पिता की बेरहमी से हत्या

एजेंसी ▶▶ पटना

वीआईपी के अध्यक्ष और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के



पिता जीतन सहनी की सोमवार रात उनके घर में धारदार हथियार से नृशंस हत्या की गई है। उनका घर बिरौल के पास अफजला गांव में है। वो अपने घर से थोड़ी ही दूरी पर घनश्यामपुर थाने के जिरात गांव में नया घर बना रहे थे। पिछले कुछ दिनों से रात में वे वहीं अकेले सोते थे। उनकी पत्नी का निधन पहले ही हो चुका है। दोनों बेटे मुकेश और संतोष सहनी मुंबई में रहते है।

फूल देने पहुंचे आदमी के आवाज देने पर भी गेट ना खुलने पर और लोग आ गए तो पीछे के रास्ते जाने पर हत्या का पता लगा। इस मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है जांच के लिए दरभंगा ▶▶ शेष पेज 5 पर

नीट मामले में दो बड़ी गिरफ्तारी

# आरोपियों ने बक्से से पेपर चुराए फिर वितरण किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट मामले में सीबीआई ने दो बड़ी गिरफ्तारी की है। सीबीआई ने बिहार



की राजधानी पटना से पंकज कुमार उर्फ आदित्य को गिरफ्तार किया, साथ ही इसके अलावा झारखंड के हजारीबाग से राजू सिंह नाम के शख्स को गिरफ्तार किया है। पंकज ने हजारीबाग में बक्से से पेपर चोरी करके आगे बांटा था। वहीं, राजू सिंह ने पेपर को आगे डिस्ट्रीब्यूट करने में मदद की थी। मिली जानकारी के मुताबिक, पंकज सिविल इंजीनियर है और झारखंड के बोकारो का रहने वाला है। इसी ने हजारीबाग से ट्रंक से पेपर चोरी किया था और आगे बांटा था, जबकि पेपर आगे बांटने में की मदद राजू सिंह नाम के शख्स ने की थी। पंकज पेपर चोरी करने में मास्टरमाइंड ▶▶ शेष पेज 5 पर

## बजट पूर्व हलवा समारोह में शामिल हुई वित्त मंत्री



**नई दिल्ली।** बजट दस्तावेज को अंतिम रूप देने का आखिरी चरण माना जाने वाला पारंपरिक हलवा समारोह मंगलवार को हुआ। इसके साथ वित्त वर्ष 2024-25 के बजट दस्तावेज को अंतिम रूप देने का काम शुरू हो गया है। बजट 23 जुलाई को लोकसभा में पेश किया जाएगा। इस समारोह में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ▶▶ शेष पेज 5 पर

लोकसभा चुनाव हारने के बाद अभी तक नहीं खाली किए आवास

# 200 सांसदों को छोड़ना होगा लुटियन का आलीशान बंगला, सरकार ने थमाए नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 में कई माननीयों की कुर्सी तो गई ही अब उनका आशियाना भी छिनने जा रहा है। केंद्र सरकार ने लुटियन जोन के शानदार बंगलों में रह रहे 200 से अधिक पूर्व सांसदों को घर खाली करने के नोटिस दिए हैं।

नई लोकसभा में चुनकर आए नए सांसदों को अभी तक घर आवंटित नहीं हुआ है। घर की बाट जोह रहे सांसदों की कतार लंबी है। पुराने सांसद घर छोड़ेंगे तभी नए



एमपी को दिल्ली में छत मिलेगी। पुराने सांसदों को एक महीने के भीतर घर खाली करने के लिए कहा गया है। बता दें कि लोकसभा हाउस कमेटी सांसदों को आवास आवंटित करती है तो केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सरकारी आवास खाली करने का नियम

नियम के मुताबिक, सांसद न रहने की स्थिति में 15 दिन बाद सरकारी बंगला खाली करना होता है। आमतौर पर नोटिस मिलने के 30 दिन के भीतर बंगला खाली करना होता है। विशेष परिस्थिति में बंगला खाली कराने के लिए बल प्रयोग भी किया जा सकता है। सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को लुटियंस दिल्ली में बंगला आवंटित किया जाता है। टाइप 5 से टाइप 8 तक के बंगले सांसदों, केंद्रीय मंत्री और राज्य मंत्रियों को आवंटित किए जाते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया संकल्प को लगेंगे पंख

उपकरणों की सूची केंद्र के सृजन पोर्टल पर साझा की गई है

# रक्षा मंत्रालय ने जारी की 346 वस्तुओं की सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक मोर्चे पर बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के बीच रक्षा मंत्रालय के उत्पादन विभाग ने मंगलवार को देश में निर्मित 346 वस्तुओं की सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची अधिसूचित की है। इसके जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया संकल्प के साथ रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने, अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने, निवेश को बढ़ाने और सार्वजनिक उपक्रमों (डीपीएसयू) द्वारा आयात को कम करने में मदद मिलेगी। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि विभाग ने वर्ष 2020 में इस बाबत सृजन पोर्टल को लांच किया था। उसके बाद जारी की गई ऐसी ▶▶ शेष पेज 5 पर



**ये डीपीएसयू होंगे लाभांवित:** इस सूची के जरिए एचएएल, बीईएल, बीडीएल, बीईएमएल लिमिटेड, आईओएल, एमडीएल, जीएसएल, जीआरएसई, एचएसएल जैसे रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों और एमएसएमई को लाभ होगा। इन्होंने उक्त उपकरणों को लेकर अपनी-अपनी वेबसाइट पर रूचि की अभिव्यक्ति और प्रस्ताव के लिए अनुरोध जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### पांचवीं सूची में शामिल उपकरण

मंत्रालय के मुताबिक, पांचवीं सूची में शामिल 346 वस्तुओं में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट, सिस्टम, सब-सिस्टम, असेंबली, सब-असेंबली, स्पेयर-कंपोनेंट और कच्चा माल शामिल है। इनका आयात मूल्य 1 हजार 48 करोड़ रुपए है। इन उपकरणों की सूची केंद्र सरकार के सृजन पोर्टल पर साझा की गई है। इसमें बताई गई समय सीमा के बाद इन उपकरणों की खरीद भारतीय उद्योग जगत से ही की जाएगी। पिछले महीने तक डीपीएसयू और एसएचक्यू द्वारा स्वदेश में निर्माण के लिए उद्योग जगत को 36 हजार से अधिक रक्षा वस्तुओं की पेशकश की गई है। बीते तीन वर्षों में इनमें से 12 हजार 300 से अधिक वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया गया है। इसके चलते डीपीएसयू ने घरेलू विक्रेताओं को 7 हजार 572 करोड़ रुपए के ऑर्डर दिए हैं।

# मालीवाल से मारपीट मामला: केजरीवाल के सहयोगी बिभव के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

## अदालत ने बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत भी 30 जुलाई तक के लिए बढ़ाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को 500 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल किया है।

आरोप पत्र मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल की अदालत में दाखिल किया गया है। उन्होंने कुमार की न्यायिक हिरासत भी 30 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी है। कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास में स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने का आरोप है। अदालत में मंगलवार की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने सूचित किया कि करीब 500 पन्नों का आरोप पत्र है और इसमें 50 गवाहों के बयान भी शामिल हैं। अंतिम रिपोर्ट भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत दायर की गई है। इनमें धारा 201 (अपराध के साक्ष्य को गायब करना), 308 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास), 341 (गलत तरीके से रोकना), 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), 354 बी (महिला का वस्त्र हरण करने के इरादे से उसके खिलाफ बल प्रयोग), 506 (आपराधिक धमकी) और 509 (किसी भी शब्द, हाव-भाव या वस्तु का उपयोग करके महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाना) शामिल हैं। दिल्ली के सिविल लाइन्स पुलिस थाना में 16 मई को प्राथमिकी दर्ज की गई थी और आरोपी कुमार की गिरफ्तारी 18 मई को हुई थी। उन्हें उसी दिन मजिस्ट्रेट अदालत ने पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। अदालत ने साथ ही टिप्पणी की कि कुमार की अग्रिम जमानत की अर्जी उनकी गिरफ्तारी के बाद अप्रभावी हो गई है। अदालत ने 24 मई को उन्हें चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा और उसके बाद फिर से तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। महिला अपर पुलिस उपायुक्त स्तर की अधिकारी के नेतृत्व में टीम पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। गत शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने भी कुमार को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि 'वह काफी प्रभावशाली' हैं। न्यायाधीश ने कहा कि इससे इनकार नहीं किया जा सकता है कि याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करने से गवाह प्रभावित हो सकते हैं या सबूतों से छेड़छाड़ हो सकती है।



## तिहाड़ में बंद बीआरएस नेता के. कविता को डीडीयू अस्पताल ले जाया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



धनशोधन के मामले में गिरफ्तार और फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के.कविता को मंगलवार को दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रवर्तन निदेशालय ने कथित दिल्ली आबकारी नीति 'घोटाले' से जुड़े धनशोधन के मामले में 46 वर्षीय कविता को इस साल 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। एक अधिकारी ने बताया कि कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की वजह से उन्हें डीडीयू अस्पताल ले जाया गया है।

### महरौली बदरपुर रोड पर हादसा: मृतकों में कार चालक और राहगीर शामिल, एक घायल

# कार पेड़ से टकराई, दो लोगों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

महरौली बदरपुर रोड पर मंगलवार सुबह एक अल्ट्रोज कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल है। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गये। मरने वालों के शवों को एम्स भिजवाया गया है। इनके नाम मूलचंद (28) और अलताफ (27) बताये गये हैं। तीसरे घायल की पहचान नहीं हो पाई है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 6 बजे महरौली से बदरपुर कैरिज वे (सैदुलाजाब बस स्टॉप के सामने) एमबी रोड पर एक दुर्घटना की सूचना पुलिस को मिली। साकेत थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। फुटपाथ पर एक अल्ट्रोज कार और मूलचंद नाम के व्यक्ति का शव पड़ा मिला। मूलचंद शिव पार्क, खानपुर का रहने वाला था। अन्य दो घायलों यानी कार चालक और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया। कार फुटपाथ पर चढ़ने के बाद पेड़ से टकराई थी। मृतक मूलचंद सड़क पर चलते समय कार की चपेट में आया था। उपचार के दौरान कार चालक अलताफ ने भी दम तोड़ दिया। वह गौतमपुरी का रहने वाला था।

## मुनिरका: ट्रक व ट्रेलर की टक्कर से यातायात रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण पूर्वी दिल्ली में मुनिरका फ्लाईओवर पर मंगलवार को सुबह एक ट्रक और ट्रेलर की टक्कर होने के बाद मार्ग पर यातायात जाम हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

दक्षिण पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) रोहित मीना ने बताया कि दुर्घटना में कोई जख्मी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हादसे के कारण मार्ग पर यातायात की आवाजाही प्रभावित हुई थी। हालांकि बाद में सुचारू यातायात बहाल कर दिया गया। दिल्ली यातायात पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लोगों को आउटर रिंग रोड पर आईआईटी से दिल्ली छावनी की ओर यातायात जाम को लेकर चेताया।



### दोनों वाहनों को हटा दिया गया

हालांकि पुलिस ने दो घंटे बाद एक और पोस्ट साझा किया जिसमें बताया गया कि दोनों वाहनों को हटा दिया गया है और यातायात की आवाजाही फिर से शुरू कर दी गई है। एक अन्य पोस्ट में पुलिस ने कहा कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा किए जा रहे कार्य के कारण आउटर रिंग रोड पर मोदी मिल फ्लाईओवर से नेहरू प्लेस फ्लाईओवर की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात प्रभावित है। लोगों ने भी सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय राजधानी में यातायात की स्थिति को लेकर अपने अनुभव साझा किए।



### बाबा हरिदास नगर इलाके का मामला

# कर्ज उतारने के लिए दोस्त के घर की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



द्वारका जिले की बाबा हरिदास नगर पुलिस ने डीटीसी के एक अस्थायी कंडक्टर को चोरी के आरोप में अलवर, राजस्थान से अरेस्ट किया है। बहन की शादी में लिए कर्ज को उतारने के लिए इसने अपने ही दोस्त के घर सेंध लगाई थी। वारदात के बाद आरोपी ने अपने मैनेजर को फोन कर हॉस्पिटल में भर्ती होने की झूठी कहानी भी गढ़ दी थी। आरोपी नीरज कुमार (23) के पास से चोरी की गई दो सोने की चेन भी बरामद हो गई है।

पुलिस के अनुसार 9 जुलाई को बाबा हरिदास नगर थाने में चोरी का नामजद केस दर्ज हुआ था। शिकायतकर्ता दीपांशु ने आरोप लगाया कि उसके पड़ोसी नीरज ने मित्राऊं गांव स्थित उसके घर से चार सोने की चेन चोरी की है। एंटी बर्गलरी सेल की टीम ने जांच के दौरान पाया कि आरोपी शिकायकर्ता के बगल के कमरे में रहता था। चोरी के बाद से ही वह गायब है। वह डीटीसी बस में कंडक्टर है। पुलिस ने टैक्नीकल सर्विलांस के जरिए जानकारी जुटायी। लोकेशन बहरोड राजस्थान में मिली। इसके बाद उसे अलवर से दबोच लिया गया। नीरज ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसकी तीन अविवाहित बहनें हैं। पिता प्राइवेट नौकरी कर रहे थे, लेकिन स्वास्थ्य खराबी के कारण उन्होंने नौकरी छोड़ दी। इसके बाद परिवार का सारा बोझ उसके कंधों पर आ गया। उसने एक शख्स से पांच लाख का लोन लेकर बड़ी बहन की शादी की थी। इसके बाद उसकी डीटीसी में नौकरी लग गई। इसके बाद उसने मित्राऊं क्षेत्र में एक कमरा किराए पर लिया। पड़ोसी से अच्छी दोस्ती हो गई थी। वह उसके कमरे में आने जाने लगा था। एक दिन सोने की ज्वेलरी देखी तो नीयत खराब हो गई और मौका देख चेन पर हाथ साफ कर दिया। बाद में एक जौहरी को दो लाख रुपए में दो चेन बेच भी दी गई थी।


**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसका **नाम**: नामालूम, **पुत्र**: नामालूम, **पता**: नामालूम, **उम्र**: लगभग 60–65 साल, **कद**: 5'8'', **रंग**: गेहुंआ, जिसने सिर्फ चेकदार लुंगी पहने हुए था। जो यमुना बाजार पुस्ता, निगम बोध घाट के पास, कश्मीरी गेट, दिल्ली में मृत पाया गया है। इस संबंध में डी.डी. संख्या 64ए दिनांक 11.07.2024 को थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

**थानाध्यक्षः थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली**
**दूरभाष सं.: 011-23967889, 23968730, 8750870123**

DP/9102/N/2024

**लावारिस की तलाश**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लावारिस लड़की जिसका नाम **काजोल** जो दिनांक 24.07.2023 को मेन मार्केट सदर बाजार, दिल्ली से प्राप्त हुई। इस बाबत **DD. No. 08A दिनांक. 24.07.2023 थाना: सदर बाजार, दिल्ली** में दर्ज है। इस लावारिस लड़की का शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है।
**उम्र**- 2 वर्ष 6 महीने, **रंग**- सांवला, **कद**- 2'0", **चेहरा**: गोल, **पहनावा**- लाल रंग की टी–शर्ट और हरा निक्कर पहने है।



काजोल

स्थानीय पुलिस द्वारा इस लड़की के परिवार का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए हैं लेकिन अभी तक कोई सुराग सामने नहीं आया है। अगर किसी व्यक्ति के पास इस लावारिस लड़की के परिवार के बारे में कोई जानकारी हो तो **थाना: सदर बाजार, दिल्ली** निम्नलिखित ई-मेल: cic/cbi.gov.in और वेबसाइट http://cbi.nic.in पर सूचित करे।

**फोन: 011-24368638,24368641**
**फैक्स नं. 011- 24368639**
**DP/2987/N/2024**

**हस्ता/- थानाध्यक्ष**
सदर बाजार, दिल्ली,
फोन: 23512412


### जीबी रोड से नाबालिग को पुलिस ने बचाया

**नई दिल्ली।** मध्य जिले की कमला मार्केट पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को जीबी रोड के कोठे से मुक्त करवाया है। दरअसल 14 वर्षीय लड़की अनाथ है और बिजनौर से काम की तलाश में दिल्ली आई थी। मामले में पुलिस ने एक महिला को भी गिरफ्तार किया है। डीसीपी सेंट्रल एम हर्षवर्धन ने बताया कि 12 जुलाई की रात लगभग 8:30 बजे मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि श्रद्धानन्द मार्ग, अजमेरी गेट में लगभग 14 वर्ष की लड़की को गलत काम करने के लिये मजबूर किया जा रहा है। इस पर कमला मार्केट थानाध्यक्ष सी.एल. मीना की देखरेख में सब इंस्पेक्टर किरण सेठी की टीम ने मनोबल एनजीओ के साथ मौके पर पहुंच नाबालिग लड़की को मुक्त करवाया। 42 साल की अंजलि उर्फ मीना नाम की एक महिला को भी हिरासत में लिया गया। बाद में एनजीओ के काउंसलर द्वारा की गई बातचीत में लड़की ने बताया कि 3/4 दिन पहले उसे जाकिर नगर, ओखला से अनस द्वारा कोठे पर लाया गया था। उसे अंजलि को सौंपा गया था। काउंसलिंग के बाद 13 जुलाई को लोकनायक अस्पताल में लड़की का मेडिकल परीक्षण कराया गया और उसके बयान दर्ज किये गये। पकड़ी गई महिला को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# रोहिणी: युवक की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रोहिणी डिस्ट्रिक्ट के केएन काटजू मार्ग इलाके में सोमवार रात एक 22 वर्षीय युवक की हत्या कर दी गई। मृतक शक्ति पर चाकू से हमला किया गया था। सेक्टर 17 रोहिणी निवासी युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। हत्या का मुकदमा दर्ज कर तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक मृतक शक्ति पान की दुकान चलाता था। वह रात के समय घर जा रहा था। तभी उसे तीन युवकों ने घेर चाकू से हमला कर दिया। घायल शक्ति खून से लथपथ हालत में वहीं गिर गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने केएन काटजू मार्ग थाने में बीएनएस की धारा 103(1), 3(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक कर आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई और उन्हें हिरासत में ले लिया। शुरुआती पूछताछ में पता चला कि संदिग्ध युवकों की मृतक से पुरानी दुश्मनी थी।



- पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया, आपसी रंजिश में वारदात का शक

### जहांगीरपुरी: झगड़े के तीन दिन बाद युवक की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी जिले के जहांगीरपुरी इलाके में मंगलवार दोपहर भारत (33) नाम के युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। पुलिस को आपसी रंजिश में वारदात का शक है। वहीं पता चला है कि तीन दिन पहले मृतक का किसी से झगड़ा हुआ था। पुलिस के अनुसार भारत परिवार के साथ जहांगीरपुरी ई ब्लॉक में रहता था। दोपहर करीब ढाई बजे पीसीआर कॉल के जरिए चाकू मारने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और खून से लथपथ हालत में भारत को नजदीकी अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस वारदातस्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चैक कर रही है, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सकें।

### संगम विहार: पेड़ से लटक युवक ने की खुदकुशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

संगम विहार इलाके में स्थित शूटिंग रेंज के पीछे जंगलों में पेड़ से एक युवक का शव लटका पाया गया। बाद में मृतक की पहचान जी ब्लॉक, संगम विहार निवासी आकाश (24) के रूप में हुई। वह नशे का आदी बताया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये एम्स अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती तफ्तीश में पता चला कि मृतक ने खुदकुशी की है। अन्य कोणों से भी मामले की पड़ताल की जा रही है।

### अवैध हथियार के साथ जिम ट्रेनर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पुलिस ने मंगलवार को उत्तर-पश्चिम दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में अवैध हथियार रखने के आरोप में एक जिम ट्रेनर को गिरफ्तार किया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (अपराध) सतीश कुमार ने बताया कि आरोपी की पहचान विशाल कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के पास से दो अर्ध-स्वचालित पिस्तौल और 25 कारतूस बरामद किए गए हैं। सतीश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि विशाल क्षेत्र में जुआ खेलने वाले अपराधियों के बीच अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए अवैध हथियार लेकर आया है। उन्होंने बताया कि गहन पूछताछ में विशाल ने खुलासा किया कि वह क्षेत्र में जुए के कारोबार में अपना वर्चस्व स्थापित करना चाहता था और वह इस प्रकार के संगठित अपराध में शामिल लोगों के साथ किसी भी झड़प की स्थिति के मद्देनजर अपने साथ हथियार रखता था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान उसके कब्जे से एक पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए गए और बाद में उसके घर पर छापेमारी के दौरान एक पिस्तौल और 22 कारतूस बरामद हुए।

### तिहाड़ में बंद हाशिम बाबा का असली नाम है आशिम, पुलिस ने किया था 2019 में गिरफ्तार

# अस्पताल में हत्या के लिए जिम्मेदार गैंगस्टर हाशिम बाबा पर दर्ज हैं 16 मामले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के एक अस्पताल में गोलीबारी का साजिशकर्ता समझे जा रहे गैंगस्टर हाशिम बाबा पर हत्या और हत्या के प्रयास सहित 16 आपराधिक मामले दर्ज हैं। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। तिहाड़ जेल में बंद हाशिम बाबा का असली नाम आशिम है, जिसे दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने 2019 में गिरफ्तार किया था।

दिल्ली पुलिस के एक दस्तावेज के अनुसार, उस पर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामला दर्ज किया गया था। हालांकि, हाशिम बाबा को जेल में रखे जाने के बावजूद उसका हौसला नहीं टूटा है और वह सलाखों के पीछे से अब भी अपना गिरोह चला रहा है। अधिकारी ने बताया कि हाशिम के इशारे पर 2019 से लेकर अब तक पांच हत्याएं हुई हैं, जिनमें जीटीबी अस्पताल में एक मरीज की हालिया हत्या भी शामिल है। उस पर पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद, भजनपुरा और वेलकम इलाकों में हत्या, हत्या के प्रयास और डकैती सहित 16 आपराधिक मामले दर्ज हैं। अधिकारी ने बताया कि हाशिम बाबा के आदेश पर ही उसके गिरोह के सदस्यों ने हत्याओं को अंजाम दिया।

### लॉरेंस बिश्नोई के साथ जेल के अंदर साठगांठ की थी

ऐसा माना जाता है कि हाशिम बाबा ने पंजाबी गायक-नेता सिद्धू मूसेवाला की हत्या के आरोपी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के साथ तिहाड़ जेल के अंदर साठगांठ की थी। अधिकारी ने बताया कि हाशिम बाबा ने कथित तौर पर दिल्ली में बिश्नोई गिरोह के सदस्यों को हथियार हासिल करने में मदद की थी। बिश्नोई मई 2023 तक दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद था, लेकिन बाद में उसे सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी के एक मामले में आतंकवाद-निरोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा गुजरात ले जाया गया था। वह फिलहाल गुजरात के अहमदाबाद स्थित साबरमती केंद्रीय कारागार में बंद है। अपना गिरोह बनाने से पहले हाशिम बाबा यमुना पार के इलाकों में सक्रिय नासिर गिरोह का शार्पशूटर था। वह और राशिद उर्फ राशिद केबलवाला उस वक्त नासिर के गुर्गे थे। नासिर भी तिहाड़ जेल में बंद है। पुलिस के अनुसार, माना जाता है कि राशिद पैरोल पर जेल से बाहर आने के बाद दुबई भाग गया। हाशिम बाबा का नाम 2016 में कड़कड़डूमा अदालत में हुई गोलीबारी में भी आया था, जिसमें दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल की मौत हो गई थी। समझा जाता है कि चार नाबालिगों ने हाशिम बाबा और नासिर के कहने पर उनके कट्टर प्रतिद्वंद्वी छेनू पहलवान को अदालत में पेश किए जाने के दौरान हमला किया था।

### गोलीबारी : सरकार के आश्वासन के बाद चिकित्सकों ने हड़ताल वापस ली

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में गोलीबारी की घटना के मद्देनजर बेहतर सुरक्षा उपायों की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए 'रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन' ने मंगलवार को दिल्ली सरकार से आश्वासन मिलने के बाद अपनी हड़ताल वापस ले ली। डॉक्टरों के संगठन के एक प्रतिनिधि ने बताया कि अस्पताल में कर्मचारियों और मरीजों के लिए सुरक्षा उपायों में सुधार के संबंध में दिल्ली के विशेष स्वास्थ्य सचिव दानिश अशरफ के साथ बैठक हुई। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने हमें आश्वासन दिया है कि वह हमारी मांगों पर विचार करेगा। विभाग ने डॉक्टरों और मरीजों की सुरक्षा के लिए प्रवेश द्वारों पर मेटल डिटेक्टर लगाने और सुरक्षा गार्ड के लिए वॉकी-टॉकी जैसे उपाय करने पर सहमति जताई है। एसोसिएशन ने यह भी बताया कि अशरफ ने अस्पताल परिसर में पुलिस गश्त का आश्वासन दिया है।


**महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक**
(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय
**विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संस्थान**

**प्रवेश सूचना 2024-25 बी.टेक. बायोटेक्नोलॉजी** (विज्ञा. पीआर सं. -14 ऑफ 2024)

| बी.टेक. (बायोटेक.) प्रथम सैमेस्टर (40 सीट) | महत्वपूर्ण तिथियां | |
|---|---|---|
| पात्रता : उम्मीदवार जो मुख्य विषयों के तौर पर भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान / जैव प्रौद्योगिकी में न्यूनतम 45% अंकों सहित (एससी श्रेणी से सम्बन्धित उम्मीदवार के मामले में 40%) 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हों। **उम्मीदवारों के लिए इंटर-से-मेरिट की गणना भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान / जैव प्रौद्योगिकी के अंकों के आधार पर की जाएगी।** | आवेदन की अन्तिम तिथि | 22.07.2024 |
| | प्रथम मेरिट लिस्ट का प्रदर्शन (श्रेणीवार) | 26.07.2024 |
| | द्वितीय मेरिट लिस्ट (श्रेणीवार) | 01.08.2024 |
| | तृतीय मेरिट लिस्ट (ओपन, यदि सीटें रिक्त रहती हैं) | 07.08.2024 |
| | चतुर्थ मेरिट लिस्ट (ओपन, यदि सीटें रिक्त रहती हैं) | 12.08.2024 |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.mdu.ac.in अथवा सम्पर्क करें : 9034881374, 9416333872, 9813488148.

संवाद-1235/11/134/2025/27877/सी/88/7 दि. 16.07.24

# प्रदूषण जांच केंद्र संचालकों की हड़ताल के बीच पीयूसी केंद्र दूसरे दिन भी रहे बंद

## हड़ताल तक सरकार के 300 अन्य अधिकृत केंद्रों पर प्रदूषण की जांच कराएं वाहन चालक : गहलोत

नई दिल्ली ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने मंगलवार को पेट्रोल पंपों पर स्थित भी प्रदूषण जांच केंद्र संचालकों की चल रही हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रहने के बीच वाहन चालकों को अपने अन्य अधिकृत प्रदूषण जांच केंद्रों का विकल्प अपनाने की अपील की है। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि पेट्रोल पंपों पर स्थित प्रदूषण जांच केंद्रों की हड़ताल की वजह से वहां पर वाहनों की प्रदूषण की जांच नहीं हो पा रही है। इससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। इस परेशान से बचने के लिए वाहन चालक दिल्ली सरकार द्वारा अधिकृत 300 अन्य प्रदूषण जांच केंद्रों पर जाकर अपने वाहनों की प्रदूषण की जांच करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों की दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार कई और प्रदूषण जांच केंद्र खोलने पर विचार कर रही है। इसकी प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दिल्ली में पेट्रोल पंपों के अलावा लगभग 300 अन्य स्थानों पर दिल्ली



सरकार द्वारा अधिकृत प्रदूषण जांच केंद्र कार्य कर रहे हैं। इन केंद्रों पर नियमित रूप से वाहनों की प्रदूषण की जांच हो रही है। सोमवार को इन प्रदूषण जांच केंद्रों पर 1375 वाहनों की प्रदूषण की जांच की गई और मंगलवार को शाम करीब 5 बजे तक करीब 1464 वाहनों की प्रदूषण की जांच हो चुकी थी।

कैलाश गहलोत ने कहा कि पेट्रोल पंपों के अलावा अन्य स्थानों पर दिल्ली सरकार के जो 300 प्रदूषण जांच केंद्र अधिकृत हैं, उन सभी की सूची परिवहन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने सभी वहां चालकों से अपील करते हुए कहा कि जब तक पेट्रोल पंपों पर स्थित प्रदूषण जांच केंद्रों की हड़ताल चल रही हैं, तब तक वाहन चालक दिल्ली सरकार के इन 300 केंद्रों पर अपने वाहनों की प्रदूषण जांच करा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि गत 11 जुलाई को दिल्ली सरकार ने दिल्ली पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन के अनुरोध पर वाहनों की प्रदूषण की जांच की दरों में वृद्धि की घोषणा की है। यह शुल्क वृद्धि 2011 के बाद से नहीं की गई थी। परिवहन विभाग ने दिल्ली पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन द्वारा शुल्क वृद्धि करने के लगातार किए जा रहे अनुरोधों को स्वीकार करते हुए दरों में इजाफा किया है। प्रदूषण जांच की नई दरें सरकार द्वारा इसे अधिसूचित करने के बाद प्रभावी हो जाएंगी।

जांच...



नई दिल्ली। फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स योजना के तहत परीक्षण के लिए खान मार्केट में विभिन्न भोजनालयों से नमूने लेते खाद्य सुरक्षा अधिकारी। फोटो : एजेंसी

## खबर संक्षेप

### मोहल्ला बस के पहले दिन लोगों ने दी मिली जुली प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** ट्रायल के पहले दिन मोहल्ला बस की सवारी करने वाले यात्रियों की इस सेवा को लेकर मिलीजुली प्रतिक्रिया सामने आई है। प्रथम रूट प्रधान एंक्लेव (बुराड़ी) से मजलिस पार्क के बीच चलने वाली मोहल्ला बस का मंगलवार को स्थानीय विधायक संजीव झा ने नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक झा के अलावा स्थानीय लोग भी मौजूद थे। विधायक ने खुद सवारी की और लोगों से इस सेवा के बारे में उनकी राय पूछी। इस दौरान लोगों की मिली जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली। वहीं विधायक झा ने कहा कि यह अभी ट्रायल रन है, लोगों की राय सामने आ रही है। हमारी कोशिश रहेगी कि लोगों से मिली राय पर मंथन किया जाएगा जिससे कि अधिक से अधिक लोगों को इस मोहल्ला बस सेवा का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। लोग खुश है कि प्रधान एनक्लेव से पहली बार कोई सरकारी बस सेवा शुरू हुई है। अब तक यहां के लोग करीब एक किमी से ज्यादा पैदल चलकर या फिर रिक्शा अथवा अन्य साधनों से बुराड़ी मुख्य मार्ग तक पहुंच कर ही आगे की यात्रा शुरू करते थे।

### दिल्ली जल बोर्ड जरूरतमंदों के साथ कर रहा लापरवाही : भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली की जनता बूंद-बूंद पीने के पानी के लिए तरस रही है और दिल्ली सरकार के दिल्ली जल बोर्ड के तहत कार्य करने वाले टैंकर चालक का एक लापरवाही का वीडियो सामने आया है। दिल्ली भाजपा ने इसे जरूरतमंद लोगों के साथ घिनौनी हरकत बताया है। दिल्ली भाजपा ने मंगलवार को अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है जिसमें टैंकर चालक लापरवाही करते हुए नजर आ रहा है। टैंकर चालक जल बोर्ड टैंकर के पीछे लगे हुए पानी के पाइप हटाए बिना ही टैंकर चला देता है जिसके चलते दो महिलाएं टैंकर के पाइप में उलझ कर गिर जाती है, हो सकता है कि किसी को चोट भी लगी हो। इसके अलावा टैंकर चालक वहां से आगे चला जाता है और पीछे एक पाइप भी लटक रहा है जो कि दुर्घटना संभावित है। वहीं, प्रदेश भाजपा ने कहा कि दिल्ली की जल मंत्री आतिशी के संरक्षण में टैंकर माफिया का ये गोरखधंधा चल रहा है, और मंत्री दिल्ली की जनता को अपने हाल पर छोड़ कर प्रेस वार्ता मंत्री बन कर दिन भर सिर्फ और सिर्फ झूठ परोस रही हैं।

## अदालत ने पांच जून को 'आप' के अनुरोध पर छह सप्ताह में फैसला करने का दिया था निर्देश

# 'केंद्र 'आप' के कार्यालय के लिए जमीन आवंटन पर 25 जुलाई तक करे फैसला'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र से कहा कि वह राष्ट्रीय दल की मान्यता होने के नाते आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यालय के वास्ते जमीन आवंटन पर 25 जुलाई तक फैसला करे। अदालत ने पांच जून को इस संबंध में 'आप' के अनुरोध पर छह सप्ताह में फैसला करने का निर्देश दिया था।

संपदा निदेशालय, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार को अदालत से उसके निर्देशों का अनुपालन करने के वास्ते और चार सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया। मंत्रालय और निदेशालय ने दलील दी कि वे अभी नव निर्वाचित सांसदों के आवास आवंटन के 'व्यापक कार्य' में व्यस्त हैं। 'आप' की ओर से पेश वरिष्ठ



अधिवक्ता ने केंद्र के अनुरोध का विरोध करते हुए कहा कि केंद्र को भूमि आवंटन पर फैसला करने के लिए दी गई छह सप्ताह की मियाद बुधवार को समाप्त हो रही है जबकि उच्चतम न्यायालय ने पार्टी के राउज एवेन्यू स्थित मौजूदा कार्यालय को खाली करने के लिए 10 अगस्त का समय दिया है। उच्चतम न्यायालय ने मार्च में आप को सबसे पहले राउज एवेन्यू स्थित कार्यालय को खाली करने के लिए 15 जून तक का समय दिया था और रेखांकित किया था कि उक्त जमीन

**खास बात**

- उम्मीद है कि आवेदनकर्ता की ओर से समय सीमा बढ़ाने के लिए भविष्य में अब कोई अनुरोध नहीं किया जाएगा : अदालत

दिल्ली उच्च न्यायालय को न्यायिक अवसंरचना का विस्तार करने के लिए आवंटित की गयी है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि आदेश का अनुपालन करने के लिए दी गई छह सप्ताह की समय सीमा का अंतिम दिन है। आप इस अदालत के सामने पहले नहीं आए। अंतिम समय में आने का क्या तुक है? यदि आप देना नहीं चाहते तो उन्हें तर्कसंगत आदेश देने से कौन रोक रहा है। न्यायमूर्ति संजीव नरुला ने कहा कि प्राधिकारियों को कार्यालय के लिए भूमि आवंटित करने के लिए 'पर्याप्त समय' दिया गया था एवं इसलिए और चार सप्ताह का समय नहीं दिया जा सकता। अदालत ने कहा कि लेकिन सभी तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करने के लिए समयसीमा 25 जुलाई 2024 तक बढ़ाई जाती है।

इस अदालत को उम्मीद है कि आवेदनकर्ता की ओर से समय सीमा बढ़ाने के लिए भविष्य में अब कोई अनुरोध नहीं किया जाएगा। अदालत ने कहा कि अन्य राष्ट्रीय दलों की तरह 'आप' यहां कार्यालय बनाने कह अर्हता रखती है और केंद्र से कहा कि इस मामले में छह सप्ताह के भीतर फैसला करे।

### बारिश के बावजूद दिल्ली वाले भीषण गर्मी उमस से परेशान, पारा फिर पहुंचा 38 डिग्री पार

नई दिल्ली। मानसून के इस मौसम में भी दिल्ली वालों को भीषण गर्मी और उमस से राहत नहीं मिल रही है। बारिश के बावजूद दिल्ली वालों को भीषण गर्मी व उमस ने बेहाल कर रखा है। हालात यह है कि इस मौसम में भी दिल्ली में अधिकतम पारा 38 डिग्री को पार कर रहा है। इस बारे में प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने बताया कि मंगलवार को एक बार फिर अधिकतम पारा 38.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो इस मौसम के तापमान से 3 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2 डिग्री ज्यादा है। यानी मानसून के दौरान भी दिल्ली वालों को राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। मानसून में दिल्ली से नाराज बारिश को लेकर मौसम विज्ञानी एस के संगल का कहना है कि क्लाइमेट चेंज का असर विश्व के साथ भारत और दिल्ली में देखने को मिल रहा है। जुलाई के दौरान अक्सर दिल्ली में झमाझम बारिश देखने का मिलती रही है। गत वर्ष तो जुलाई महीने में बारिश इस कदर हो रही थी कि दिल्ली में बाढ़ तक आ गई थी। संगल ने बताया कि मानसून जिस गति से व समय पर भारत पहुंचा था वह गति बरकरार नहीं रह सकी। हालांकि असम सहित अन्य कई राज्यों में बाढ़ ने तबाही भी मचाई है। किंतु दिल्ली वालों को अब भी अगले 10-15 दिन अभी और ऐसे ही मौसम की बेरुखी झेलनी पड़ सकती है। संगल ने बताया कि जब तक दिल्ली में दो तीन दिन लगातार हल्की हल्की रिमझिम बारिश नहीं होगी तब तक लोगों का उमस से राहत नहीं मिलेगी। क्योंकि दिल्ली एक तरह से कंक्रीट का शहर बन चुका है। ऐसे में बारिश होने के बावजूद पानी जमीन में जाने की बजाए नाले नालियों में चला जाता है, जिससे की जमीन की गर्मी पूरी तरह से नहीं निकलती।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव कांग्रेस अकेले लड़ेगी, सिर्फ लोकसभा के लिए था गठबंधन : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने मंगलवार को बड़ी घोषणा करते हुए साफ कर दिया कि आगामी विधानसभा चुनाव में वह एकला चलो की राह पर अग्रसर होगी। यानी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने घोषणा कर दी है कि विधानसभा चुनाव में उसका आम आदमी पार्टी से कोई गठबंधन नहीं होगा। यादव ने कहा कि आप पार्टी से गठबंधन केवल लोकसभा चुनावों के लिए था जो पूरा हो चुका है। देवेंद्र की इस घोषणा के बाद साफ हो गया है कि लोकसभा में आप पार्टी क साथ चुनाव लड़ने का कांग्रेस को कोई फायदा नहीं हुआ। हालांकि आप पार्टी के प्रदेश संयोजक व केजरीवाल सरकार में मंत्री गोपाल राय पहले ही कह चुके है कि कांग्रेस से गठबंधन केवल लोकसभा चुनावों के लिए ही था, विधानसभा चुनाव के लिए नहीं। ऐसे में कांग्रेस व आप पार्टी की राहे अब एक दूसरे के बिल्कुल विपरीत हो गई है। देवेंद्र ने उक्त घोषणा कृष्णा नगर जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी बैठक को संबोधित



करते हुए की। इस मौके पर देवेंद्र के अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार, शीला सरकार में मंत्री रहे डा. नरेन्द्र नाथ, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक कुंवर करण सिंह सहित तमाम छोटे बड़े नेता मौजूद थे। देवेंद्र ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मिले वोट प्रतिशत से साफ हो गया है कि लोगों की उम्मीद कांग्रेस से ही है। क्योंकि कांग्रेस ही एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो न सिर्फ दिल्ली बल्कि देश भर में हमेशा लोगों की आवाज बनकर उनकी लड़ाई लड़ती है। हमारे नेता राहुल गांधी के देशहित में किए गए प्रयासों को कोई नकार नही सकता। उन्होंने कहा कि दिल्ली में गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव तक था।

## हटाए गए सफाई कर्मियों ने हरिश्चंद्र अस्पताल के बाहर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल के बाहर मंगलवार को अस्पताल से हटाए गए सफाई कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। जिसके बाद अस्पताल प्रशासन हरकत में आया और प्रदर्शनकारी सफाई कर्मियों से बात करके मामला सुलझाने का आश्वासन दिया। प्रदर्शनकारी सफाई कर्मियों ने बताया कि मंगलवार को पुरानी कंपनी का सफाई संबंधी टेंडर खत्म होने को लेकर सोमवार को उनके पास नए ठेका कंपनी की तरफ से फोन आया और कहा गया कि मंगलवार से हमारी नई ठेका कंपनी सफाई का कार्य देखेगी और जो भी



पुराना कर्मचारी कंपनी को 15 हजार से 20 हजार देगा, वही यहां अस्पताल में सफाई का कार्य करेगा। इसे लेकर मंगलवार को पीड़ति सफाई कर्मियों ने कहा कि वे इतना नहीं कमाते हैं कि 15 हजार से 20 हजार रुपए दे सके और हर माह एक हजार रूपए कंपनी को दे सके। इसे लेकर सफाई कर्मियों ने सुबह के समय ही प्रदर्शन शुरू कर दिया। काफी देर तक चले प्रदर्शन के चलते अस्पताल में सफाई व्यवस्था भी बदत्तर बताई गई। बता दें, कि करीब सात साल पहले भी ठेका कंपनी की ऐसी ही मनमानी के चलते सफाई कर्मियों को हटाया गया था तब यहां धर्मबीर खत्री और सुरेंद्र पांचाल के नेतृत्व में करीब एक माह लगातार प्रदर्शन जारी रहा था तो अंत में ठेका कंपनी ने सफाई कर्मियों की बहाली की थी।

**अस्पताल ने बढ़ाया एक सप्ताह का समय**

प्रदर्शनकारी सफाई कर्मियों ने बताया कि अस्पताल प्रशासन ने हमें आश्वासन दिया है कि अगले सात दिन तक यह नई कंपनी कार्य नहीं देखेगी और पुराने कर्मचारी ही कार्य करेंगे। करीब 60 कर्मचारी अस्पताल में सफाई का कार्य करते हैं।

### रानी खेड़ा में किसानों की महापंचायत के बाद कांग्रेस ने की सर्किल रेट बढ़ाने की मांग

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के रानी खेड़ा में हुई किसानों की महापंचायत के बाद दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने हुंकार भरते हुए कृषि भूमि का सर्किल रेट बढ़ाने की मांग की है। इस मुददे पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ नरेश कुमार ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ज्ञापन भेजा है। प्रवक्ता ने कहा कि अगर दिल्ली के सर्कल रेट जल्द नहीं बढ़ाएं गए तो दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में किसानों की लड़ाई सड़क और न्यायालय में लड़ी जाएगी। इस बारे में डॉ. नरेश ने बताया कि मुंडका विधानसभा स्थित रानी खेड़ा में मंगलवार को किसानों की महापंचायत के बाद कांग्रेस ने कृषि भूमि का सर्किल रेट बढ़ाने की मांग की है। क्योंकि दिल्ली में कृषि भूमि के सर्किल रेट वर्ष 2008 के बाद से आज तक एक बार भी नहीं बढ़ाए गए। हमने इस मुददे पर उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन पत्र भेजकर सर्किल रेट बढ़ाने की मांग की है। क्योंकि सरकारी प्रावधानों के अनुसार हर पांच साल में सर्किल रेट बढ़ाया जाना चाहिए।

## भाजपा विधायक दल ने स्पीकर से की विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में भाजपा विधायक दल ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल से मिलकर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की। इस दौरान भाजपा विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा कि बिजली की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि और



जलभराव आदि विषयों पर चर्चा के लिये दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाना बहुत जरूरी है। गौरतलब है कि मंगलवार को भाजपा के विधायक विजेन्द्र गुप्ता, मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, अनिल वाजपेयी, जितेंद्र महाजन और अभय वर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने कहा कि दिल्ली में जारी ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा और उनके समाधान पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहते हैं ताकि दिल्ली सरकार की जवाबदेही तय की जा सके।

## पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने परियोजना को दी मंजूरी

# आश्रम से भैरो रोड टी-पॉइंट के बीच रोड का होगा सुदृढ़ीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार का लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) रिंग रोड पर आश्रम से भैरों रोड टी-प्वाइंट की बीच के रोड का सुदृढ़ीकरण करेगी। इस परियोजना को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने मंगलवार को मंजूरी दे दी है। परियोजना को मंजूरी देते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार का विजन अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हुए शहर में एक वर्ल्ड क्लास और सुरक्षित परिवहन नेटवर्क स्थापित करने पर है। इस दिशा में सरकार रिंग रोड जो दिल्ली में यातायात के लाइफ-लाइन की तरह है, शहर के विभिन्न हिस्सों को जोड़ती है और लाखों निवासियों के दैनिक आवागमन को सुविधाजनक बनाती है। उन्होंने कहा कि, इसके तहत रिंग रोड के प्रमुख रोड स्ट्रेच पर आश्रम से भैरो रोड टी-प्वाइंट तक



के सड़क का अपग्रेडेशन और सुदृढ़ीकरण करवाया जाएगा। ये पहल दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के विभिन्न क्षेत्रों की समग्र कनेक्टिविटी को बढ़ाते हुए दिल्ली के लोगों को सड़कों पर चलने के बेहतर अनुभव देने के विज़न का हिस्सा है। पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का दिल्ली के लोगों से वादा है कि दिल्ली की सड़कों को वर्ल्ड क्लास स्टैंडर्ड की सड़कों में तब्दील करेंगे और उनके नेतृत्त्व में दिल्ली की सड़कों को को बेहतर बनाने के लिए सरकार 'मिशन मोड' में काम कर रही है। परियोजना को मंजूरी देते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को निर्देश भी दिए कि,सुदृढ़ीकरण के दौरान सेफ्टी-सिक्योरिटी व क्वालिटी के सभी मानकों का प्रतिबद्धता से पालन हो और आवाजाही करने वालों को समस्या का सामना न करना पड़े।

**इस सड़क पर लाखों लोग करते हैं आवाजाही**

मंत्री आतिशी ने बताया कि 4.5 किमी लंबी ये सड़क रिंग रोड का महत्वपूर्ण स्ट्रेच है। इस पर रोजाना लाखों लोग आवागमन करते हैं। ऐसे में भारी ट्रैफिक के कारण सड़क की ऊपरी सतह पर कई जगह दरार देखे गये हैं। ऐसे में पीडब्ल्यूडी ने एक्सपर्ट्स की सहायता से सड़क का निरीक्षण किया है और पीडब्ल्यूडी मंत्री ने जल्द से जल्द इसके सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिये हैं।

**'कितनी भी बाधाएं आए लेकिन नहीं रुकने देंगे दिल्लीवालों के काम'**

पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि चाहे जितनी बाधाएं आए लेकिन जब तक अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री है, तब तक दिल्लीवालों के काम नहीं रुकेंगे। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि निर्माण के दौरान यात्रियों को कोई असुविधा न हो और निर्माण में उच्च गुणवत्ता वाली सड़कों के सभी मानकों का पालन किया जाए।

### शिक्षा अभियान का 124 करोड़ खर्च ही नही कर पाए केजरीवाल, गुणवत्ता नाम की चीज नहीं : डीपीसीसी

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) ने कहा है कि दिल्ली में शिक्षा में गुणवत्ता लाने में केजरीवाल सरकार का विश्वास नही है। आलम यह है कि पिछले वर्ष समग्र शिक्षा अभियान का 124 करोड़ का फंड ही खर्च नही कर पाई केजरीवाल सरकार। डीपीसीसी अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि केजरीवाल सरकार आखिर क्या छिपाना चाहती है। क्या केजरीवाल को अपने विज्ञापन आधारित शिक्षा मॉडल की पोल खुल जाने का डर है। अगर डर नहीं तो केंद्र की योजनाओं से सपोर्ट क्यों नहीं लेना चाहते? उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार से दिल्ली सरकार को पिछले वर्ष जो फ़ंड मिला उसमें से 124 करोड़ खर्च नहीं करना, दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री की असंवेदनशीलता जाहिर होती है। केजरीवाल सरकार के शिक्षा मॉडल पर कटाक्ष करते हुए यादव ने कहा कि भाजपा की तर्ज पर केजरीवाल सरकार ने भी 31 स्कूल ऑफ एक्सेलेंस को मिलने वाले फ़ंड पर क्यूँ रोक लगाई है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा समग्र शिक्षा अभियान जो देश भर के स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए कार्यक्रम बनाया था। परंतु भाजपा इस योजना को प्रधानमंत्री के नाम पर नहीं होने के कारण उन राज्यों में जहां भाजपा की सरकारें नहीं हैं, वहां केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने वाली राशि पर रोक लगा रही है।

### हरेला त्यौहार के मौके पर एक पौधा जरूर लगाएं : सचदेवा

नई दिल्ली। हरेला प्रकृति को समर्पित एक ऐसा त्यौहार है इसलिए इस त्यौहार पर हम सभी दिल्लीवासियों और खासकर उत्तराखंड के दिल्ली में रहने वाले लोगों को एक प्रण लें और इस हरेला त्यौहार के मौके पर एक पौधा जरूर लगाए। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली में बसे उत्तराखंड प्रवासियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को हरियाली के प्रतीक हरेला पर्व की शुभकामनाएं देते हुए यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को समर्पित यह कार्यक्रम पहाड़ की संस्कृति है जिसे हरियाली के रूप में पूरे देश ने अपनाया है। प्रदेश भाजपा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि उत्तराखंड के पूजनीय पर्व हरेला के उपलक्ष्य में मंगलवार को सुबह उत्तराखंड प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा से मुलाकात की और उन्हे हरेला पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड अपनी प्राकृतिक संपदा के लिए पूरे देश का गौरव है। दिल्ली के अंदर भी प्राकृतिक वातावरण को बढ़ावा देने पर हमें जोर देना चाहिए ताकि दिल्ली में प्रदूषण की समस्या से छुटकारा मिल सके। सचदेवा ने कहा कि लोक पर्वों को जिंदा रखना और उन्हें सिर्फ राज्य में ही नहीं पूरे देश में सम्मान दिलाने का काम भाजपा सरकार ने किया है।

तिगांव विधानसभा की पंचायत को गृहमंत्री ने किया सम्मानित


# अमित शाह ने पिछड़ा वर्ग के लिए हरियाणा सरकार के निर्णयों को सराहा

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने तिगांव के सरपंचों को सम्मानित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

तिगांव विधानसभा की तिगांव पंचायत को महेंद्रगढ़ में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में सम्मानित होने का अवसर प्राप्त हुआ है। अमित शाह यहां पिछड़ा वर्ग सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे थे। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने सरपंचों को सम्मानित किया।

विधायक राजेश नागर ने बताया कि अमित शाह हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने को लेकर कार्यकर्ताओं को शक्ति प्रदान कर गए हैं। उन्होंने हर वर्ग को छुआ, खासकर पिछड़ा वर्ग के लिए हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे निर्णयों की प्रशंसा की। जिसमें क्रीमी लेयर की सीमा



को छह से बढ़ाकर आठ लाख किए जाना प्रमुख रहा। इसमें परिवार को मिलने वाले वेतन और कृषि आय को भी नहीं जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने पंचायतों और नगर निगम में आरक्षण को पांच प्रतिशत बढ़ाने की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में विकास कार्य चल रहे हैं और अनेक कार्य पूर्ण भी हो चुके हैं। वहीं अन्य अनेक प्रोजेक्ट के टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। भाजपा की सरकार ने बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों को हरी झंडी दी है। हमारे पास सरपंच अपनी मांगों को लेकर आते हैं और हम भी मुखिया के सामने उसे रख देते हैं, जिस पर तुरंत ही मंजूरी मिल जाती है। हमारे मुखिया नायब सिंह सैनी ने बजट की कमी न आने देने की बात पहले ही कह कर सभी का दिल जीत लिया है।

### तिगांव विस क्षेत्र में 85 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य हुए

तिगांव पंचायत में पिछले करीब नौ वर्षों में 85 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य हुए हैं जो कि क्षेत्र में एक रिकॉर्ड है। ऐसे छह सरपंचों को महेंद्र गढ़ में सम्मानित किया गया है। इनमें एक हमारी तिगांव के सरपंच विक्रम प्रताप नागर भी हैं। जिससे हमें गर्व करने का अवसर प्राप्त हुआ है। विधायक ने कहा कि ऐसा नहीं है कि विक्रम प्रताप नागर को यह किसी की कृपा मिली है बल्कि यह इस पंचायत की सक्रियता है कि यहां 85 करोड़ रुपए के कार्य हुए और पंचायत को सम्मान प्राप्त हुआ है। मैं सभी सरपंचों से कहता हूं कि अपने क्षेत्र में नवीन विचार और योजनाएं लेकर आएं। हम उन्हें मंजूरी दिलाने के लिए भरसक प्रयत्न करेंगे। इससे क्षेत्र की जनता को अधिक सहूलियत मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### 5 एफ ब्लॉक निवासियों ने किया पौधरोपण

**फरीदाबाद।** एनएच 5 स्थित एफ ब्लॉक के निवासियों ने पार्क में अभियान चलाकर पौधे रोपे। मौके



पर मुख्य अतिथि के रूप में थाना एनआईटी के एएसआई राकेश कुमार, निर्वतमान पार्षद जसवंत सिंह, समाजसेवी परविन्दर राजपाल सहित मंदिर महिला कमेटी की सदस्यों ने पौधे लगाए। एएसआई ने कहा कि हर वर्ष वर्षा ऋतु में पौधा रोपण कर बढ़ते प्रदूषण से लोगों को राहत देने का काम करते हैं।


### राकेश नव प्रयास सेवा संगठन के अध्यक्ष



**फरीदाबाद।** सामाजिक संस्था नवप्रयास सेवा संगठन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सदस्यों ने सर्वसम्मति से राकेश खटाना को संगठन का पुनः चेयरमैन बनाया गया। संगठन के संस्थापक सुनील यादव ने बताया कि हम उम्मीद करते हैं खटाना के कार्यकाल में संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा व कांवड़-रक्तदान शिविर सहित कई उत्सव मनाए जाएंगे।

### जुआ खिलाने वाले आरोपी गिरफ्तार, रुपए बरामद

**फरीदाबाद।** अपराध सेक्टर-48 की टीम ने जुआ खिलाने वाले आरोपी को गिफ्तार किया है।आरोपी



अमित गांव सारन का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने एरिया राजा चौक से जुआ खिलाते हुए काबू किया है। आरोपी तलाशी लेने पर आरोपी से 10100 रुपए नकद, 1 बाल पेन व सट्टा पर्ची बरामद हुई है। उसके खिलाफ थाना एसजीएम नगर में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

### वाहन चोर गिरफ्तार चोरी का ऑटो बरामद

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले



आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सोनू कुमार गांव शाहपुर, ओरंगाबाद बिहार हाल राजीव कॉलोनी सेक्टर-58 का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने सेक्टर-58 एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बताया कि ऑटो को समयपुर से बरामद किया है।

### एक किग्रा चरस सहित आरोपी को गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने एक आरोपी को नशा तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है।



आरोपी प्रवीन सिंह मूल रुप से उत्तराखंड के गांव कंदोला हाल सूर्या विहार पार्ट 3 पल्ला का रहने वाला है। अपराध शाखा टीम ने आरोपी को अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गस्त के दौरान पल्ला नया रोड के पास से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 1 किलो 6 ग्राम चरस बरामद हुई है।

संयुक्त आयुक्त ने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के बारे में अधिकारियों के साथ की बैठक

# सफाई, विकास, बागवानी, अतिक्रमण व टैक्स की शिकायतों का त्वरित समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

संयुक्त आयुक्त ने कार्यालय में सफाई व्यवस्था, विकास कार्य, बागवानी अतिक्रमण तथा टैक्स से संबंधित कार्य संभालने वाले अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों का दौरा कर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें तथा 7 दिन के भीतर एक्शन टेकन रिपोर्ट उनके कार्यालय में भिजवाएं।

नगर निगम गुरुग्राम की संयुक्त आयुक्त-3 सुमन भांखड़ ने जोन-3 क्षेत्र की व्यवस्था संभाल रहे अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र की समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करवाएं, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

संयुक्त आयुक्त ने कार्यालय में सफाई व्यवस्था, विकास कार्य, बागवानी अतिक्रमण तथा टैक्स से संबंधित कार्य संभालने वाले अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों का दौरा कर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें तथा 7 दिन के भीतर एक्शन टेकन रिपोर्ट उनके कार्यालय में भिजवाएं। कोताही किसी भी सूरत में सहन नहीं की जाएगी तथा कोताही बरतने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### घर-घर से कचरा एकत्रित करने की व्यवस्था सुदृढ़ करें

बैठक में उन्होंने कहा कि कुछ क्षेत्र या सड़कें जो अधिकृत वेंडिंग जोन नहीं हैं, लेकिन उसके बावजूद भी वहां पर रेहड़ी-पटरी द्वारा अतिक्रमण किया हुआ है, उस पर कार्रवाई करें।

इसके अलावा, घर-घर से कचरा एकत्रित करने की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, डिप्लॉयमेंट प्लान के अनुसान सफाई स्टाफ व मशीनरी उपलब्ध करवाने, लंबे समय से लंबित विकास कार्यों को पूरा करवाने, सभी ड्रेनेज की सफाई सुनिश्चित करने, सभी मैनहॉल कवर दुरुस्त करने तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने, चक्करपुर, सिकंदरपुर, सेक्टर-55, सेक्टर-45 व झाड़सा में सीवर ओवरफ्लो की समस्या का समाधान करने, पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने, सभी रेनवाटर हारवेस्टिंग को चालू करवाने, सीएम विंडो के माध्यम से प्राप्त अतिक्रमण संबंधी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने, नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सफाई, बागवानी,



सीएंडडी वेस्ट, पेयजल आपूर्ति, सीवरेज से संबंधित शिकायतों का जल्द समाधान सुनिश्चित करने, अवैध कचरा व मलबा डंपिंग पर अंकुश लगाने व रात्रि के दौरान निगरानी बढ़ाने तथा प्रॉपर्टी टैक्स संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए कैंप लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

बैठक में सहायक अभियंता वसीम अकरम, कृष्ण कुमार व राकेश जून, कनिष्ठ अभियंता रितेश व महेन्द्र तथा सफाई निरीक्षक जितेन्द्र कुमार सहित संबंधित ब्रांचों के कर्मचारी उपस्थित थे।

केंद्रीय आवास एवं शहरी मंत्रालय के निर्देशों की पालना

# महिला सफाई कर्मचारियों को पर्सनल हाइजीन के बारे में किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना में नगर निगम गुरुग्राम द्वारा 1 जुलाई से 31 अगस्त तक सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्रों की सफाई सुनिश्चित करने के साथ ही जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। उक्त विचार नगर निगम गुरुग्राम में कार्यरत सलाहकार डॉ. अनीता फलसवाल ने व्यक्त किए।

वे मंगलवार को सेक्टर-27 स्थित सामुदायिक केन्द्र में अभियान के तहत महिला सफाई कर्मचारियों के लिए आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थी। यह कार्यक्रम नगर निगम गुरुग्राम द्वारा एक प्रयास की ओर सामाजिक संस्था के सहयोग से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में महिला स्वच्छता कर्मियों को सैनेटरी पैड भी वितरित किए गए। महिला स्वच्छता कर्मियों को संबोधित करते हुए डॉ. फलसवाल ने माहवारी के समय कपड़े के स्थान पर सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया।

एक प्रयास संस्था की संस्थापिका नम्रता वर्मा, शीतू सक्सेना व नीति ने उपस्थित महिलाओं से कहा कि पर्सनल हाइजीन खुद को और अन्य लोगों को बीमारियों से बचाने का सबसे प्रभावी तरीका है। इसमें सिर्फ हाथ धोना ही नहीं, बल्कि पूरे शरीर की साफ-सफाई जरूरी है। महिलाओं के लिए अपनी पर्सनल हाइजीन का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। हाइजीन का ध्यान न रखना कई समस्याओं का कारण बन सकता है। हर जगह बैक्टीरिया और अन्य कीटाणु होते हैं, जो इंफेक्शन और कई रोगों का मुख्य कारण हैं। पर्सनल हाइजीन का ध्यान ना रखने के कारण हम इन बैक्टीरिया और कीटाणुओं के संपर्क में आकर बीमार पड़ सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर कुलदीप हिन्दुस्तानी, सुरभि राठौर, अजय का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में नगर निगम गुरुग्राम की महिला स्वच्छता कर्मी उपस्थित रहीं।

सीए तथा सीएमए की परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों को कांग्रेस नेता ने दी बधाई

# भानू व गरिमा ने रोशन किया फरीदाबाद का नाम



**फरीदाबाद।** सीए परीक्षा में देशभर में 32वां व फरीदाबाद जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सेक्टर-7 ई निवासी भानु गर्ग तथा सीएमए की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंकिंग में 9वां एवं फरीदाबाद में चौथा स्थान प्राप्त करने वाली उनकी बहन गरिमा गर्ग को कांग्रेस नेता लखन कुमार सिंगला ने उनके निवास पर पहुंचकर बधाई दी।

सिंगला ने गरिमा गर्ग को फूलों का बुक्का भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि इन दोनों बहनों ने अपनी प्रतिभा की बदौलत न केवल फरीदाबाद का बल्कि वैश्य समाज का नाम देश में रोशन किया है। दोनों बच्चों ने अन्य बच्चों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है । उन्होंने भानु गर्ग व गरिमा गर्ग के माता-पिता को भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए अच्छे संस्कारों की बदौलत बहनें नित-नई बुलंदियों को छू रही हैं और उन्होंने परमात्मा से कामना की। आने वाले समय में यह दोनों बेटियां उन्नति के नए मुकाम हासिल करें।

सोनीपत के रहने वाले हैं तीनों आरोपी

# कैब चालक पर लाठी, डंडों से हमला करने वाले 3 गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम ने कैब ड्राइवर के साथ ओवरटेक करने को लेकर लाठी व डंडे से मारपीट करने व गाड़ी का शीशा तोड़ने की घटना कारित करने वाले 3 युवकों को



पुलिस ने गिरफ्तार लिया है। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है।

विशाल उर्फ नारायण प्रताप सिंह निवासी सुखचैनपुर विधुना जनपद औरैया द्वारा टाटा नैक्सोन कार सवार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वादी के बुआ के लड़के अभय चौहान के साथ गाड़ी को ओवरटेक करने को लेकर गाड़ी को रास्ते में रोककर लाठी व डंडे से मारपीट करने व उनकी गाड़ी का शीशा तोड़ देने की थी। के प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए आज मंगलवार को थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम ने मुखबिर की मोहित निवासी पटेल नगर नियर पुलिस नाका सोनीपत, सागर निवासी नाथपुर थाना कुंडली सोनीपत हरियाणा तथा आकाश निवासी नाथपुर थाना कुंडली सोनीपत हरियाणा को छिजारसी कट के पास से घटना में प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हम लोग टाटा नेक्सोन कार से साहिबाबाद से सोनीपत हरियाणा की तरफ जा रहे थे । जहां पर रास्ते में सीआईएसएफ कट के सामने डिवाइडर पर गाड़ी एर्टिगा कार सामने आ गई थी। गाड़ी ओवरटेक करने को लेकर हमारा आपस में झगड़ा हुआ था।

# निगम आयुक्त ने सी एंड डी वेस्ट प्रोसेस के लिए नियुक्त ठेकेदार के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



निगम आयुक्त ए मोना श्रीनिवास ने सी एंड डी वेस्ट को निगम क्षेत्र से उठाने तथा इसको प्रोसेस करने के लिये नियुक्त किये गये ठेकेदार के साथ एक बैठक की जिसमें ठेकेदार के अलावा निगम के अतिरिक्त आयुक्त, अधीक्षण अभियन्ता तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में महीनों से बंद पड़े सी एंड डी वेस्ट प्लॉट को दोबारा शुरू करने के बारे में विस्तार से चर्चा की गई तथा ठेकेदार को निर्देश दिए कि निगम क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पड़े वेस्ट को तुरन्त उठाने और प्रोसेस करने के कार्य को शीघ्र आरम्भ करें।

बैठक में ठेकेदार ने भी आयुक्त श्रीनिवासन को आश्वासन दिया कि वह निगम क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पड़े सी एंड डी वेस्ट को उठाने तथा प्लॉट को शीघ्र शुरू करेगा।

निगम आयुक्त ने आगे बताया कि निगम क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्र में पड़े सी एंड डी वेस्ट हट जाने से सफाई व्यवस्था में भी सुधार होगा।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **परमजीत सिंह सेठी पताः ई—52, रघुबीर नगर, नई दिल्ली ने एफआईआर नं. 453/2022 धारा 420/468/471/120बी/34 भा.द.स. के तहत** थानाः मंगोल पुरी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **परमजीत सिंह सेठी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **परमजीत सिंह सेठी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर नं. 453/2022 धारा 420/468/471/120बी/34 भा.द.स. के तहत थाना मंगोलपुरी, दिल्ली के उक्त परमजीत सिंह सेठी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.09.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**ऋषभ कपूर**
**महानगरीय मजिस्ट्रेट—05**
**नॉर्थ—वेस्ट जिला कमरा नं.105,**
**रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**

DP/9117/OD/2024


# 4 साल से फरार 25 हजार की इनामी महिला को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



क्राइम ब्रांच पुलिस ने थाना कौशाम्बी में एक आपराधिक मामले में 4 वर्षो से फरार 25हजार रुपए के इनामी महिला को गिरफ्तार किया है। एडीसीपी सच्चिदानन्द ने बताया कि गिरफ्तार महिला का नाम संतोष सचान है।

जिसे अंसल प्लाजा चिरंजीव बिहार थाना कविनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।वह पिछले 4 वर्षो से फरार चल रही थी। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन जोन ने 25 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया था।

### बैंक के साथ धोखाधड़ी का मामला

पूछताछ पर अभियुक्ता ने बताया कि उसकी चिरंजीव बिहार में कपड़े की दुकान हैं। पूर्व में वह सेक्टर 23 संजय नगर गाजियाबाद में रहती थी, उसका एक प्लॉट स्वर्ण जयंती पुरम में था। जिसको 2009 में बेच दिया था। उसके बाद से अन्य मकान सेक्टर 9 चिरंजीव बिहार में रहने लगी। पूछताछ से पता चला कि 2018-2019 में शैलेश कुमार निवासी एस 5 द्वितीय तल कृष्णा आपरा कॉम्पलेक्स कौशाम्बी ने बैंक मैनेजर डेबिड दांहगा व संतोष सचान के साथ मिली-भगत कर फर्जी दस्तावेज लगाकर नोबल कोऑपरेटिव बैंक लि. से 3 लोन क्रमशः 35 लाख, 27 लाख व 7 लाख रुपए लिए थे, जिसमें संतोष ने गारंटी ली थी और गारंटी में अपनी उस प्रॉपर्टी के कागजात लगाए थे जो पहले ही बेची जा चुकी थी। राघव भारद्वाज डिप्टी सीईओ नोबल कोऑपरेटिव बैंक लि. सेक्टर 22 नोएडा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर थाना कौशाम्बी पर मुकदमा पंजीकृत कराया था ।


## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** 42 साल, **लिंगः** पुरूष, **कदः** 5 फुट 6 इंच, **रंगः** गेहुँआ, **चेहराः** अण्डाकार, **शरीरः** सामान्य, **बालः** सामान्य ग्रे **पहनावाः** सफेद रंग की टी—शर्ट और नीले रंग की हॉफ पैन्ट **पहचान चिन्हः** दाहिने हाथ पर न पहचाने योग्य टैटू का निशान, **बरामदी स्थलः** जो बाबा हरीदास कॉलोनी, नजदीक बाबा हरीदास मंदिर वाली गली टिकरी बार्डर, दिल्ली में मृत अवस्था में पाया गया। इस संदर्भ में **DD No. 75A,** दिनांक **10.07.2024,** थानाः मुण्डका, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थाना प्रभारी**
**थानाः मुण्डका, दिल्ली**
**फोनः 7065036125**

DP/9240/OD/2024



## हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

**बेज नं. 67–70, सेक्टर–2, पंचकूला–134151**
**( www.hssc.gov.in )**

### सार्वजनिक सूचना

**पुलिस विभाग, हरियाणा के विज्ञा. सं. 06/2024, श्रेणी सं. 01 के तहत पुरुष कांस्टेबल (जीडी) के पद हेतु पीएमटी के लिए सूचना दिनांक 14.07.2024 के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु उम्मीदवारों को सूचना**

यह उम्मीदवारों की जानकारी हेतु है, यह स्पष्ट किया जाता है कि कुछ उम्मीदवारों को सामान्य श्रेणी में शॉर्टलिस्टेड किया गया है जबकि वे आरक्षित श्रेणी में आवेदन कर चुके थे। इसके लिए कारण है कि इन उम्मीदवारों का आरक्षित श्रेणी हेतु दावा वैध नहीं पाया गया है (नीचे वर्णित कारणों की वजह से) परन्तु उनका स्कोर सामान्य श्रेणी हेतु शॉर्टलिस्टिंग कटऑफ से अधिक है। उम्मीदवारों का विवरण आयोग की अधिकारिक वेबसाइट अर्थात **www.hssc.gov.in** पर उपलब्ध है।

**स्थान : पंचकूला** — **हस्ता/- सचिव**
**दिनांक : 15 जुलाई 2024** — **हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
संवाद–1159/13/640/2025/27836/88/7 दि. 16.07.24 — **पंचकूला**



## हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

**बेज नं. 67–70, सेक्टर–2, पंचकूला–134151**
**फोन नं. 0172–2586501, वेबसाइट : www.hssc.gov.in**

### सार्वजनिक सूचना

एलपीए 1037/2023 में माननीय उच्च न्यायालय निर्णय दिनांक 31.05.2024 के मद्देनजर, आयोग सार्वजनिक सूचना दिनांक 25.06.2024 के तहत सीईटी ग्रुप–सी का संशोधित परिणाम अपलोड कर चुका है। अब, उक्त निर्णय में माननीय उच्च न्यायालय निर्देशों के आगे अनुपालन में, नया विज्ञापन जारी किया जाना है। अतः, विज्ञापन सं. 03/2023 के तहत विज्ञापित ग्रुप नं. 6 (कॉमर्स ग्रुप) में ग्रुप–सी पदों को एतद द्वारा वापस लिया गया है। उसके पश्चात द्वितीय चरण में ग्रुप नं. 6 (कॉमर्स ग्रुप) पुनः विज्ञापित किया गया है। उपरोक्त ग्रुप–सी पदों के पुनः विज्ञापित करने के पश्चात सीईटी ग्रुप–सी क्वालीफाइड उम्मीदवारों से नये आवेदन आमंत्रण के लिए ऑनलाइन पोर्टल लाइव किया गया है। सभी उम्मीदवार जो विज्ञा. सं. 03/2023 के माध्यम से आवेदन कर चुके हैं, को नये सिरे से अवश्य आवेदन करना चाहिए, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी पर भर्ती की आगे प्रक्रिया हेतु विचार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों को 31.07.2024 (अप. 11.59 बजे) तक लिंक https://adv072024.hryssc.com/ पर पधार कर इन पदों के लिए आवेदन करने का परामर्श दिया जाता है। उसके पश्चात लिंक अयोग्य बन जाएगा।

पुनः विज्ञापित पदों से सम्बन्धित अन्य विवरण सम्बन्धित विज्ञापन दस्तावेज में वर्णित किए गए हैं। उम्मीदवारों को उपयुक्त रूप से विज्ञापन दस्तावेज को पढ़ने का और तब पदों के लिए आवेदन करने का परामर्श दिया जाता है।

- यदि किसी उम्मीदवार के पास ऑनलाइन आवेदन से सम्बन्धित कोई शिकायत है, इसको कैंडीडेट लॉगइन में ग्रीवेंस मैनेजमेंट मेनु पर पधारकर ऑनलाइन उठाया जा सकता है। किसी शिकायत से सम्बन्धित कोई आग्रह आयोग द्वारा ऑफलाइन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**स्थान : पंचकूला** — **हस्ता/- सचिव**
**दिनांक : 15 जुलाई 2024** — **हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
संवाद–1159/13/645/2025/27876/88/7 दि. 16.07.24 — **पंचकूला**

चुनौतियों के बावजूद यूपी के विंध्य व बुंदेलखंड में पानी उपलब्ध करवाया

# 84 फीसदी से अधिक ग्रामीण घरों में पहुंच रहा है पानी

## केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने यूपी में नल से जल पहुंचाने की मुहिम को सराहा

योगी सरकार की तरफ से नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि कैसे तमाम चुनौतियों को पीछे छोड़ते हुए यूपी ने विंध्य और बुंदेलखंड के ज्यादातर परिवारों में पानी के कनेक्शन उपलब्ध करवाया गया है। केंद्रीय मंत्री ने घर में नल से पानी पहुंचाने की मुहिम को लेकर यूपी की प्रगति की सराहना की है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन की प्रगति की स्थिति पर केंद्र सरकार ने योगी सरकार की तारीफ की है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने नई दिल्ली में यूपी में जल जीवन मिशन की प्रगति का जायजा लिया।

### यूपी ने किया शानदार काम

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने यूपी की तारीफ करते हुए कहा कि हर घर में नल से पानी पहुंचाने की मुहिम को यूपी ने शानदार तरीके से अंजाम दिया है। अब बारी है



लोगों को जागरुक करने की। ग्रामीणों को इस बात के लिए जागरुक किया जाना चाहिए कि पानी की एक-एक बूंद बेहद अनमोल है। इसका संरक्षण जरूरी है। उन्होंने यूपी को इसके लिए अलग से अभियान चलाने को कहा है।

### योगी सरकार के प्रयास की तारीफ

योगी सरकार की तरफ से नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि कैसे तमाम चुनौतियों को पीछे छोड़ते हुए यूपी ने विंध्य और बुंदेलखंड के ज्यादातर परिवारों में पानी के कनेक्शन उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने पूर्वांचल, पश्चिम उत्तर प्रदेश और प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी योजना की प्रगति का ब्योरा केंद्र सरकार के सामने रखा। केंद्रीय मंत्री ने इस पर यूपी की प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी ने सोचा तक नहीं था कि बुंदेलखंड जैसे क्षेत्र की महिलाओं को पानी ढोने की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हम ऐसा करने में कामयाब रहे हैं। बैठक में केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल, यूपी सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री वी. सोमन्ना, डॉ. राजभूषण चौधरी, केंद्रीय पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय की सचिव विनी महाजन, यूपी सरकार के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बेटे ने केरोसिन डालकर मां को जिंदा जलाया

**अलीगढ़।** खैर थाना परिसर में मंगलवार को एक महिला पर उसी के बेटे ने केरोसिन डालकर आग



लगा दी। महिला करीब पांच मिनट तक आग से झुलसती रही। पुलिसकर्मियों ने मिट्टी आदि डालकर आग को बुझाया। महिला 70 फीसद तक झुलस गई है। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे जेएन मेडिकल कालेज सेंटर में रेफर किया गया है। खैर क्षेत्राधिकारी ने बताया कि उसके बेटे से पूछताछ की जा रही है।

### भाई ने बहन को सोते में कुल्हाड़ी से काट डाला

**मेरठ।** दौराला थानाक्षेत्र के रूहासा गांव में एक व्यक्ति ने बहन की



कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। बताया गया कि बेची गई दो बीघा जमीन के 20 लाख रुपयों को लेकर भाई-बहन में विवाद हो गया। जिस पर भाई ने दीवान बेड पर लेटी बहन की गर्दन पर कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद आरोपी पत्नी संग भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

योगी सरकार का बड़ा फैसला

# शिक्षकों के विरोध के बीच स्थगित की गई ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था

मुख्य सचिव के साथ शिक्षक संगठनों की बैठक के बाद लिया गया फैसला, बीती आठ जुलाई को लागू की गई थी यह व्यवस्था, शिक्षक लगातार कर रहे थे



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के साथ शिक्षक संगठनों की बैठक के बाद यह फैसला लिया गया है। अब एक कमेटी का गठन होगा जिसमें अधिकारियों के साथ-साथ शिक्षाविद भी होंगे और फिर इसे लागू किया जाएगा।

बीती आठ जुलाई को यह व्यवस्था लागू की गई थी और तब से शिक्षक लगातार इसका विरोध कर रहे थे। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा और उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने सरकार के इस निर्णय पर खुशी जताई है।

### इंटरनेट कनेक्टिविटी भी रहा एक बड़ा मुद्दा

शिक्षकों का तर्क था कि दूरदराज के गांवों में खराब इंटरनेट कनेक्टिविटी के कारण ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना मुश्किल हो जाता है। बरसात के मौसम में, कई स्कूलों में पानी भर जाता है, जिससे समय पर उपस्थिति दर्ज कराना और भी मुश्किल हो जाता है। शिक्षकों को डर था कि इन समस्याओं के कारण देरी से पहुंचने पर उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा और उनकी छुट्टियां काट ली जाएंगी। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ (यूपीपीएसएस) के एक सदस्य का कहना था कि कई संगठनों ने कहा कि डिजिटल उपस्थिति का सरकारी आदेश 'अव्यावहारिक' है क्योंकि शिक्षक उपस्थिति दर्ज कराने के लिए हर दिन समय पर स्कूल नहीं पहुंच सकते। स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने एक आदेश जारी कर शिक्षकों और कर्मचारियों को 8 जुलाई से डिजिटाइज रजिस्टर ऐप पर स्थान के साथ अपनी वास्तविक समय की उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश दिया था।

### विपक्षी दल भी शिक्षकों का पक्ष में खड़े रहे

परिषदीय स्कूलों के शिक्षक पिछले एक हफ्ते से लगातार इसके विरोध में आंदोलनरत थे। विपक्षी दल भी शिक्षकों का पक्ष में खड़े रहे। पहले सपा और कांग्रेस ने उनकी आवाज उठाई थी। मंगलवार को बसपा प्रमुख मायावती ने भी बयान दयिा था। मायावती ने अपनी पोस्ट में लिखा, बिना तैयारी शिक्षकों पर ऑनलाइन हाजिरी को थोपा जाना ठीक नहीं है। परिषदीय स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की काफी कमी है। शिक्षकों के भी बड़ी संख्या में पद खाली हैं। ऐसे में पहले शिक्षकों के खाली पद भरे जाएं और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि अच्छी गुणवत्ता की पढ़ाई सुनिश्चित हो सके।

पेपर चुराने में गिरोह की मदद की थी

# नीट पेपर लीक मामले में हजारीबाग युवक सीबीआई के काबू में

एजेंसी ▶▶ धनबाद

नीटयूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें से एक शख्स की गिरफ्तारी झारखंड के हजारीबाग से हुई। इस युवक पर आरोप है कि इसने हजारीबाग में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के बक्से से कथित तौर पर नीट-यूजी का पेपर चुराने वाले मुख्य आरोपी की मदद की थी। बोकारो के रहने वाले मुख्य आरोपी पंकज कुमार को मंगलवार को ही बिहार के पटना से गिरफ्तार किया गया है।

इस बात की जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई ने हजारीबाग से राजू सिंह नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसने कथित तौर पर पंकज कुमार को पेपर चुराने और गिरोह के अन्य सदस्यों को देने में मदद की थी। साथ ही अधिकारियों ने बताया कि पेपर चुराने का मुख्य आरोपी पंकज नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जमशेदपुर का 2017 बैच का सिविल इंजीनियर है। उस पर आरोप है कि उसने ही हजारीबाग




■ गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 14 तक पहुंच गई

में एनटीए ट्रंक से नीट-यूजी पेपर चुराया था। इन दो गिरफ्तारियों के बाद मेडिकल प्रवेश परीक्षा में लीक, नकल और अन्य अनियमितताओं से संबंधित मामलों में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या अब 14 हो गई है। बता दें कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही सीबीआई ने इस मामले में 6 एफआईआर दर्ज की हैं। इनमें से बिहार में दर्ज मामले पेपर लीक होने से संबंधित है, जबकि गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र में दर्ज बाकी एफआईआर असली उम्मीदवारों के स्थान पर दूसरे के परीक्षा देने और धोखाधड़ी से संबंधित हैं।

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी अध्यक्ष...

सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी, एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी, पंचायती राज मंत्री लल्लन सिंह, सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्र कुमार, नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू, आदिवासी मामलों के मंत्री जुएल ओराम, महिला एवं बाल कल्याण मंत्री अन्नपूर्णा देवी, खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान और राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार राव इंद्रजीत सिंह को विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है। बता दें कि पिछली बार पदेन सदस्यों में कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर थे। इस बार कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और वित्त मंत्री के साथ पदेन सदस्य बनाया गया है। विशेष आमंत्रित में पिछली बार पीयूष गोयल और अश्विनी वैष्णव भी थे, लेकिन इस बार इन दोनों को शामिल नहीं किया गया है। उनकी जगह सहयोगी दलों के सभी वरिष्ठ मंत्रियों को जगह दी गई है। यह मोदी 3.0 में सहयोगी दलों के बढ़ते महत्व को दर्शाता है।

### थिंक टैंक के रूप ...

की घोषणा की। नीति आयोग की पहली बैठक की अध्यक्षता 8 फरवरी 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी।

### बिहार के दिग्गज नेता...

ग्रामीण एसपी काम्या मिश्रा के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया है। निर्मम हत्या के बाद पुलिस को मिले तीन गिलास और तीन बाइक ने मर्डर मिस्ट्री को उलझा दिया है। गिलास और बाइक मिलने से शक है कि हत्याकांड में कम से कम दो-तीन लोग शामिल रहे होंगे। गिलास में क्या पिया गया, पुलिस इसकी जांच करवा रही है। आशंका है कि परिचित रहे लोग हत्या के बाद घर अंदर से बंद करके पीछे के रास्ते से भागे। घर अंदर से बंद होने के कारण चोरी या लूट के दौरान हत्या होना भी जांच का एक एंगल है लेकिन जिस बर्बर तरीके से मारा गया है, उससे लगता है कि हत्यारा गुस्से में था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस दो संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एडीजी जेएस गंगवार ने कहा है कि जल्द ही मर्डर केस का पर्दाफास हो जाएगा।

### आरोपियों ने बक्से...

है। बता दें कि सीबीआई द्वारा नीट मामले में अबतक की सबसे बड़ी गिरफ्तारियां हैं। सीबीआई ने एक ट्रंक का वीडियो भी शेयर किया है। बताया गया कि ये वही ट्रंक है जिनमें नीट पेपर हजारीबाग आए थे। इन्हीं ट्रंक से पंकज उर्फ आदित्य ने पेपर चुराकर आगे भेजे थे। सीबीआई के मुताबिक, पेपर को हजारीबाग से ट्रंक से चोरी करके आगे डिस्ट्रीब्यूट करने वाला मास्टरमाइंड है पंकज उर्फ आदित्य है, इसकी गिरफ्तारी पटना से और इसके साथी राजू ने पेपर डिस्ट्रीब्यूट किया था। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इन दो गिरफ्तारियों के साथ ही मेडिकल प्रवेश परीक्षा में लीक, नकल और अन्य अनियमितताओं से संबंधित मामलों में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या अब 14 हो गई है।

### बजट पूर्व हलवा...

शामिल हुईं और उन्होंने परंपरा के तौर पर हलवा बांटा। यह हर साल होने वाली समारोह है जिसमें हलवा तैयार किया जाता है और बजट की तैयारी में शामिल रहे वित्त मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को परोसा जाता है। यह समारोह दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक के 'बेसमेंट' में आयोजित किया जाता है। यहीं पर प्रिटिंग प्रेस है। वित्त मंत्रालय नार्थ ब्लॉक में ही स्थित है। इसमें वित्त मंत्री और अन्य उच्च पदस्थ अधिकारी शामिल हुए।

### 200 सांसदों को छोड़ना...

संपदा निदेशालय मंत्रियों को बंगले आवंटित करता है। जानकार बताते हैं कि अभी तक नये मंत्रियों को कोई बंगला आवंटित नहीं किया गया है।

**सबसे शानदार टाइप 8 बंगले:** टाइप 8 बंगलों को कैबिनेट मंत्री, सुप्रीम कोर्ट के जज, पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व राष्ट्रपति, पूर्व उपराष्ट्रपति और वित्त आयोग के अध्यक्ष को आवंटित किया जाता है। टाइप 8 बंगले सबसे शानदार माने जाते हैं। टाइप 8 बंगला करीब 3 एकड़ में फैला होता है। इसमें पांच बेडरूम, एक हॉल, एक डाइनिंगरूम और एक स्टडी रूम होता है। अतिथियों से मुलाकात के लिए एक बैठक और एक सर्वेन्ट क्वार्टर भी होता है। टाइप 8 बंगले जनपथ, त्यागराज मार्ग, कृष्णा मेनन मार्ग, अकबर रोड, सफदरजंग रोड, मोतीलाल नेहरू मार्ग और तुगलक रोड पर बने हुए हैं।

**स्मृति सहित कई पूर्व मंत्रियों ने खाली किए बंगले:** स्मृति ईरानी सहित 4 से अधिक पूर्व केंद्रीय मंत्रियों ने अब तक लुटियंस दिल्ली स्थित अपने सरकारी बंगले खाली कर दिए हैं। बता दें कि पूर्व मंत्री स्मृति ने इसी महीने की शुरुआत में लुटियंस दिल्ली में 28 तुगलक क्रिसेंट स्थित अपना सरकारी बंगला खाली कर दिया था। इस बीच, एक अन्य सूत्र ने बताया कि केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर को 83 लोधी एस्टेट स्थित बंगला अलॉट किया गया है, जो पहले एक पूर्व केंद्रीय सूचना आयुक्त के पास था।

**खुद खाली नहीं किया तो निकाला जाएगा घर से:** आधिकारिक सूत्र बताते हैं कि पुराने सांसदों को अभी तक घर खाली कर देना चाहिए था। चूंकि समय सीमा खत्म होने के बाद भी वे सरकारी बंगलों पर कब्जा जमाए बैठे हैं, इसलिए उन्हें घर खाली करने के नोटिस दिए गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि अगर नोटिस के बाद भी घर खाली नहीं हुए तो पूर्व सांसदों को घर से निकालने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### रक्षा मंत्रालय ने जारी...

चार सूचियों के जरिए 4 हजार 666 वस्तुओं के आयात पर रोक लगाई जा चुकी है। इनमें 2 हजार 972 का आयात प्रतिस्थापन मूल्य 3 हजार 400 करोड़ रुपए है। इन सूचियों में अत्यधिक जटिल प्रणालियां, सेंसर, हथियार और गोला बारूद शामिल हैं।

एडीजे विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट रामकिशोर-3 की अदालत ने सुनाया फैसला

# नौ साल के बच्चे से कुकर्म-हत्या के दोषी को फांसी की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मथुरा


**एक लाख, 20 हजार का जुर्माना भी लगाया, अदालत में फूट-फूट कर रोने लगा दर्याव**

कोसीकलां में 21 जून 2022 को नौ साल के बच्चे की कुकर्म के बाद गला दबाकर हत्या और शव को फांसी के फंदे पर पेड़ से लटकाने के दोषी को कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। मंगलवार दोपहर एडीजे विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट रामकिशोर-3 की अदालत से यह फैसला आया। फांसी की सजा का आदेश सुनते ही दोषी अदालत में फूट-फूट कर रोने लगा। 1 लाख 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वारदात 21 जून 2022 की शाम हुई थी। कोसीकलां के नगला मेव गांव में खाली पड़े मकान के नौहरे में लगे पेड़ पर उसी गांव के नौ साल के बालक का शव लटका हुआ मिला था। बालक अकसर उस नौहरे में अपने गांव के दोस्तों के साथ खेलने जाता था। पुलिस ने पहुंचकर शव को फंदे से उतारते हुए पोस्टमार्टम को भेजा था। परिवार वालों ने पुरानी रंजिश के चलते हत्या का आरोप लगाते हुए गांव की एक महिला सहित आठ लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया था। पुलिस ने 22 जून को पोस्टमार्टम कराया। इसमें बच्चे के साथ कुकर्म और उसकी गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई। इस पर पुलिस का माथा ठनका। पुलिस ने गहनता से क्राइम सीन की पड़ताल की तो वहां इस्तेमाल किए हुए निरोध मिले। पुलिस ने उनको संरक्षित कर एफएसएल जांच को भेजा। आगरा जोन के इंस्पेक्टर अनुज राणा उस वक्त कोसीकलां थाने के प्रभारी थे। उन्होंने जिस व्यक्ति का वह खंडहर मकान था। उसकी पड़ताल की। उसका मेवात में रहना पाया गया। मगर, उसका एक भाई दर्याव, जो कि वारदात के समय करीब 42 वर्ष का था। वह उसी गांव में रहता था। उसी की देखरेख में वह खंडहरनुमा मकान था। पुलिस को गांव के बच्चों से पता लगा कि कभी-कभी दर्याव भी बच्चों के साथ खेलने को आ जाता था। पुलिस ने दर्याव से पूछताछ की तो शुरुआत में उसने बताया कि वह सब्जी विक्रेता है और घटना वाले दिन वह सब्जी बेचने गया था। ताजा घटना होने के चलते पुलिस ने तत्काल उसके द्वारा बताए सब्जी बेचने के स्थान पर जाकर सीसीटीवी फुटेज खंगाले। मगर, उसकी वहां मौजूदगी नहीं पाई गई। इतना ही नहीं, पुलिस ने उसके ग्राहकों से भी पूछताछ की। इसके बाद पुलिस ने उसका सीमन, खून, नाखून, बाल आदि सैंपल लेकर जांच को आगरा एफएसएल भेजे। एफएसएल रिपोर्ट में पुष्टि हुई की घटनास्थल से पाए गए निरोध में भरा सीमन व दर्याव का सीमन एक ही है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज सोनीपत | गांव एसपी माजरा, ब्लॉक गोहाना में बिरबडा तालाब से जुगती राम बैरागी के खेत तक बीओईपी रास्ता का निर्माण। | बंद होने की तिथि 19.07.2024 | 6.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 2 | पंचायती राज सोनीपत | भटगांव माल्याण रोलान पाना, ककरोई, गढी हकीकत, ककरोई, ब्लॉक सोनीपत में शमशान घाट में शैड रास्ता हैंडपम्प चारदिवारी, कब्रिस्तान का निर्माण + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 25.07.2024 | 102.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज करनाल | गांव बस्ताली, ब्लॉक निसिंग, जिला करनाल में सामान्य सामुदायिक हॉल का निर्माण, स्कीम वीएएनजीवाई 2024-25 + 2 कार्य। | 15.07.2024 30.07.2024 | 23.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज फतेहाबाद | धांगर - गांव धांगर, ब्लॉक फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद में एससी शमशान घाट में पानी के टैंक का निर्माण एचआरडीएफ + 25 कार्य। | 12.07.2024 19.07.2024 | 226.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 23085501667 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा हिसार | आउटलेट आरडी 8000/आर जुगलान सब माइनर (यूजीपीएल) पर वाटरकोर्स की रिमॉडलिंग / पुनः स्थापना + 10 कार्य। | 15.07.2024 24.07.2024 | 738.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 222856403 xenconst6hsr@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा हिसार | आरडी 0 से 58000 टेल तक बधावर डिस्टी. की रिमॉडलिंग + 1 कार्य। | 15.07.2024 06.08.2024 | 1269.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 222856403 xenconst6hsr@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज मोरनी, पंचकूला | गांव चपलाना में भगवानी हेमराज के खेत के लिए जल संग्रहण टैंक का निर्माण, गांव धामन, जीपी भोज टिपरा ब्लॉक मोरनी एसडीए में गली में आर/वॉल का निर्माण। | 15.07.2024 22.07.2024 | 6.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | कालांवाली ग्रामीण :- गांव में राइजिंग मेन और वितरण पाइप लाइन बिछाना, वी/एस पर यूजीआर, पम्प चेम्बर, चारदिवारी के निर्माण, मशीनरी का पी/एफ और जलघर पर विविध कार्य हेतु डीएनआईटी। कालांवाली ग्रामीण :- सीएच. टू कालांवाली ग्रामीण :- गांव कालांवाली जिला सिरसा में वितरण प्रणाली के अपग्रेडेशन और बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण हेतु आकलन (माननीय सी.एम. द्वारा जन संवाद के दौरान मांग) [कार्य कोड : पीयूएच/2023-24/95875] {हैड-पी-01-38-4215-01-102-93-94- एन-वी-ग्रामीण जलापूर्ति (एसपी)-जलापूर्ति संवर्धन} + 3 कार्य। | 15.07.2024 22.07.2024 | 377.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 9 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र जिले में लाडवा निर्वाचन क्षेत्र में हार्ड शॉल्डरिंग और मजबूतीकरण/सुधार सहित 8 अदद रोड को चौड़ा करना, 1. अकालगढ़ से बाबैन वाया सुनारियां (रोड आईडी 7918) 2. जीटी रोड से बाबैन रोड से कौलापुर मोरथला (रोड आईडी 7943), 3. रामनगर से कांडोली (रोड आईडी 7931), 4. एनडीआरआई चौक से शाहबाद लाडवा रोड (रोड आईडी 7946) वाया लोनिवि विश्राम गृह, लाडवा, 5. लाडवा मुस्तफाबाद रोड से गंगोरी (रोड आईडी 7982), 6. मेहरा से शाहजादपुर (रोड आईडी 7986), 7. शाहबाद लाडवा रोड से नारायणगढ़ (रोड आईडी 8092), 8. संधौर रोड से राम सरन का माजरा (रोड आईडी 7924) | 05.07.2024 25.07.2024 | 373.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744257271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र जिले में लाडवा निर्वाचन क्षेत्र में हार्ड शॉल्डरिंग और मजबूतीकरण/सुधार सहित 8 अदद रोड को चौड़ा करना, 1. सहारनपुर कुरुक्षेत्र रोड से लोहारा से निवारसी डबखेड़ा (रोड आईडी 7959), 2. बड़शामी से जांधेरा छलौंडी (रोड आईडी 7967), 3. समालखा से हरिजन बस्ती (रोड आईडी 7988), 4. जांधेरा से जांधेरा स्कूल (रोड आईडी 7991), 5. छलौंडी से छलौंडी स्कूल (रोड आईडी 7992), 6. सहारनपुर कुरुक्षेत्र स्मालखी से खेड़ी डबडलैन (रोड आईडी 9382), 7. छापार से बरोंदा (रोड आईडी 9974), 8. सहारनपुर कुरुक्षेत्र रोड से मथाना वाया पावर हाउस (रोड आईडी 11866)। | 05.07.2024 25.07.2024 | 426.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744257271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 11 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र जिले में लाडवा निर्वाचन क्षेत्र में हार्ड शॉल्डरिंग और मजबूतीकरण/सुधार सहित 8 अदद रोड को चौड़ा करना, 1. टाटकी से बोदला (आईडी 7950), 2. सहारनपुर कुरुक्षेत्र रोड से सिरसामा से शादीपुर (आईडी 7953), 3. सहारनपुर कुरुक्षेत्र रोड से बिर मथाना से मुकारपुर (आईडी 7954), 4. सहारनपुर कुरुक्षेत्र रोड से छारपुर से मुकारपुर (आईडी 7956), 5. सहारनपुर कुरुक्षेत्र रोड से छारपुर से बोदला (आईडी 7962), 6. सहारनपुर कुरुक्षेत्र रोड से छारपुरा (आईडी 7955), 7. सहारनपुर कुरुक्षेत्र रोड से गादली (आईडी 7970), 8. लोहारा से गिरधरपुर (आईडी 7990)। | 05.07.2024 25.07.2024 | 481.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744257271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 12 | बीपीएस जीएमसी फॉर वीमेन खानपुर कलां सोनीपत | ईटीपी प्लांट का रखरखाव / मरम्मत। | 15.07.2024 22.07.2024 | 30000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9728972827 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 13 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टील ग्रेड एफई-410 के अद्यतन संशोधित अनुसार आईएस 4270/2001 से पुष्टिकृत, आकार 200 मिमी × 6.4 मिमी और 250 मिमी × 8.00 मिमी के आईएसआई मार्क्ड ईआरडब्ल्यू एम.एस. पाइप्स का वार्षिक दर अनुबंध। | 17.07.2024 16.08.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/260/27866/I/88/7 दि. 16.07.24



# 'मनोरथंगल' के ट्रेलर ने जीता फैंस का दिल

**नई दिल्ली।** अपकमिंग मलयालम एंथोलॉजी सीरीज़ 'मनोरथंगल' का पहला ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसे ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता लेखक और पटकथा लेखक-निर्देशक एमटी वासुदेवन नायर के जन्मदिन पर रिलीज किया गया। नायर द्वारा लिखित इस सीरीज़ में एक, दो नहीं बल्कि 9 सुपरस्टार्स नजर आने वाले हैं। इनमें सुपरस्टार ममूटी, मोहनलाल, फहद फासिल, कमल हासन, पार्वती थिरुवोथु और मधु जैसे कई बेहतरीन एक्टर्स का नाम शामिल हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद फैंस इसे ब्लॉकबस्टर मास्टरपीस कहते हुए नजर आ रहे हैं और रिएक्शन देते दिख रहे हैं।

## लाइफ Style

# जाह्नवी 'डिप्टी हाई कमिश्नर' बनीं



जान्हवी कपूर और गुलशन देवैया की मोस्ट अवेटेड स्पाई थ्रिलर फिल्म 'उलझ' का दमदार ट्रेलर 16 जुलाई को जारी किया गया। जंगली प्रोडक्शन की फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसमें सस्पेंस, एक्शन और ड्रामा तीनों का मिक्स देखने को मिला।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल अवॉर्ड-विनिंग डायरेक्टर सुधांशु सरिया के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में जान्हवी सबसे कम उम्र की डिप्टी हाई कमिश्नर सुहाना भाटिया का किरदार निभा रही हैं। उनके सिलेक्शन पर सवाल खड़े होते हैं। कुछ लोग आरोप लगाते हैं कि सुहाना की नियुक्ति में नेपोटिज्म का काफी हाथ है, क्योंकि वह एक समृद्ध परिवार से हैं। वह अपने डिपार्टमेंट में अपनी जगह बनाने के लिए काफी मशक्कत करती हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि जान्हवी लंदन एंबेसी की एक खबरी की तलाश में निकलती हैं और खुद ही उसके जाल में फंस जाती हैं। अपने ऊपर लगे देशद्रोह का आरोप हटाने के लिए और देश की रक्षा करने के लिए वह उन लोगों से भी भिड़ती हैं, जिन्होंने उन्हें और उनके देश को धोखा दिया है। फिल्म में रोशन मैथ्यू, आदिल हुसैन, राजेश तैलंग, मेयांग चांग, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी हैं। जान्हवी कपूर ने फिल्म का ट्रेलर इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'हर किसी के पास एक कहानी है। हर कहानी के सीक्रेट्स हैं। हर सीक्रेट में ट्रैप है। इस 'उलझ' को सुलझाना आसान नहीं है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है और यह फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# रैपर खलीफा ने मांगी माफी

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी रैपर विज खलीफा ने सोशल मीडिया पर रोमानिया देश से माफी मांगी है। उन्होंने उस देश में परफॉर्मेंस दी थी, और स्टेज पर ही स्मोकिंग करनी शुरू कर दी थी, जिसके कारण पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मगर बाद में उनको रिहा कर दिया गया था। अब उनकी माफी की चर्चा हो रही है। अमेरिकी रैपर विज खलीफा ने सोशल मीडिया पर सभी से माफी मांगी है। दरअसल, उनको रोमानिया में अपनी परफॉर्मेंस के दौरान ड्रग्स के सेवन के लिए गिरफ्तार किया गया था।



# टीवी स्टार किम को पड़ी लताड़...

**मुंबई।** अमेरिकी रियलिटी टीवी स्टार किम कार्दशियन और उनकी बहन क्लोई कार्दशियन 12-14 जुलाई के बीच मुंबई में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के उत्सव का हिस्सा थीं। सोमवार को, किम ने सेलिब्रेशन की नई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह सफेद और सुनहरे रंग का मनीष मल्होत्रा का लहंगा और चोली पहने हुए थीं। अब रेडिट की एक पोस्ट में दावा किया गया कि किम ने भगवान गणेश की मूर्ति के साथ अपनी तस्वीर शेयर की थी और भारी आलोचना होने के बाद किम ने अपना इंस्टाग्राम पोस्ट डिलीट कर दिया। मंगलवार को, किम की नई तस्वीरों के बारे में एक रेडिट पोस्ट में वह अंबानी की शादी के जश्न के दौरान गणेश की मूर्ति पर अपना चेहरा रखे हुए थीं। एक यूजर ने लिख दिया- भारतीय संस्कृति का अपमान नहीं सहेंगे।



# सहेली की शादी में जाना माही को पड़ा महंगा

**नई दिल्ली।** भोजपुरी एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव इन दिनों वो नाम है जो इस इंडस्ट्री में हर ओर छाया हुआ है।उनके भोजपुरी सॉन्ग रिलीज होते ही खूब पॉपुलर हो रहे हैं और फिर ये भोजपुरी गाना गोल्डी यादव ने गाया हो तो सोने पर सुहागा होना लाजिमी है।भोजपुरी सिनेमा की सुपरहिट जोड़ी माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का नया गाना रिलीज हो गया है। भोजपुरी सॉन्ग गिर गईल नथिया बरतिया में यूट्यूब पर आया है और इसमें गोल्डी की आवाज और माही का डांस दोनों ही दर्शकों के दिल जीत रहे हैं। इस गाने के बोल जितने मजेदार हैं, उतने ही शानदार तरीके से इस फिल्माया भी गया है।वैसे भी इन दिनों भोजपुरी सिनेमा में मरून कलर सड़िया की धूम है।उसी बीच यह गाना भी काफी उम्मीदें लेकर आया है। माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का भोजपुरी सॉन्ग गिर गई।



# 'किंग' में अभिषेक होंगे विलेन...

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान के फैंस उनकी अगली फिल्म के बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बीते कुछ वक्त से चर्चा है कि वह अपनी अगली फिल्म में बेटी सुहाना के साथ नजर आएंगे, जिसका नाम किंग है। फिल्म किंग में पहली बार बाप-बेटी की यह जोड़ी नजर आने वाली है। अभिषेक बच्चन फिल्म किंग में शाहरुख खान के सामने विलेन के रोल में नजर आने वाले हैं। इस बात की पुष्टि अभिषेक के पिता अमिताभ बच्चन ने की है। अमिताभ बच्चन ने रिएक्शन देते हुए पोस्ट में बेटे अभिषेक को बधाई दी और लिखा, शुभकामनाएं अभिषेक.. यह समय है !!! सोशल मीडिया पर बिग बी का यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है। एक्टर के फैंस पोस्ट को खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस ओटीटी सीजन-3 में हुआ शॉकिंग नॉमिनेशन

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 में इस हफ्ते एक वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है, जो कि सिंगर अदनान शेख हैं। घर में एंट्री करते ही आपने देखा कि उन्होंने विशाल पांडे को चांटा मारने वाले मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए लवकेश कटारिया पर एक तंज कसा। वहीं, इसके चलते काफी बवाल भी देखने को मिला। लेकिन अब बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 का इस हफ्ते का शॉकिंग नामिनेशन देखने को मिला। दरअसल, खबरें हैं कि इस हफ्ते केवल एक ही कंटेस्टेंट नॉमिनेट हुआ है, जो और कोई नहीं बल्कि वाइल्ड कार्ड एंट्री अदनान शेख हैं। लेकिन इसके बाद आखिर में ट्विस्ट देखने को मिला है। बिग बॉस तक के अपडेट के अनुसार, इस हफ्ते का बिग बॉस नॉमिनेशन टास्क कैंसिल हो गया है। वहीं, इसके चलते अदनान शेख सिर्फ ऐसे कंटेस्टेंट है, जिसे की नॉमिनेट किया गया है। लेकिन बिग बॉस ने एक खेल खेला है और उन्हें रणवीर शौरी और विशाल पांडे के साथ अदनान को बाहर वाला बना दिया है, जिसके नियम के मुताबिक अदनान शो से बाहर नहीं हो सकते हैं।

## 22 साल बाद दोनों सिजलिंग अवतार में वापस आ गए कुमकुम और सुमित

**नई दिल्ली।** टीवी पर सबसे ज्यादा चर्चित शो 'कुमकुम' लोगों का फेवरेट था। जूही परमार और हुसैन कुवाजेरवाला ने कुमकुम और सुमित के रोल में लोगों के दिलों में इस कदर जगह बना ली कि आज भी उन्हें देखकर वो



उतना ही खुश होते हैं। एक बार फिर से 22 साल बाद दोनों सिजलिंग अवतार में वापस आ गए हैं।'कुमकुम' भारतीय टेलीविजन पर सबसे फेमस शोज में से एक रहा है और इसे पूरे 22 साल हो चुके हैं। जूही परमार और हुसैन शो के जरिए एक घरेलू नाम बन गए, जो दोपहर के बैच में टीआरपी और स्लॉट लीडर था। 7 वर्षों तक राज करने वाला यह शो 2009 में लगभग 1500 एपिसोड के साथ बंद हो गया। 'कुमकुम' के 22 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए, जूही परमार ने कुछ दिन पहले टाइटल ट्रैक डाला था, जो करीब 20 मिलियन व्यूज के साथ वायरल हो गया है।

# 'फेयरी फोक' के निर्माताओं ने किया ऑनलाइन वितरण प्लेटफॉर्म लॉन्च

**मुंबई।** मनमोहक और जादुई यथार्थ से ओत-प्रोत फिल्म 'फेयरी फोक' के निर्माताओं ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट, www.fairyfolkthefilm.com के ज़रिये एक रोमांचक घोषणा की है। उनके अनुसार ये वेबसाइट अब एक ऑनलाइन वितरण प्लेटफॉर्म की भूमिका भी निभाएगी। जहां दर्शक सीधे इस फिल्म को देख सकेंगे और बदले में उन्हें भरनी होगी अपनी मनपसंद राशि। यह भारत में अपनी तरह का पहला प्रयोग है, जो फिल्म वितरण के एक नए मॉडल की शुरुआत भी है। करण गौर द्वारा निर्देशित और रसिका दुग्गल और मुकुल चड्ढा द्वारा अभिनीत 'फेयरी फोक' को मार्च 2024 में सीमित थिएटर रिलीज मिला था। मौखिक प्रचार के माध्यम से लोकप्रियता हासिल करने के बावजूद, फिल्म को महत्वपूर्ण वितरण चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसके कारण सिनेमाघरों से इसे समय से पहले हटाना पड़ा। जब स्वतंत्र फिल्मों के प्रदर्शन की बात चलती है तो डिजिटल प्लेटफार्मों की अनिच्छा भी साफ़




ज़ाहिर होती है। इन्ही चुनौतियों के जवाब में 'फेयरी फोक' की टीम ने अपनी वेबसाइट पर फिल्म को पेश करके एक अभिनव दृष्टिकोण को अपनाया है। यह प्लेटफ़ॉर्म दर्शकों को किसी भी राशि का भुगतान करने की अनुमति देता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हर कोई अपनी वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना फिल्म का आनंद ले सके।

# जगदीश राज को देख पुलिसवाले भी करते थे सैल्यूट, 144 फिल्मों में बने अफसर

नई दिल्ली। कुछ एक्टर अपनी जबरदस्त एक्टिंग और किरदार से दर्शकों के दिलों पर राज करते हैं। 1970 और 80 के दशक में कई ऐसे एक्टर हुए जिन्हें दर्शक एक ही रोल में बार-बार देखना चाहते थे। पुलिस अधिकारी के किरदार से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले एक्टर जगदीश राज को लेकर दर्शकों में कुछ इसी तरह की दीवानगी थी. जिसका नतीजा यह हुआ कि इस टैलेंटेड एक्टर ने दो-चार नहीं बल्कि 144 फिल्मों में सिर्फ पुलिस अधिकारी का रोल निभाया। पर्दे पर 144 बार पुलिस अधिकारी का किरदार निभाने के लिए उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल है।

बॉलीवुड के साथ-साथ जगदीश राज के काम से हॉलीवुड डायरेक्टर्स भी प्रभावित थे। बताया जाता है कि हॉलीवुड के एक कास्टिंग डायरेक्टर ने जगदीश के काम से प्रभावित होकर एक्टर से मिलने की इच्छा जताई थी। इसके बाद गिनेज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की जांच टीम को बुलाया गया। 144 फिल्मों में एक जैसा किरदार (पुलिस



अफसर का किरदार) निभाने के लिए एक्टर जगदीश राज खुराना का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। इस तरह मोस्ट टाइपकास्ट एक्टर का रिकॉर्ड एक्टर जगदीश राज के नाम है।जगदीश राज की बेटी अनीता राज हैं जो धर्मेंद्र के साथ नौकर बीवी का फिल्म में नजर आ चुकी हैं।

### कभी भी नहीं कटता था चालान

पुलिस के किरदार ने उन्हें ऐसी पहचान दिलाई कि एक्टर को सड़क पर देखकर पुलिस वाले भी सलाम करते थे। ऐसा कहा जाता है कि जगदीश राज पहले ऐसे बॉलीवुड एक्टर थे जिनकी सिक्योरिटी चेकिंग नहीं होती थी। पुलिसवालों के लिए एक्टर किसी रोल मॉडल से कम नहीं थे। यह भी बताया जाता है कि जगदीश राज का कभी भी चालान नहीं कटता था। 1992 में एक्टर ने फिल्मी करियर से संन्यास ले लिया था। 28 जुलाई 2013 को सांस की बीमारी के चलते 85 साल की उम्र में एक्टर का निधन हो गया था।

# शम्मी ने फैलाई थी आशा पारेख से शादी की अफवाह, शत्रुघ्न के बयान थे अपमानजनक...

*अरबाज खान द्वारा होस्ट किए जाने वाला टॉक शो द इनविंसिबल्स सीरीज सीजन 2 का नया प्रोमो सामने आ गया है, जिसमें दिग्गज एक्ट्रेस आशा पारेख बतौर गेस्ट नजर आ रही हैं और अपनी पर्सनल लाइफ पर बात करते हुए नजर आ रहे हैं। प्रोमो में वह बॉलीवुड में अपने सफ़र और बिजनेस में एक महिला होने के बारे में बताती हुई नज़र आती हैं।*

**नई दिल्ली।** अरबाज़ खान से बातचीत के दौरान वह अपने को स्टार शम्मी कपूर से अपनी कथित शादी की अफ़वाहों को मज़ाकिया अंदाज़ में बताते हुए कहती हैं, 'हां, हम शादीशुदा थे।' उन्होंने उस पल को भी याद किया जब महान गुरु दत्त ने उनकी मां को फ़ोन करके कहा था कि 'उन्हें नहीं लगता कि वह हीरोइन बन सकती हैं'। प्रोमो में एक्ट्रेस ने मजेदार किस्सा शेयर करते हुए बताया कि जब वह नाइट आउट के बाद लाल आंखों के साथ शूट के लिए सेट पर पहुंची थीं। उन्होंने कहा, मैंने अगले दिन शूट के लिए मना किया था। इसके अलावा उन्होंने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा के साथ अपने तनावपूर्ण संबंधों पर भी बात की और जिक्र किया कि उनके द्वारा की गई



नकारात्मक टिप्पणियों ने उनके पेशेवर संबंध को प्रभावित किया है। उन्होंने शेयर किया, 'यह ऐसा था जैसे चलो जैसा मैं चाहती हूं, वैसा ही करते हैं और फिर उन्होंने प्रेस में कुछ बयान दिए, जो उनके लिए बहुत अपमानजनक थे, मेरे लिए नहीं।' आशा पारेख ने कालिया के बाद फिल्मों में काम करना बंद कर दिया। इसके बाद एक ऐसा मौका आया कि उन्होंने एक्टिंग बंद कर दी। इशके बाद उन्होंने टेलीविजन की ओर रुख किया और गुजराती सीरियल ज्योति डायरेक्ट किया। उनकी प्रॉडक्शन कंपनी आकृति ने पलाश के फूल, बाजे पायल, कोरा कागज और दाल में काला जैसे सीरियल प्रोड्यूस किए. इसके बाद उन्होंने त्योहार धमाका रियलिटी शो जज किया।

# भक्ति में लीन हुए अनुष्का व विराट

**नई दिल्ली।** अनुष्का शर्मा और विराट कोहली उन कपल्स में से एक हैं, जो अपनी फैमिली और पर्सनल लाइफ को हमेशा लाइमलाइट से दूर रखते हुए नजर आते हैं। इसी बीच कपल का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जो कि लंदन में आयोजित एक कीर्तन का है। दरअसल, अनुष्का शर्मा ने पति विराट कोहली के साथ लंदन में यूनियन चैपल में आयोजित कृष्ण दास के कीर्तन में शिरकत की थी, जिसकी कुछ तस्वीरें भी इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस ने शेयर की थी। लेकिन इसी इवेंट से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कपल भक्ति में लीन होते हुए नजर आ रहे हैं।



# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का होगा विस्तार, बुजुर्गों को प्रदेश के तीर्थ स्थल भी दिखाएं जाएंगे

**युवाओं को प्रदेश की पुरा-संपदा और प्रसिद्ध स्थानों से करवाएं परिचित: डॉ. यादव**

**मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के क्रियान्वयन की हुई समीक्षा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को देश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों के साथ ही मप्र स्थित प्रमुख धार्मिक स्थलों के भ्रमण करवाए जाने को दृष्टिगत रखते हुए योजना का विस्तार किया जाए। इसके लिए धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग कार्य-योजना तैयार करें। यात्रा से जहां बुजुर्ग यात्रियों को अपने ही प्रदेश के प्रसिद्ध स्थान देखने और देव दर्शन का अवसर मिलेगा, वहीं प्रदेश की अर्थव्यवस्था की दृष्टि से भी यह महत्वपूर्ण होगा। प्रदेश की भौगोलिक रचना के कारण नागरिक अनेक तीर्थ स्थान देख नहीं पाते और अपने ही प्रदेश की विशेषताओं से अनजान रहते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के क्रियान्वयन संबंधी मंत्रालय में हुई बैठक में बोल रहे थे।

## युवाओं के ज्ञान में वृद्धि होगी

### विद्यार्थियों को कराया जाएगा प्रदेश के महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण

सीएम ने कहा कि युवा वर्ग को भी प्रदेश की पुरा-संपदा और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों से परिचित करवाने के लिए अन्य विभाग भी पहल करें। ज्ञान-विज्ञान के केंद्रों, ऐतिहासिक महत्व के स्थानों, प्राकृतिक सुंदरता के स्थानों और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों तक युवाओं को ले जाने से उनके ज्ञान में वृद्धि होगी। जनजातीय विकास विभाग की ओर से प्रत्येक जिले से मेरिट एवं अन्य आधार पर विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें प्रदेश के महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण करवाया जाए। धार्मिक न्यास, धर्मस्व मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी बैठक में वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में मुख्य सचिव वीरा राणा, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी और अन्य उपस्थित रहे।

### जनजातीय कलाकारों की सांस्कृतिक यात्रा भी करें आयोजित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में अनेक लोक गायक, संगीतकार और कलाकार निवास करते हैं। इन्हें प्रदेश के विभिन्न स्थानों के भ्रमण के लिए आमंत्रित किया जाए। वे मंचीय प्रस्तुति के लिए अपनी यात्रा, पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ करें। विभिन्न देव स्थानों के भ्रमण का लाभ भी उन्हें मिलेगा। ऐसे स्थानों पर आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों और श्रद्धालुओं तक कलाकारो की कला भी पहुंचेगी।

### देव स्थलों पर भी विभिन्न सुविधाओं का विकास जरूरी

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थानों के साथ ही अन्य देव स्थलों पर भी विभिन्न सुविधाओं का विकास जरूरी है। देव स्थल परिसर सुविधायुक्त हों, इसके लिए विभिन्न संबंधित विभाग सक्रिय रहें। उन्होंने राम राजा की नगरी ओरछा, शारदा माता के स्थान मैहर, बड़ा महादेव मंदिर, चौरागढ़ महादेव, जटा शंकर पचमढ़ी पर व्यवस्थाएं बेहतर करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक लोकों के निर्माण के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

### आठ लाख लोगों को मिला है योजना का लाभ

धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग ने प्रेजेंटेशन में बताया कि प्रदेश में वर्ष 2012 से शुरू मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का आईआरसीटीसी से योजना का संचालन किया जा रहा है। इसमें देश के 41 एकल तीर्थ स्थल और 9 युग्म तीर्थ स्थल सम्मिलित हैं। पिछले 12 वर्ष में प्रदेश के लगभग 8 लाख श्रद्धालुओं को योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। यात्रा के लिए 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों का चयन किया जाता है। महिलाओं के लिए दो वर्ष की छूट है। जो नागरिक 65 वर्ष से अधिक आयु के हैं, अथवा दिव्यांग हैं उन्हें अपने साथ सहायक ले जाने की पात्रता है। तीर्थ यात्रियों को भोजन, रहने की सुविधा के साथ ही चिकित्सा, सुरक्षा और सड़क परिवहन सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाती है।

### प्रदेश के 18 हजार 480 श्रद्धालु लाभान्वित हुए

पिछले वित्त वर्ष में 29 भारत गौरव ट्रेनों के संचालन से प्रदेश के 18 हजार 480 श्रद्धालु लाभान्वित हुए। वर्तमान वित्त वर्ष में वाराणसी- अयोध्या, रामेश्वरम, द्वारका, जगननाथपुरी, कामाख्या, शिर्डी, हरिद्वार, मथुरा- वृंदावन, बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की दीक्षा भूमि (नागपुर) और स्वर्ण मंदिर अमृतसर के लिए 35 ट्रेनों की व्यवस्था कराई जाएगी। वर्ष 2023-24 से वायुयान से तीर्थ यात्रा भी शुरू की गई है। इसका लाभ प्रदेश के 25 जिलों के 790 तीर्थ यात्रियों को प्राप्त हुआ है। इन्हें भोपाल और इंदौर एयरपोर्ट से प्रयागराज, गंगासागर, शिर्डी और मथुरा वृंदावन की यात्राएं कराई गईं।

---

## पारंपरिक मेलों व भव्य यात्राओं का प्रभावी माध्यम से करें प्रचार: सीएम

# राजधानी में राजा भोज की कलाओं और साहित्य पर आधारित रिसर्च सेंटर बनेगा

**प्रदेश के विश्वविद्यालयों में पर्यटन संबंधी रोजगार मूलक स्किल कोर्स के संचालन के लिए करें प्रयास**

**मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में मप्र पर्यटन बोर्ड के संचालक मंडल की बैठक में दिए निर्देश**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के पारम्परिक भव्य मेलों और यात्राओं जैसे भगोरिया उत्सव एवं महाकाल की सवारी आदि का प्रभावी माध्यम से प्रचार करें। आधुनिक प्रचार -प्रसार के साथ पारम्परिक वाद्य यंत्रों को बजाने वाले स्थानीय कलाकारों और पारम्परिक नृत्य दलों को जोड़कर उन्हें प्रोत्साहित करें। इससे स्थानीय कला और पारम्परिक नृत्यों का भी प्रचार-प्रसार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंत्रालय में मप्र पर्यटन विकास बोर्ड के संचालक मंडल की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पर्यटन बोर्ड की संरचना, दायित्वों, निवेश संवर्धन की नीतियों, प्रचार-प्रसार और पर्यटन विकास कार्यों की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल में राजा भोज की कलाओं और साहित्य पर आधारित रिसर्च सेंटर या म्यूजियम बनाने की योजना पर कार्य करें। युवाओं को आकर्षित करने वाली साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा दें। फिल्मांकन के लिए आने वाले प्रोडक्शन हाउस और कलाकारों से समन्वय कर प्रदेश की अच्छी योजनाओं और उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

### पर्यटन क्षेत्र में रोजगार मूलक स्किल डेवलपमेंट कोर्स संचालित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालय से जुड़कर पर्यटन क्षेत्र में रोजगार मूलक स्किल डेवलपमेन्ट कोर्स संचालित करने की योजना पर कार्य करें। इससे प्रदेश के अधिकाधिक युवा पर्यटन से जुड़ेंगे और उन्हें रोजगार भी मिलेगा। साथ ही सहकारिता के माध्यम से पर्यटन स्थलों के पास वे-साइड एमेनिटीज और हाईवे ट्रीट आदि को भी चलाने का प्रयास करें। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म डेवलपमेन्ट बोर्ड शिवशेखर शुक्ला ने पर्यटन बोर्ड की वर्तमान गतिविधियों, उपलब्धियों और आगामी कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में पर्यटन और संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और उपाध्यक्ष टूरिज्म डेवलपमेन्ट बोर्ड धर्मेंद्र सिंह लोधी वीसी के माध्यम से जुड़े। मुख्य सचिव वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव वित्त मनीष सिंह, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास नीरज मंडलोई और प्रबंध संचालक पर्यटन विकास निगम इलैया राजा टी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा के संचालन की समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा के संचालन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन मार्गों पर यात्रियों की बुकिंग अधिक आ रही है, वहां उड़ानों की संख्या बढ़ाएं। अधिक बैठक क्षमता वाले एयरक्राफ्ट संचालित करें। धार्मिक तीर्थ दर्शन योजना में वायु सेवा के मार्ग को शामिल करें। साथ ही शासन के क्लास-2 और 3 कार्यपालिक अधिकारियों को भी पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा की ओर से आवागमन के लिए पात्रता पर विचार कर प्रस्ताव बनाएं।

---

## अभियानों में परिषद की रहेगी महत्वपूर्ण भूमिका

# जन अभियान परिषद आदर्श ग्रामों के विकास व नए सेवा क्षेत्रों में करें कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र जन अभियान परिषद, सामाजिक संगठनों के सहयोग से आदर्श ग्रामों के विकास, कृषि, पशुपालन, जैसे क्षेत्रों में नवीन प्रकल्पों को क्रियान्वित करें।

अंतरराज्यीय परियोजनाओं के प्रदेश के संबंधित क्षेत्र में आमजन के बीच जागरूकता के निर्माण और आदर्श ग्रामों के विकास के कार्य भी प्राथमिकता से किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार मंत्रालय में परिषद के शासी निकाय की बैठक में गतिविधियों की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### रूरल टूरिज्म के लिए जन सहयोग जुटाने का कार्य करें

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि हैरीटेज एवं रूरल टूरिज्म के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने और ग्रामों में जन सहयोग जुटाने का कार्य किया जाए। इसी तरह किसानों के बीच जाकर जीरो बजट पर खेती, पशुओं की नस्ल सुधार, गांव के मसले गांव में ही हल किए जाने के साथ ही, जिन ग्रामों में कोई विवाद नहीं है, उन ग्राम पंचायतों को सम्मानित करने का कार्य भी करना है। उन्होंने कहा कि जन अभियान परिषद जन सेवा के अछूते क्षेत्रों में भी कार्य की पहल करें।

### पाठ्यक्रम पुस्तिकाओं का किया विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव, उप-मुख्यमंत्री देवड़ा और पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री पटेल ने विभिन्न पाठ्यक्रम पुस्तिकाओं का संयुक्त रूप से विमोचन किया। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट की ओर से समाज कार्य स्नातक पाठ्यक्रम प्रथम वर्ष पाठ्यक्रम का विमोचन किया गया। आठ पुस्तिकाओं में समाज कार्य का परिचय, पर्यावरण अध्ययन, हिंदी भाषा, प्रवेश विवरणिका, अंग्रेजी भाषा और भारतीय संस्कृति, समाज कार्य एवं अन्य अवधारणाएं, योग एवं ध्यान, विकास की अवधारणा एवं क्रियान्वयन शामिल है।

### श्रम की सामाजिक आर्थिक स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की

समाज कार्य परास्नातक पाठ्यक्रम (एमएसडब्ल्यू) औद्योगिक संगठनों में समाज कार्य, मानव संसाधन प्रबंधन, हिंदी भाषा और संस्कृति, सामुदायिक संगठन एवं सामाजिक क्रिया पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। बैठक में भूमिहीन की आवाज और कृषि, श्रम की सामाजिक आर्थिक स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर मुख्य सचिव वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला आदि उपस्थित थे।

---



## बीपीएमएस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

एजेंसी. नई दिल्ली

भिवानी परिवार मैत्री संघ के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा सदस्य एनडी गुप्ता के सान्निध्य में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। भिवानी परिवार मैत्री संघ के वर्ष 2024-27 के लिए नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह मुख्य चुनाव आयुक्त जे एस गुप्ता, चुनाव अधिकारी के एल गर्ग एवं अभय जैन की देखरेख में हुआ। जेएस गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। राजेश चेतन ने संस्था के अध्यक्ष, दिनेश गुप्ता-महासचिव, पवन मोडा-कोषाध्यक्ष, हंसराज रल्हन-उपाध्यक्ष, विनय सिंघल-उपाध्यक्ष, मनीष गोयल- संगठन मंत्री, मीनाक्षी गर्ग-सचिव, संजय गुप्ता-संयुक्त सचिव, दीपक गुप्ता- संयुक्त सचिव, प्रमोद कुमार शर्मा-प्रचार मंत्री, संजय जैन (करोल बाग) एवं संजय जैन (प्रशांत विहार) ने कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शपथ ली।

- **अध्यक्ष राजेश चेतन ने गिनाए कई नए संकल्प**

**चुनाव सर्वसम्मति से हुआ:** सभी पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ है। इसके साथ-साथ विभिन्न सेवा समितियों के संयोजकों को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। जिनमें संजय अग्रवाल, गोविंद राम बंसल, सचिन मेहता, सुनील शर्मा, संजय गोयल, महेंद्र चावला, अमरदीप सिंघल, सुनील बंसल, उमेश मित्तल, महादेव जिंदल, पूजा बंसल एवं कांता बजाज शामिल रहे।

**सांसद ने किया मदद का ऐलान:** इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता ने बीपीएमएस के कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और अपने सांसद कोष से यथासंभव मदद देने की घोषणा की। अमेरिका से आए अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चिकित्सक डा. रमेश गुप्ता कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहे। 40 साल अमेरिका में प्रैक्टिस करने के बाद अब वह भारत को ही अपनी कार्यस्थली बनाएंगे। उन्होंने बीपीएमएस को अपने मिशन पूरे करने के लिए पांच लाख रुपए का अंशदान देने की घोषणा की व संस्था के संरक्षक मंडल में शामिल होने की सहर्ष सहमति भी दी। :बीपीएमएस ने अपने तमाम सामाजिक सरोकारों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने बताया कि पिछले एक साल के दौरान 16 शिविरों में एक हजार से अधिक नेत्र रोगियों की निशुल्क कैटरैक्ट सर्जरी करवाई गई। इसके अलावा 'मिशन पिंक' के तहत 84 कैंसर मरीजों को हर स्तर की मदद उपलब्ध करवाई गई। ऐसे कार्यों की सूची बहुत लंबी है जिसने संस्था की कीर्ति को देश दुनिया में पहुंचाया।

## अश्लील वीडिया वेबसाइट पर किया अपलोड, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

अश्लील वीडियो से संबंधित एक मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक मोबाइल को जब्त कर लिया है। जिसका उपयोग इस काम में किया गया था। इसके साथ ही दो वेबसाइट पर वीडियो अपलोड करने को लेकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है।

उरगा पुलिस ने मामले में शुभम, कमल दास और परसराम को गिरफ्तार किया है। कोरबा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से अश्लील हरकत पिछले दिनों की गई थी। जिसका वीडियो आरोपियों ने बनाया गया था। बाद में उसे द वॉयस और एक अन्य वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया। शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस ने इस पर संज्ञान लिया। जांच और तथ्य के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही वीडियो बनाने वाले आरोपियों के कब्जे से संबंधित मोबाइल को भी जब्त कर लिया गया है।

बताया जा रहा है कि किशोरी 12 साल की है। वहीं 18 साल का युवक गांव के पास अश्लील हरकत कर रहे थे। जिसके बाद वीडियो वायरल होने लगा। कुछ दिन बाद वेबसाइड पर भी आ गया। जहां शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की।

## रायगढ़ में मजदूरों से भरी पिकअप पलटी एक की मौत

**रायपुर।** तेज रफ्तार पिकअप पलटने से 20 लोग घायल बताए जा रहे हैं। दरअसल, पिकअप सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला थाना से सारंगढ़ की ओर आ रही थी। पिकअप तेज रफ्तार होने की वजह से ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा, जिससे पिकअप पलट गई। इस दौरान मौके पर एक की मौत हो गई, वहीं 20 लोग घायल बताए जा रहे हैं। इनमें से कई लोगों को रायगढ़ के अस्पताल रेफर किया गया है। बता दें कि पिकअप में मजदूर सवार थे। यह हादसा बरमकेला क्षेत्र के जंगल रोड पर हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, पिकअप में खैरझीटी गांव के मजदूर सवार थे, जो सारंगढ़ जा रहे थे।

## कबीरधाम के स्कूल में शराब पीकर पहुंचा शिक्षक, कलेक्टर के आदेश पर निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

शराब पीकर स्कूल पहुंचे शिक्षक को कलेक्टर के निर्देश पर सस्पेंड कर दिया गया है। मामला कबीरधाम जिले के शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम महराजपुरडीह का है। इसे लेकर सोमवार देर रात आदेश जारी किया गया है।

जानकारी के अनुसार, कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू ने विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम महराजपुरडीह के सहायक शिक्षक (एलबी) फत्ते सिंह धुर्वे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन की यह कार्रवाई विकासखंड शिक्षा अधिकारी के प्रतिवेदन के आधार पर हुई। आदेश में बताया गया है कि शिक्षक फत्ते सिंह धुर्वे छह अक्तूबर 2023 से चार अप्रैल 2024 तक अनुपस्थित रहते हुए नौ अप्रैल 2024 को मेडिकल अनफिट व फिट प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया।

चार जुलाई 2024 से दस जुलाई 2024 तक बिना सूचना के अनुपस्थित रहे है। इसके बाद 11 जुलाई 2024 को सुबह 11.45 बजे शराब पीकर स्कूल में उपस्थित होने की सूचना प्राप्त हुई। शिक्षक फत्ते सिंह धुर्वे का यह कृत्य सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत है। अतः छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियत्रंण एवं अपील) नियम 1966 के भाग 04 के नियम 09 में प्रदत्त शक्ति को प्रयोग में लाते हुए शिक्षक फत्ते सिंह धुर्वे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, पंडरिया नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। शिक्षक को निलंबित करने का सोमवार देर रात आदेश जारी किया गया है।

---

## कुछ वरिष्ठ विधायक भी हो सकते हैं मंत्रिमंडल में शामिल


**विभाग बदल कर कतरे जा सकते हैं कुछ मंत्रियों के पर**

# राम निवास को अब तक नहीं मिला विभाग कमलेश शाह को मंत्री बनाने की तैयारी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सिर्फ अकेले मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने के बाद राम निवास रावत एक और रिकार्ड कायम करते नजर आ रहे हैं, बिना विभाग के मंत्री बने रहने का। रावत को मंत्री पद की शपथ लिए 9 दिन गुजर चुके हैं। मंत्रालय में उनके लिए कक्ष भी आवंटित किया जा चुका है लेकिन अब तक उन्हें कोई विभाग नहीं दिया गया। आमतौर पर शपथ लेने के 24 घंटे के अंदर विभाग आवंटित कर दिया जाता है। दूसरी तरफ कांग्रेस से भाजपा में आकर अमरवाड़ा से उप चुनाव जीते कमलेश शाह को मंत्री बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। सूत्रों का कहना है कि शाह के साथ कुछ वरिष्ठ विधायकों को भी मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा विभाग बदल कर कुछ कमजोर परफारमेंस वाले मंत्रियों के पर भी कतरे जा सकते हैं।

### पसंदीदा विभाग की मांग के कारण आ रही अड़चन



राम निवास रावत को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने के बाद कहा जा रहा था कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपना कोई विभाग उन्हें दे देंगे। पर खबर है कि रावत की इच्छा अपनी पसंद का विभाग लेने की है। नेतृत्व को उन्होंने इससे पहले ही अवगत करा दिया था। समस्या यह है कि जो विभाग रावत चाहते हैं, वह भाजपा के एक वरिष्ठ मंत्री के पास है, जो पहले सांसद थे और अब प्रदेश सरकार में मंत्री। उनसे वह विभाग लेकर रावत को देना आसान नहीं है क्योंकि वे भी विभाग छोड़ना नहीं चाहते। इसकी वजह से रावत को विभाग देने का मामला अटका हुआ है।

### रावत को विभाग देने के साथ ये बदलाव भी संभव

सूत्रों का कहना है कि राम निवास रावत को विभाग आवंटित करने के साथ मंत्रिमंडल में शामिल कुछ अन्य सदस्यों के विभागों में भी बदलाव किया जा सकता है। इसका आधार परफारमेंस को बनाया जा सकता है। राज्य सरकार के 6 माह के कार्यकाल में कुछ मंत्रियों पर आरोप लगे हैं। कुछ को निष्क्रिय बताया जा रहा है। इसके आधार पर कुछ को हटा कर गोपाल भार्गव और भूपेंद्र सिंह जैसे कुछ वरिष्ठ विधायक मंत्री बनाए जा सकते हैं।

### इसलिए कमलेश का मंत्री पद पक्का

कमलेश शाह का मंत्रिमंडल में शामिल किया जाना कई कारणों से पक्का है। पहला, वे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा जिले से हैं और उनके खास समर्थक रहे हैं। दूसरा, कमलेश के उप चुनाव में जीतने से छिंदवाड़ा जिले में भाजपा का खाता खुला है। इस जिले में भाजपा का एक भी विधायक नहीं था। तीसरा, कमलेश शाह आदिवासी वर्ग से आते हैं और छिंदवाड़ा जिला आदिवासी बाहुल्य है। इसके अलावा शाह को मंत्रिमंडल में शामिल कर कमलनाथ को और कमजोर करने की रणनीति अपनाई जा सकती है।

## चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ आर-पार की लड़ाई हो

भारत कश्मीर में आतंकवाद फिर से फन उठा रहा है। घाटी में लगातार आतंकवादी घटनाएं हो रही हैं। अब जम्मू-कश्मीर के डोडा में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में कैप्टन समेत सेना के चार जवान शहीद हो गए। अभी आठ जुलाई को ही कठुआ में पांच सैन्यकर्मी शहीद हुए थे और पांच जवान घायल हो गए थे। कश्मीर में आतंकवाद की घटनाएं तब बढ़ रही हैं, जब सुरक्षा बल दहशतगर्दी के खिलाफ ऑपरेशन चला रहे हैं। यह चिंता की बात है। हमारे जवान आतंकियों के निशाना बन रहे हैं, स्थिति उलट होनी चाहिए थी। कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ भारत नब्बे के दशक से लड़ रहा है, इसलिए करीब चार दशक में भारतीय सुरक्षा बलों के पास इस क्षेत्र के भूगोल की चप्पे-चप्पे की जानकारी है, इसके बाद भी अगर हमारे सैनिक आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद हो रहे हैं, तो ऑपरेशन के स्वरूप की समीक्षा होनी चाहिए और उसमें जरूरत के हिसाब से बदलाव होना चाहिए। मुठभेड़ अंजाम देने से पहले, रेकी की जानी चाहिए, भूगोल की जानकारी जुटानी चाहिए, ड्रोन व लेजर बम जैसी तकनीक का इस्तेमाल होना चाहिए। ऐसा नहीं है कि हमारे सुरक्षा बल इन सभी पहलुओं पर गौर नहीं करते होंगे, बल्कि वे धरातल पर हैं तो अच्छे से चीजों को देखते होंगे, इसके बाद भी जवानों के शहीद हो जाने पर दुख होता है, और लगता है कि ऑपरेशन के अमल में कहीं न कहीं खामी रह गई होगी। इस साल जनवरी से अब तक कई आतंकी घटनाएं जम्मू-कश्मीर में हुई हैं। 15 और 8 जुलाई के अलावा 7 जुलाई को राजौरी जिले में एक सुरक्षा चौकी पर आतंकवादी हमले में एक सैन्यकर्मी घायल हो गया। जून में 26 जून को डोडा जिले में गोलीबारी में तीन विदेशी आतंकवादी मारे गए, 12 जून को डोडा जिले में ही आतंकवादी हमले में एक पुलिसकर्मी घायल हुआ, 11/12 जून को कठुआ जिले में मुठभेड़ में दो विदेशी आतंकवादी मारे गए और केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के एक जवान की मौत हो गई। डोडा जिले में आतंकवादी हमले में राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी घायल हो गए। 9 जून को रियासी जिले में एक बस पर आतंकवादी हमले में नौ तीर्थयात्री मारे गए व 42 घायल हो गए। मई में 4 मई को पुंछ जिले में आतंकवादी हमले में एक वायुसेना कर्मी की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। अप्रैल में 28 अप्रैलको उधमपुर जिले में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक ग्राम रक्षा प्रहरी की मौत हो गई, 22 अप्रैल को राजौरी जिले में आतंकवादियों ने एक सरकारी कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी। वर्ष 2023 में भी चार बड़े आतंकी हमले हुए थे। वर्ष 2023 में 43 आतंकी घटनाएं कश्मीर से अलग जम्मू में हुईं। जम्मू क्षेत्र में आतंकी घटनाओं में पिछले 32 महीनों में 48 जवान शहीद हो चुके हैं और 23 आम नागरिक भी आतंकियों की गोली का निशाना बने हैं। सरकार व सुरक्षा बलों को पता है कि कश्मीर में आतंकवाद के पीछे किसका हाथ है। खुद आतंकी घटनाएं झेलने के बावजूद पाकिस्तान कश्मीर में आतंकवाद को शह देने से बाज नहीं आ रहा। सरकार ने सुरक्षा बलों को आतंकवाद से निपटने के लिए खुली छूट जरूर दी है, लेकिन घटनाएं थम नहीं रही हैं, ऐसे में सरकार को आतंकवाद के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन करना चाहिए, जिसमें पीओके के आतंकी ठिकाने भी निशाने पर हों। कश्मीर को आतंकवाद मुक्त करना जरूरी है, इसके लिए आर-पार की लड़ाई चाहिए। केवल सरकार के बयानों से बात नहीं बनेगी।



दरकार
अवधेश कुमार

# राजनीति में प्रतिस्पर्धी मानें, दुश्मन नहीं

**डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश हम सबके लिए सबक होना चाहिए। राजनीति और सार्वजनिक जीवन में असहमति और मतभेद होना स्वाभाविक है, किंतु राजनीति और सार्वजनिक जीवन में घृणा और दुश्मनी का कोई स्थान नहीं। हम एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी होंगे, राजनीतिक और वैचारिक विरोधी होंगे, किंतु दुश्मन नहीं जिसके विरुद्ध इतनी घृणा पैदा की जाए कि लोग हिंसा की सीमा तक पहुंच जाए। यह सभी पक्षों पर लागू होता है। हालांकि जैसा वातावरण भारत, अमेरिका सहित कई देशों में बन चुका है उसमें कोई तत्काल इससे सबक लेगा संभावना कम है, क्योंकि वातावरण विषाक्त बन चुका है। यही प्रश्न है कि स्थिति को हम कैसे संभालें।**

तेरह जुलाई का दिन अमेरिका ही नहीं विश्व इतिहास के लिए भयावह और सबक लेने वाले दिन के रूप में दर्ज हो गया है। अमेरिका जैसे पुराने लोकतांत्रिक देश में रिपब्लिकन राष्ट्रपति उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर सार्वजनिक सभा में गोली चलाकर हत्या का प्रयास अचंभित करने वाली घटना है। पेनसिल्वेनिया के बटलर में ट्रंप चुनावी रैली कर रहे थे। अचानक गोली आई और ट्रंप के कान को छूते हुए निकल गई। वीडियो में साफ दिख रहा है कि ट्रंप रैली के दौरान भाषण दे रहे थे। उसी बीच गोलियां चलने लगती हैं। ट्रंप कहते हैं- ओह और अपना कान छूते हैं और उनका हाथ लहूलुहान दिखता है। वह तुंरत नीचे झुक जाते हैं, लेकिन गोलियां चलती रहती है। वे कुछ ही क्षण में फिर खड़े होते हैं, दोनों हाथों की मुट्ठियां भींचकर ऊपर उठाते हैं और लोग उनके पक्ष में नारे लगाते हैं । हमले के बाद ट्रंप ने कहा कि 'उन्हें ऐसा लगा कि गोली उनके कान के आर-पार हो गई है।'

हालांकि अमेरिकी इतिहास में इसके पूर्व दो बार राष्ट्रपति उम्मीदवारों पर हमले के रिकॉर्ड हैं। 1912 में राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट दोबारा राष्ट्रपति बनने के लिए चुनावी अभियान में लगे थे तब मिल्वौकी में एक भाषण के लिए जाते समय एक सैलून संचालक ने उन्हें गोली मार दी थी। वे बच गए थे। गोलीबारी के बावजूद उन्होंने भाषण दिया। 1972 में अलबामा के गवर्नर जॉर्ज वालेस को तीसरी बार राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव प्रचार के दौरान वाशिंगटन डीसी के बाहर गोली मार दी गई थी। हमले के कारण उनकी कमर से नीचे का हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया था, लेकिन वर्तमान हमले के कारण परिस्थितियों और इसके पीछे की विचारधारा अलग है। जांचकर्ताओं का कहना है कि ट्रंप की हत्या की कोशिश की गई थी। साफ है कि ट्रंप बाल-बाल बचे हैं। इसे संयोग ही कहिए अन्यथा गोली अगर कान को छूकर निकलने की बजाय अंदर चली गई होती तो आज ट्रंप की जीवनलीला समाप्त हो चुकी होती। बताया गया है कि दोनों हमलावर सुरक्षाकर्मियों के गोली का शिकार हो चुके हैं। अमेरिका की संघीय जांच ब्यूरो और अन्य एजेंसियां मिलकर जांच कर रही हैं और हत्या के प्रयास के कारणों का पता आने वाले समय में चलेगा। जांच रिपोर्ट जो भी कहे आम अमेरिकी और इस समय अमेरिका सहित विश्वभर में राजनीति, एक्टिविज्म और नैरेटिव की प्रवृत्तियों पर दृष्टि रखने वाले समझ सकते हैं कि इसके कारण क्या होंगे। ट्रंप पर हमले की सूचना आते ही पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने इसकी निंदा करते हुए अमेरिकी समाज में हिंसा के लिए कोई स्थान न होने का बयान दिया तथा अपील की कि हमें सभ्य तरीके से व्यवहार करना चाहिए। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी टेलीविजन प्रसारण में इसकी निंदा करते हुए यही कहा। समाचार के अनुसार बाइडेन ने ट्रंप से फोन पर बातचीत भी की, किंतु सच यह भी है कि डेमोक्रेटिक सहित अमेरिका के बुद्धिजीवियों, मीडिया, एक्टिविस्ट, यहां तक कि प्रशासन के एक बहुत बड़े वर्ग ने ट्रंप और उनकी विचारधारा के सामान्य विरोध की जगह उसके प्रति जिस ढंग से घृणा पैदा की है उसका असर अमेरिकी समाज पर है। ट्रंप को डेमोनाइज करते हुए उन्हें हिटलर से लेकर न




जाने क्या-क्या उपाधि दी गई है। उन्हें लोकतंत्र ही नहीं, अमेरिकी समाज और एकता अखंडता के लिए सबसे बड़ा खतरा बता दिया गया है। अमेरिका में ऐसे निहित स्वार्थी समुदाय हैं जिनके अंदर यह भाव गहरा हुआ है कि अगर ट्रंप दोबारा राष्ट्रपति बने तो उनके लिए समस्याएं पैदा होंगी। बड़ी संख्या में गैर अमीर क्यों और अवैध और अप्रवासियों को लगता है कि उन्हें देश से जाना पड़ सकता है। संयोग देखिए की ट्रंप पर गोली उस समय चली जब वह एक चार्ट पढ़ते हुए बता रहे थे कि अमेरिकी सीमा पार करने वाले अवैध प्रवासियों की संख्या कितनी है। ट्रंप एवं उनके समर्थकों ने अमेरिका में अवैध रूप से आने और रहने को एक बड़ा मुद्दा बनाया है। यह अनायास नहीं है कि ट्रंप को किसी तरह राष्ट्रपति की दौर से बाहर करने के हर प्रयास अमेरिका में हो रहे हैं। चूंकि अभी तक इसमें सफलता नहीं मिली है इसलिए संभव है कुछ व्यक्तियों या समूहों ने उन्हें रास्ते से ही हटा देने का निर्णय किया हो, इसलिए यह हमला अंतिम नहीं हो सकता। अगर भारत की ओर लौटें तो प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे हिंदुत्व विचारधारा को मानने वाले संगठनों को लेकर ऐसे ही वातावरण बनाने की कोशिश हुई है। ज्यादातर गैर भाजपायी राजनीतिक दलों के नेताओं, मीडिया के एक वर्ग, बुद्धिजीवी, एक्टिविस्ट, थिंक टैंक आदि भारत में भी उनके प्रति ऐसी ही घृणा और विरोध पैदा कर रहे हैं। इन संगठनों को फासिस्ट, अल्पसंख्यक विरोधी, हिंसक, भारतीय समाज की एकता का दुश्मन और न जाने क्या-क्या कहा गया है। एक बड़े वर्ग के अंदर यह भावना पैदा कर दी गई है कि अगर आपको स्वयं, देश को बचाना है तो इन सबको हर स्तर पर पराजित करना होगा। हम सोशल मीडिया से लेकर टीवी डिबेटों पर उनके विरोधियों की भाषा देख सकते हैं। पूरे देश के एक बड़े वर्ग के अंदर घृणा का भाव पैदा हुआ है। इस समय विश्वभर में इस तरह की प्रवृत्ति उभरी है। पूर्व में क्रांति कर सत्ता बदलने के विचार-व्यवहार वाले कम्युनिस्टों की जगह एक ऐसे नव वाममार्गी विचारधारा पूरी दुनिया में दिख रही है जो राष्ट्रवाद पर गर्व करने वाले संगठनों को लेकर घृणा-विरोध नैरेटिव और अन्य संसाधनों से पैदा कर रहा है। भारत और अमेरिका दो देश इस समय इन मामलों में सबसे आगे हैं। इन दोनों देशों के अंदर समाज में तनाव और गुस्सा धीरे-धीरे बढ़ाया गया है। यह अजीब किस्म का नया वामवाद या कम्युनिज्म है जिसकी अपनी विचारधारा स्पष्ट नहीं लेकिन ये उसी तरह की रेडिकल बातें करते हैं। हैरत की बात यह है कि इनमें विश्व के बड़े पूंजीपति, एनजीओ और संस्थान शामिल हैं। अमेरिका में इनकी संख्या ज्यादा है इसलिए इसका प्रभाव वहां सर्वाधिक दिखा है। भारत में संघ, भाजपा या ऐसे कुछ संगठनों का जमीन तक विचारधारा के आधार पर संगठन है इस कारण यहां ऐसा प्रभाव नहीं दिखता है। कई बार एक ही परिवार या रिश्तों के बीच दोनों विचारधाराओं के लोग हैं। ऐसी सामाजिक संरचना दूसरे देश में नहीं है। सच कह तो इस कारण हम बचे हुए हैं।

डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश हम सबके लिए सबक होना चाहिए। राजनीति और सार्वजनिक जीवन में असहमति और मतभेद होना स्वाभाविक है, किंतु राजनीति और सार्वजनिक जीवन में घृणा और दुश्मनी का कोई स्थान नहीं। हम एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी होंगे, राजनीतिक और वैचारिक विरोधी होंगे, किंतु दुश्मन नहीं जिसके विरुद्ध इतनी घृणा पैदा की जाए कि लोग हिंसा की सीमा तक पहुंच जाए। यह सभी पक्षों पर लागू होता है। हालांकि जैसा वातावरण भारत, अमेरिका सहित कई देशों में बन चुका है उसमें कोई तत्काल इससे सबक लेगा इसकी संभावना कम है। अगर सबक लेकर हम संभलने या संभालने की कोशिश करें तो उसमें भी सफलता की संभावना कमजोर हो गई है, क्योंकि वातावरण काफी विषाक्त बन चुका है। इसलिए सबके सामने यही प्रश्न है कि स्थिति को हम कैसे संभालें।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



एडम चोटी या एडम पीक श्रीलंका के आकर्षण में एक नायाब हीरा हैं जोकि श्रीलंका दर्शन के महत्व को और अधिक बढ़ा देता हैं। एडम पीसक के शिखर पर एक पत्थर में एक पदचिह्न है। जोकि अलग-अलग धर्म के लोगो के लिए अध्यात्मिक महत्व रखता हैं और वर्तमान समय में शिखर पर एक बौद्ध मठ बना हुआ है।

विश्व न्याय दिवस
अखिलेश आर्येन्दु




# सब को समान न्याय एक चुनौती

दुनिया में मानवता के खिलाफ अपराध को रोकना मानवतावादियों के लिए चुनौती रही है। आज भी दुनिया में कहीं न कहीं नरसंहार, युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ संहार चलते रहते हैं। इन्हें रोकने की तमाम कवायदें चलती रहने के बावजूद इन्हें रोकना संभव नहीं हो पाया है। इन्हें रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की स्थापना हुई। 17 जुलाई 1998 को 120 देश अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रोम संविधि नामक संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए एक साथ आए। तब से इसे अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रूप में जाने जाना लगा। रोम संविधि का जश्न मनाने के लिए, विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस तब से मनाया जाने लगा। पिछले 22 वर्षों में दुनिया में न्याय के क्षेत्र में तमाम बदलाव आए हैं। मानवता के खिलाफ दुनिया में चलाए जा रहे तमाम षड्यंत्रों को विफल करने में इस संस्था की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। इसकी स्थापना के पीछे नरसंहार, युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराधों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के निर्णयों का समर्थन करना भी है। 2010 में राज्य दलों की सभा ने संविधि की समीक्षा सम्मेलन में इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने का निश्चय किया। दुनिया के तमाम देश इसे मनाते हैं। पीड़ितों के अधिकारों को बढ़ावा देना इस दिवस के मनाने की खास वजह रही है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक कानून, न्यायपूर्ण और निष्पक्ष समाज की जरूरत आज विश्व समाज की सबसे बड़ी जरूरत है। एक सर्व सहमति से समझ बनाने की जरूरत है जो आतंक, नरसंहार और गैर इंसानी गतिविधियों के शिकार हो हलाकानी झेलने के लिए अभिशप्त हैं। विश्व समाज आज डर के माहौल में जीने के लिए मजबूर है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कोशिशों की भूमिका खास मायने रखती है। विश्व सामाजिक न्याय दिवस हमें हर साल अधिक न्यायपूर्ण, अधिक समतापूर्ण समाज बनाने की जरूरत को याद दिलाता है। समाज को समर्थ बनाने की दिशा में इस दिवस की महत्ता खास है, साथ ही समाज से असमानता, भेदभाव और अन्याय के खिलाफ खड़ा होने के लिए तैयार होना भी है। आज जरूरी है कि विश्व समाज में सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय, राजनीतिक न्याय और कानूनी न्याय बगैर भेदभाव सभी को न्याय मिले। यह आज की सबसे बड़ी चुनौती है। विधि क्षेत्र में न्याय के जिन चार प्रकारों की बात की जाती है उनमें वितरणात्मक (यह निर्धारित करना कि किसे न्याय मिलता है) प्रक्रियात्मक न्याय (यह निर्धारिक तरना कि लोगं के साथ कितना निष्पक्ष व्यवहार किया जाता है) प्रतिशोधात्मक न्याय ( गलत काम करने पर दंड के आधार पर) और पुनर्स्थापनात्मक (जो रिश्तों को सही बनाने की कोशिश करता है) इन चार तरह के न्यायों को समझना और दूसरों को इनके प्रति जागरूक करना भी इस दिवस का एक हिस्सा है। विकासशील देशों में ही अन्याय के मामले ज्यादा नहीं हैं, बल्कि विकसित देशों में अन्याय से पीड़ित लाखों की तादाद में लोग हैं। भारत में करोड़ों की तादाद में न्यायालयों में मुकदमे लम्बित हैं। करोड़ों मुकदमों का फैसला तब आता है जब वादी या प्रतिवादी इस दुनिया से रुख्सत हो चुके होते हैं। बगैर भेदभाव के न्याय दिलवाने और समय से दिलवाने के लिए विश्व स्तर पर सामूहिक प्रयास तो होने ही चाहिए। संविधि में शामिल सभी देशों को एक मत से इस पर गौर करना चाहिए की सभी को बगैर समय पर न्याय मिले। इससे इस दिवस का महत्व और बढ़ भी जाएगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मोह-माया से दूर रहकर ही मुक्ति संभव



संकलित
दर्शन

हम एक-दूसरे की ओर ध्यान से देखते हैं, तो पाते हैं कि हम में से हरेक के गुण अलग हैं। तौर-तरीके अलग हैं। विचार अलग हैं। बात करने का तरीका, कार्य करने का तरीका भी अलग है। अगर हम अपने आपको श्रेणिबद्ध करने की कोशिश करें, तो चार किस्म की श्रेणियां हैं, जिसमें कि इनसान अपने आपको पाता है। एक महापुरुष की जिंदगी का एक किस्सा है। एक बार वे अपने शिष्यों के साथ समुद्र के किनारे टहल रहे थे। वहां उन्होंने देखा कि एक मछुआरा अपना जाल डालकर पानी में बैठा हुआ है। जैसे ही वे उस मछुआरे के पास से गुजरे, तो रुक गए। उन्होंने अपने शिष्यों से कहा कि जाकर देखो, उस मछुआरे के जाल में किस किस्म की मछलियां फंसी हुई हैं? शिष्यों ने आकर संत से कहा कि उन्होंने वहां तीन किस्म की मछलियां देखी हैं। कई मछलियां ऐसी थीं, जो कि जाल में एकदम निढाल होकर पड़ी हुई थीं, वे ऐसे लेटी हुई थीं, जैसे कि उन्हें कुछ नहीं करना। दूसरी किस्म की मछलियां ऐसी थीं, जो जाल में से निकलने के लिए कुछ हाथ-पैर मार रही थीं, लेकिन वे जाल में फंसी रहीं। तीसरी किस्म की मछलियां वे थीं, जिन्होंने बहुत हाथ-पैर मारे और मारते-मारते कुछ जाल में से बाहर निकल गईं। संत ने अपने शिष्यों को समझाते हुए कहा कि हम इनसान भी कुछ ऐसे ही जीते हैं। कुछ लोग ऐसे हैं, जो माया के जाल में ऐसे फंसे हुए हैं कि वे सोचते ही नहीं कि वे जाल में फंसे हुए हैं, वे वैसे ही उस जाल में टिके रहते हैं। उसी में मस्त रहते हैं। दुनिया के कार्यों में लगे रहते हैं।


## सब दिशाओं में फैलती है सतकर्मों की सुगंध



संकलित
प्रेरणा

महात्मा बुद्ध धर्म-प्रचार के लिए स्थान-स्थान पर जाते थे। उनके वचनों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग उनके शिष्य बन जाते थे। जो लोग उनके शिष्य नहीं बन सके, वे उनके अनुयायी बन गए। बुद्ध अपने सभी शिष्यों को समान मानते थे। इनमें आनंद नाम का एक शिष्य था, जो उनके सबसे प्रिय शिष्यों में से एक था। एक बार आनंद श्रावस्ती में संध्या के समय विपश्यना कर रहे थे। उनके साथ अनेक शिष्य और आम जन भी थे। विपश्यना करते हुए अचानक उनका ध्यान पास ही खिले हुए फूलों की ओर गया। उन खिले हुए फूलों की सुंदरता को देखकर वह चिंतन करने लगे कि ये फूल देखने में जितने सुंदर हैं, उतनी ही अच्छी इनकी सुगंध भी है। लेकिन यह क्या? यह सारी सुगंध तो उस ही दिशा में बह रही है, जिस ओर हवा बह रही है। जबकि इन फूलों की सुगंध को तो चारों ओर फैलना चाहिए। आखिर इसका कारण क्या है? फूलों की सुगंध हवा का अनुसरण क्यों कर रही है। ऐसा लगता है मानो हवा फूलों की इस सुगंध को अपनी ओर खींच रही हो। यह चिंतन करते-करते आनंद को ध्यान आया कि बुद्ध ने तीन प्रकार की उत्तम गंध की चर्चा की है। ये हैं- 'मूलगंध', 'सारगंध' और 'पुष्पगंध।' क्या इसके अलावा कोई और भी गंध है, जो हवा के विपरीत या सब तरफ फैले। आनंद के मन में विचार आया कि क्यों न बुद्ध के पास जाकर इस शंका का समाधान पाया जाए। ऐसा सोचकर वह बुद्ध के पास गए और बोले, 'भंते! क्या इस जगत में ऐसी भी कोई सुगंध है, जो हर दिशा में अपनी सुगंध बिखेरती हो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अनियंत्रित यातायात

राजधानी के संतोषीनगर चौक पर हर दिन यातायात अनियंत्रित हो जाता है। ओवरब्रिज के पास हमेशा जाम की स्थिति रहती है। ऐसे में लोगों को रास्ता पार करना मुश्किल हो जाता है। संतोषीनगर बाजार से ओवरब्रिज के बीच ट्रकें रास्ते को रोकती है। ऐसे में वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं। बारिश के दिनों में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। ऐसे में यह रास्ता काफी मुश्किलभरा है।

*- राजेंद्र कुमार*

## करंट अफेयर

### 16 लाख बच्चों ने 2023 में नहीं ली टीके की एक भी खुराक

भारत में 2023 में करीब 16 लाख बच्चों को टीके की एक भी खुराक नहीं मिली। इस क्रम में भारत का स्थान दूसरा है जबकि पहले स्थान पर नाइजीरिया है जहां 21 लाख बच्चों को इसी अवधि के दौरान टीके की एक भी खुराक नहीं मिली। भारत की रैंकिंग में हालांकि 2021 की तुलना में सुधार हुआ है, जब देश में वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक 27 .3 लाख बच्चों को टीके की एक भी खुराक नहीं मिली थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ द्वारा सोमवार को संयुक्त रूप से प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, 2023 में नाइजीरिया में शून्य खुराक वाले बच्चों की संख्या सबसे अधिक 21 लाख थी। भारत के बाद अन्य देश इथियोपिया, कांगो, सूडान और इंडोनेशिया हैं। इस श्रेणी में शीर्ष 20 देशों में चीन 18वें स्थान पर है, जबकि पाकिस्तान 10वें स्थान पर है। टीकाकरण एजेंडा 2030 (आईए2030) के संदर्भ में, 2021 में शून्य खुराक वाले बच्चों की संख्या के आधार पर, बीस देशों को प्राथमिकता दी गई। दक्षिण एशिया क्षेत्र (रोसा) के लिए संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार, शून्य खुराक वाले बच्चों की संख्या के आधार पर रैंक किए गए देशों में, 2021-2023 में भारत 1,592,000 शून्य खुराक वाले बच्चों के साथ आठ देशों में से पहले स्थान पर है।



## ऑफ बीट

### रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची

भारत ने 346 सैन्य हार्डवेयर की एक नयी सूची की घोषणा की जिसमें रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण प्रणालियां और हथियार शामिल हैं। इन्हें एक निश्चित समय-सीमा के भीतर उनके आयात पर प्रतिबंध लागू होने के बाद केवल सरकार द्वारा संचालित घरेलू निर्माण इकाइयों से ही खरीदा जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि घरेलू रक्षा उद्योगों को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत पिछले तीन वर्ष में 12,300 से अधिक वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया जा चुका है। मंत्रालय ने कहा कि 346 वस्तुओं वाली पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची को अधिसूचित किया गया है और इन वस्तुओं का उत्पादन रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों (डीपीएसयू) द्वारा किया जाएगा। बयान में कहा गया है, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और डीपीएसयू द्वारा आयात को न्यूनतम करने के लिए रक्षा उत्पादन विभाग ने 346 वस्तुओं वाली पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) को अधिसूचित किया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इससे अर्थव्यवस्था में वृद्धि को गति मिलेगी, रक्षा में निवेश बढ़ेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं।



## X ट्रेंड

### भारतीय भाषा को बढ़ावा देना



प्रत्येक भारतीय भाषा को बढ़ावा देना, संरक्षित करना, लोकप्रिय बनाना और समृद्ध करना नई शिक्षा नीति की प्राथमिकता है। भारतीय भाषाओं में लेखन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का इंतजार करें।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### बाइडेन सही कह रहे



राष्ट्रपति बाइडेन बिल्कुल सही कह रहे हैं, कि इस तरह की हिंसा के लिए अमेरिका में कोई जगह नहीं है। एक देश के रूप में हम हर बात पर सहमत नहीं हो सकते हैं, लेकिन हमें उस पर सहमत होने में सक्षम होना चाहिए।

-बराक ओबामा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति

### जम्मू कश्मीर की स्थिति



जम्मू कश्मीर में फिर से आतंकी मुठभेड़ में हमारे जवान शहीद हो गए। शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों को गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। एक के बाद एक ऐसी भयानक घटनाएं चिंताजनक है। ये आतंकी हमले जम्मू कश्मीर की स्थिति बयान कर रहे हैं।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### दयालु नेताओं की जरूरत



क्या करुणा, सहानुभूति, दयालुता या परोपकार के समान है? ये शब्द अक्सर एक दूसरे के स्थान पर उपयोग किए जाते हैं, लेकिन क्या ये वास्तव में पर्यायवाची हैं? मेरा दृष्टिकोण है कि करुणा का क्या अर्थ है और क्यों पहले से अधिक दयालु नेताओं की आवश्यकता है

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# आईसीएआर ने 6 हजार किस्में दी, कितनी लैब से लैंड तक पहुंची: चौहान

◆ विज्ञान का व्यावहारिक उपयोग नहीं होगा तो किसान को फायदा नहीं होगा ◆ जानेःकिसान और वैज्ञानिक कितना जुड़ा है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि हमारे देश में सीमांत किसान हैं। छोटी जोत के किसान के लिए मॉडल फॉर्म बनाने की ज़रूरत है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की आत्मा है और किसान उसकी रीढ़ है। कृषि विविधिकरण कर देंगे तो किसानों की खेती में आय बढ़ाना संभव है।

आज हम इसी संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने 6 हजार किस्में दी हैं। इनमें से कितनी किस्में लैब से लैंड तक पहुंची हैं। किसान और वैज्ञानिक कितना जुड़ा है, हमें इस पर काम करना है। जब तक विज्ञान का व्यावहारिक उपयोग नहीं होगा तो किसान को फायदा नहीं होगा। किसान और कृषि विज्ञान केंद्र का कितना संबंध है इसका विश्लेषण करना होगा। चौहान ने ये बातें नई दिल्ली के एनएएससी कॉम्प्लेक्स स्थित डॉ. सी. सुब्रमण्यम ऑडिटोरियम में 96वें आईसीएआर की स्थापना एवं प्रौद्योगिकी दिवस 2024 का उद्घाटन के उपरांत अपने संबोधन में कही। इस अवसर पर केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी एवं राम नाथ ठाकुर, केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती





राज मंत्रालय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल और सचिव (कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग) एवं महानिदेशक (आईसीएआर) हिमांशु पाठक भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर फसलों की 25 किस्में जारी की और कुछ उत्पाद किसानों को समर्पित किए। पशु विज्ञान व मत्स्य विज्ञान के लिए वैक्सीन किट जारी की। साथ ही, फसलों के वेस्ट से बने विभिन्न उत्पाद भी जारी किए। वैज्ञानिकों को भी समानित किया। चौहान ने वैज्ञानिकों से कहा कि हम 4 साल के लक्ष्य निर्धारित करें और 4 साल के बाद हम कहें कि हमने यह लक्ष्य पूरे किये। पशुपालन, मछलीपालन, गेहूं उत्पादन, दलहन, तिलहन में उत्पादन बढ़ाना हो इसके लिए काम करना है। चौहान ने कहा कि देश में 731 कृषि विज्ञान केंद्र हैं उनमें 2-2 विज्ञानिकों को 1-1 केंद्र में भेजिए और वे वहां अध्ययन करें और वहां जाकर भी शोध होगा तभी हम किसानों को फायदा पहुंचा सकते हैं। आज हम संकल्प लें कि दलहन और तिलहन में भी भारत को आत्मनिर्भर बनाएंगे, इसके लिए सरकार पूरा समर्थन करेगी। दलहन के लिए समृद्धि पोर्टल बना है। किसानों के लिए जागरूकता अभियान चलाना होगा। सारे वैज्ञानिक साल में एक महीना खेत में जाकर किसानों को सिखाएं। सभी कृषि विश्वविद्यालय किसानों के लिए काम करें। कृषि विश्वविद्यालय, वैज्ञानिक और खेत एक साथ जुड़ने चाहिए। उत्पादन बढ़ाना ज़रूरी है लेकिन इस पर भी ध्यान देना ज़रूरी है कि मानव शरीर पर उसका क्या प्रभाव होगा। प्राकृतिक खेती पर भी अनुसंधान कीजिए। श्रीअन्न का उत्पादन कैसे बढ़े, इस पर भी प्रधानमंत्री जी ने चिंता व्यक्त की है। श्री अन्न का उत्पादन कैसे बढ़े, इस पर भी काम करें। पशुओं में घोड़ों और कुत्तों की स्वदेशी नस्लों को विकसित करने पर भी ध्यान दें। प्रौद्योगिकी के साथ भी हम कैसे जोड़ें इस पर भी काम करने की आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन को देखते हुए भी काम करने की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप

### कल फिर खोला जाएगा पुरी का रत्न भंडार

**पुरी।** पुरी रत्न भंडार गुरुवार को फिर से खोला जाएगा। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन



(एसजेटीए) ने मंगलवार को कहा कि रत्न भंडार का आंतरिक कक्ष गुरुवार को सुबह 9.51 बजे से दोपहर 12.15 बजे के बीच फिर से खोला जाएगा। इस दौरान आभूषणों को मंदिर में स्थित अस्थायी कोषागार में स्थानांतरित किया जाएगा। बैठक में फैसला हुआ।

### निर्माण के लिए जल्द खाली होगा बलिया जेल

**लखनऊ।** बालिया की जिला जेल लगभग एक सप्ताह में खाली हो जाएगी। बलिया जेल में निरुद्ध सभी




494 महिला व पुरुष बंदियों को जिला कारागार मऊ व आजमगढ़ तथा केंद्रीय कारागार वाराणसी में स्थानांतरित किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जेल के लिए जमीन चिह्नित कर ली है। जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा। एक हजार से ज्यादा नई जेल की क्षमता होगी।

### स्टेशनरी ब्रांड कैमलिन के चेयरमैन नहीं रहे

**नई दिल्ली।** स्टेशनरी ब्रांड कोकुयो कैमलिन के चेयरमैन सुभाष दांडेकर का सोमवार को 86 वर्ष में



निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सेंट्रल मुंबई में किया गया। दांडेकर ने कैमलिन को गुणवत्तापूर्ण स्टेशनरी और शैक्षिक उत्पादों के रूप में एक घरेलू नाम के रूप में स्थापित करने में भूमिका निभाई थी। निधन एक प्रतिष्ठित ब्रांड के लिए एक युग के अंत का प्रतीक है।

### सुवेंदु ने लॉन्च किया विशेष पंजीयन पोर्टल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल भाजपा के वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी ने एक पोर्टल लॉन्च किया है। इस



पोर्टल में वो लोग शिकायत दर्ज कर पाएंगे, जिन्होंने आरोप लगाया है कि वे लोकसभा चुनाव और उपचुनाव के दौरान वोट नहीं डाल सके। उपचुनाव में हजारों लोग वोट नहीं डाल सके। सुवेंदु का दावा है कि लोकसभा चुनाव में लाखों हिंदुओं को वोट नहीं डालने दिया गया।

### कविता की तिहाड़ जेल में तबीयत बिगड़ी,भर्ती

**नई दिल्ली।** कथित शराब घोटाले में आरोपी के कविता की तिहाड़ जेल में तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें




दिल्ली केडीडीयू अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अब उन्हें क्या दिक्कत हुई, किस वजह से अस्पताल ले जाई गईं, अभी साफ नहीं। इससे पहले भी उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कुछ दिक्कतें रही हैं, तब भी कोर्ट से राहत मांगी गई थी। कविता शराब नीति घोटाला मामले में जेल में हैं।

## गृहमंत्री शाह ने महेंद्रगढ़ में 'पिछड़ा वर्ग सम्मान समारोहर' को किया संबोधित

# जस का तस रहेगा रिजर्वेशन, हरियाणा में मुस्लिम आरक्षण लागू नहीं होने देंगे

कांग्रेस ने कर्नाटक में पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीन मुसलमानों को दिया | कांग्रेस ने जातिवाद और भ्रष्टाचार के सिवाय हरियाणा को कुछ नहीं दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



केंद्रीय गृह एवं अमित शाह ने मंगलवार को हरियाणा के महेंद्रगढ़ में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। महेंद्रगढ़ में 'पिछड़ा वर्ग सम्मान' सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में पिछड़े वर्ग का रिजर्वेशन छीनकर मुसलमानों को देने का काम किया है।

अगर ये यहां भी आ गए तो यहां पर भी यही करेंगे। मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम हरियाणा में किसी भी हालत में मुस्लिम रिजर्वेशन लागू नहीं होने देंगे। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने जातिवाद और भ्रष्टाचार के सिवाय हरियाणा को कुछ नहीं दिया। कांग्रेस सरकारें बनती थीं, तो भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंचती था, दूसरी सरकार आती थी तो गुंडागर्दी चरम सीमा पर पहुंचती थी। जबकि भाजपा ने संपूर्ण हरियाणा का विकास करने वाली सरकार देने का काम किया है। साथ ही विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



**प्रधानमंत्री ने देशभर में ओबीसी का सम्मान किया**

उन्होंने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद पूरे देश को कहा था कि मेरी ये सरकार दलितों, गरीबों और पिछड़ों की सरकार है। देश को पहला सशक्त पिछड़े वर्ग का प्रधानमंत्री देने का काम भाजपा ने किया है। 71 में से 27 मंत्री पिछड़े वर्ग से देकर मोदी जी ने हरियाणा और देश के ओबीसी का सम्मान करने का काम किया है।

### आप कर्नाटक जैसी 'स्थिति' यहां न बनने दें

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में पिछड़े वर्ग का रिजर्वेशन छीनकर मुसलमानों को देने का काम किया है। अगर ये यहां भी आ गए तो यहां पर भी यही करेंगे। मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम हरियाणा में किसी भी हालत में मुस्लिम रिजर्वेशन लागू नहीं होने देंगे।

### सीएम सैनी के नेतृत्व की सराहना की

उल्लेखनीय है कि पिछले 20 दिन में अमित शाह का हरियाणा का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले उन्होंने 29 जून को पंचकूला में पार्टी की बैठक की अध्यक्षता की थी और अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा था। बैठक में अमित शाह ने यह भी घोषणा की थी कि भाजपा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेगी।

### ग्रुप अनुसार यहां आरक्षण लागू होगा

हरियाणा में पिछड़ा वर्ग सम्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुए गृह मंत्री शाह ने कहा कि नायब सिंह सैनी के कैबिनेट ने तीन निर्णय लिए हैं। पहला निर्णय क्रीमी लेयर की सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख करने का निर्णय किया है। दूसरा-पंचायतों में 8 फीसदी आरक्षण ग्रुप-ए के लिए था। इसके साथ अब ग्रुप डी को 5 फीसदी आरक्षण मिलना शुरू हो जाएगा। तीसरा, नगर निगम में ग्रुप-बी के लिए 5 फीसदी आरक्षण मिलना शुरू होगा और 8 प्रतिशत जस का तस रहेगा तथा ग्रुप-बी का 5 फीसदी अधिक मिलेगा। ये तीनों निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति को लागू करने वाला है।

## नूपुर से संबंधित मामला

# 'सर तन से जुदा' का नारा लगाने वाले खादिम को कर दिया बरी



» *कोर्ट ने अन्य 6 को भी कर दिया बरी*

एजेंसी ▶▶ अजमेर

निलंबित भाजपा नेता नूपुर शर्मा के खिलाफ 'सर तन से जुदा' का नारा लगाने के आरोप में गिरफ्तार अजमेर शरीफ दरगाह के खादिम गौहर चिश्ती को मंगलवार को स्थानीय अदालत ने बरी कर दिया है।

अदालत ने इस मामले में छह अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया है। जून 2022 में एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें गौहर चिश्ती और अन्य को अजमेर दरगाह के मुख्य द्वार पर नूपुर शर्मा के खिलाफ भड़काऊ नारे लगाते देखा गया था।

### शर्मा को धमकी दी थी

खादिम गौहर चिश्ती को नुपुर के खिलाफ मुस्लिम समुदाय की रैली में 'सर तन से जुदा' का नारा लगाते हुए देखा गया था। यह मामला नुपुर एक टेलीविजन बहस के दौरान पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के बाद खड़ा हुआ था। शर्मा ने अपनी टिप्पणी के लिए कई बार जान से मारने की धमकियां मिलने की शिकायत भी दर्ज कराई है। चिश्ती के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। उन्हें 14 जुलाई 2022 को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया था।

### दर्जी की हत्या के साथ संबंध पर जांच

पुलिस उदयपुर में हुए दर्जी कन्हैया लाल की हत्या मामले में चिश्ती के संबंधों की भी जांच कर रही थी। कन्हैया लाल को 2 लोगों ने एक विवादित सोशल मीडिया पोस्ट के चलते चाकू से गोदकर मार डाला था। अब कोर्ट ने चिश्ती को बरी कर दिया है।

## केसीआर के मामले में भड़के सीजेआई

# सुनवाई के बीच में ही आयोग का इस्तीफा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच तेलंगाना के पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसी दौरान एक सदस्यीय आयोग के अध्यक्ष रिटायर्ड जज जस्टिस रेड्डी का इस्तीफा आ गया। आयोग के रवैए



पर सीजेआई ने सवाल उठाया था। जस्टिस रेड्डी द्वारा प्रेस को दिए बयानों पर मौखिक रूप से असहमति जाहिर की। कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा कि उसे जज को बदल देना चाहिए। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि दो बजे तक मुझे नाम दीजिए।

## कर्नाटक में लैंडस्लाइड से भारी तबाही

# एक परिवार के 5 लोगों समेत 7 की मौत, नदी में गिरा गैस टैंकर

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के शिरूर में भूस्खलन के कारण 5 सदस्यीय परिवार सहित 7 लोगों की मौत हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 66 पर सड़क किनारे छोटी-मोटी दुकान चलाने वाले परिवार के सदस्यों के पहाड़ी से गिरी मिट्टी के नीचे फंसे होने की आशंका है।

भूस्खलन के कारण एक गैस टैंकर भी पास की गंगावली नदी में चला गया। बताया जा रहा गाड़ी के ड्राइवर और क्लीनर जो कथित तौर पर घटना के समय दुकान पर चाय पी रहे थे, लापता हैं।



### *10-15 लोग गंगावली नदी में गिरे*

*पुलिस अधिकारी ने बताया कि बचाव कार्य जारी है। विधायक सतीश सेल ने कहा कि उन्हें जो रिपोर्ट मिली है, उसके अनुसार भूस्खलन के बाद 10-15 लोग गंगावली नदी में गिर गए होंगे।*

### *शिमला में इंजीनियरऔर मशीनरी को किया अलर्ट*

***शिमला।*** *हिमाचल प्रदेश में 250 स्थान ऐसे हैं, जहां भूस्खलन की संभावना सबसे ज्यादा है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार मंडी और शिमला की सड़कों पर सबसे ज्यादा भूस्खलन होता है। विभाग ने ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों में जेसीबी, पोकलेन और डोजर तैनात किए हैं, जिससे सड़क को यातायात के लिए तुरंत बहाल किया जा सके। सड़कें बहाल रखने के लिए 1300 कर्मचारी फील्ड में लगाए हैं। 500 के करीब मशीनरी तैनात की गई है।*

## घोटाले में शामिल मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, निष्पक्ष जांच के लिए दें इस्तीफा : भाजपा

*केंद्रीय मंत्री शोभा ने 187 करोड़ रुपए के घोटाले पर उठाए सवाल*

# मुख्यमंत्री के इशारे पर दोनों निगमों में वित्तीय अनियमितताएं हुईं: करंदलाजे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने कहा है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया कथित मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण और कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम घोटालों में शामिल थे और निष्पक्ष जांच के लिए उन्हें तुरंत अपना इस्तीफा देना चाहिए

केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने दावा किया कि सिद्धारमैया कथित मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण और कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम घोटालों में शामिल थे। भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में करंदलाजे ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच के लिए सिद्धारमैया को तुरंत अपना इस्तीफा देना चाहिए क्योंकि उनके पास राज्य के वित्त मंत्री का प्रभार भी है और वह लीपापोती करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उनके इशारे पर दोनों निगमों में वित्तीय अनियमितताएं हुईं। शोभा ने कहा कि मार्च में यूनियन बैंक से 187 करोड़ रुपए कर्नाटक के दूसरे



बैंक में ट्रांसफर किए गए थे। फिर दूसरे बैंक से धनराशि अलग-अलग शराब की दुकानों में भेज दी जाती है। निगम के एक अधिकारी ने अपने सुसाइड नोट में मनी लॉन्ड्रिंग के बारे में लिखा है और जिक्र किया है कि कैसे उन पर इस बारे में रिपोर्ट न करने के लिए दबाव डाला जा रहा था। उन्होंने दावा किया कि यूनियन बैंक ने सीबीआई को लिखा और ईडी ने कई गिरफ्तारियां की। सिद्धारमैया ने लोगों पर दबाव डाला और उन्होंने धन का इस्तेमाल अपने चुनाव प्रचार के लिए किया।

शोभा ने कहा कि विकास के लिए आए पैसे का दुरुपयोग किया गया। उन्होंने कहा कि मैं राहुल गांधी से पूछनी चाहता हूं कि एससी के लिए वैधानिक आवंटन कहां गया? उन्होंने दावा किया कि वह एमयूडीए भूमि घोटाले में भी शामिल हैं।

## चुनाव आयोग की दो टूक

# पराजित प्रत्याशी किसी भी ईवीएम की जांच करा लें, विकल्प मौजूद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बाद ईवीएम में छेड़छाड़ की जांच के लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर आवेदन करने वाले असंतुष्ट उम्मीदवारों को चुनाव आयोग ने कई विकल्प दिए हैं।

उम्मीदवार विधानसभा क्षेत्र के किसी भी मतदान केंद्र से ईवीएम को चुन सकते हैं। विकल्प में मॉक पोल और मॉक वीवीपैट पर्ची की गणना भी शामिल है। ईवीएम की बर्न्ट मेमोरी माइक्रोकंट्रोलर की जांच सत्यापन के लिए लोकसभा के 8 और विधानसभा के 3 उम्मीदवारों ने



आवेदन किया था। प्रक्रिया के अनुसार दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाले उम्मीदवारों को कई रैंडम टेस्ट चुनने का विकल्प दिया गया है। चुनाव आयोग ने कहा कि नियंत्रित वातावरण से आगे जाकर बर्न्ट मेमोरी की जांच पूर्वाग्रह या छिपी हुई कार्यक्षमता की संभावना या आशंका को समाप्त करती है।

## एमएसडीई के राज्य मंत्री ने कौशल संवाद में लिया भाग

# हम युवा प्रतिभाओं के लिए आजीवन कौशल सीखने को एक मूलभूत आवश्यकता बनाने की दिशा में कार्यरत हैं : जयंत चौधरी

» *प्रशिक्षित पेशेवरों और प्रशिक्षकों के साथ बातचीत की*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने विश्व युवा कौशल दिवस 2024 के आयोजन के अवसर पर "कौशल संवाद" में भाग लिया। इसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त है। उन्होंने इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कौशल भारत योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित पेशेवरों और उनके प्रशिक्षकों के साथ बातचीत भी की।

कौशल भारत मिशन के 10वें समारोह के अवसर पर जयंत चौधरी और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने कौशल भवन परिसर में एक पौधा भी लगाया। इस अवसर पर जयंत चौधरी ने कहा कि शांति स्थापना और सतत विकास में युवा कौशल की भूमिका महत्वपूर्ण है,



जो उद्योगों में कुशल पेशेवरों की मांग को पूरा करता है और वैश्विक मंच पर मुद्दों से निपटता है। सचिव अतुल कुमार तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत एक करोड़ 40 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है और 33 लाख से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षु के रूप में नियुक्त किया गया है।

तिवारी ने कहा कि मंत्रालय ने उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कई कौशल संस्थानों को उन्नत किया है और रोजगार क्षमता बढ़ाने और वैश्विक बाजारों में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए मंत्रालयों और उद्योग भागीदारों के साथ भागीदारी की है। इस कार्यक्रम में एमएसडीई के वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार नीलाम्बुज शरण, एमएसडीई की महानिदेशक (प्रशिक्षण) सत्रिशालजीत सेठी, एमएसडीई की संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार मधुमिता दास, एमएसडीई की संयुक्त सचिव सोनल मिश्रा, एमएसडीई की संयुक्त सचिव हेना उस्मान और एनएसडीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक वेद मणि तिवारी सहित कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### घरेलू कच्चे तेल पर सरकार ने अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर 6,000 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 7,000 रुपये प्रति टन कर दिया है। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। इसके अलावा डीजल, पेट्रोल, विमान ईंधन (एटीएफ) पर एसएईडी को 'शून्य'' पर बरकरार रखा गया है। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि नई दरें 16 जुलाई से लागू होंगी। भारत ने पहली बार अप्रत्याशित लाभ पर कर एक जुलाई, 2022 को लगाया था।

### स्पाइसजेट का शेयर सात प्रतिशत से अधिक चढ़ा

**मुंबई।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट का शेयर मंगलवार को सात प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। बीएसई पर शेयर 7.35 प्रतिशत चढ़कर 60 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी के वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही का एकल मुनाफा छह गुना बढ़कर 119 करोड़ रुपये होने की जानकारी देने के एक दिन बाद शेयर में तेजी आई।

### मस्क ने रोबोटैक्सी में विलंब की पुष्टि की

**डेट्रॉयट (अमेरिका)।** टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने बहुचर्चित रोबोटैक्सी के अनावरण में विलंब की पुष्टि की है। यह बहुचर्चित अनावरण कार्यक्रम आठ अगस्त को होने वाला था। मस्क ने आयोजन की कोई नई तारीख बताए बिना सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि उन्होंने वाहन के आगे के हिस्से के डिजाइन में बदलाव का अनुरोध किया है।

### मेकमाईट्रिप से एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मिलाया हाथ

**मुंबई।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस ने यात्रियों के लिए उड़ान, आवास और गाड़ियों की बुकिंग के लिए ऑनलाइन ट्रैवल फर्म मेकमाईट्रिप के साथ मिलकर साझा मंच 'एक्सप्रेस होलिडेज'' शुरू किया है।

# अकेले भारत में हो रहे बाकी दुनिया के बराबर डिजिटल पेमेंट




- 6 सालों में खुदरा डिजिटल पेमेंट में 100 फीसदी की तेजी आई
- देश धीरे-धीरे कैशलेस इकोनॉमी की ओर बढ़ रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीते कुछ सालों में भारत में लोगों के पेमेंट करने के तरीके में बड़ा बदलाव आया है। देश धीरे-धीरे कैशलेस इकोनॉमी की ओर बढ़ने लगा है। एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि बीते 6 सालों में खुदरा डिजिटल पेमेंट में 100 फीसदी से ज्यादा की तेजी देखी गई है। साथ ही रिपोर्ट में अनुमान जाहिर किया गया है कि अगले 6 साल में देश में डिजिटल खुदरा पेमेंट में फिर 100 फीसदी की ग्रोथ आ सकती है। केर्नी और अमेजन पे की संयुक्त रिपोर्ट 'हाउ अर्बन इंडिया पेज' के हवाले से बताया है कि साल 2030 तक भारत में खुदरा डिजिटल पेमेंट मौजूदा स्तर की तुलना में डबल होकर 7 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बीते 6 सालों के दौरान यानी साल 2018 से 2024 तक देश में यूपीआई पेमेंट में 138 फीसदी की ग्रोथ आई है।

### 3.6 ट्रिलियन डॉलर के खुदरा भुगतान

*रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2017-18 में भारत में 300 बिलियन डॉलर के खुदरा भुगतान डिजिटल तरीके से किए जा रहे थे। उनकी वैल्यू बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 3.6 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गई। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि बीते कुछ सालों के दौरान देश में डिजिटल पेमेंट की स्वीकार्यता किस तरह से बढ़ी है और अब लोग व्यापक स्तर पर डिजिटली खुदरा पेमेंट कर रहे।*



### अकेले भारत दे रहा लगभग आधा योगदान

*भारत में खुदरा पेमेंट के डिजिटल होने की व्यापकता का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि 2022 में पूरी दुनिया में इस तरह के जितने डिजिटल पेमेंट किए गए, उनमें लगभग आधे अकेले भारत में किए गए। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में ग्लोबल डिजिटल पेमेंट वॉल्यूम में अकेले भारत ने 46 फीसदी का योगदान दिया था।*

### 8 साल पहले हुई यूपीआई की शुरुआत

*भारत में यूपीआई की शुरुआत साल 2016 में की गई। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया यानी भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने इसे डेवलप किया है। यह पलक झपकते एक बैंक अकाउंट से दूसरे बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करने की सुविधा देता है। यूपीआई की दुनिया भर में सराहना हुई है। भारत में डिजिटल पेमेंट को आगे बढ़ाने में यूपीआई का योगदान सबसे बड़ा है।*

### ई-कॉमर्स का भी बढ़ रहा है बाजार

*डिजिटल होती इकोनॉमी में भारत का ई-कॉमर्स बाजार भी बड़ा हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में भारत के ई-कॉमर्स बाजार का आकार 75 बिलियन डॉलर से 80 बिलियन डॉलर का था। साल 2030 तक इसमें 21 फीसदी की तेजी आ सकती है।*

## मामला वित्त वर्ष 2021-22 के लेनदेन से जुड़ा

# पेमेंट्स बैंक्स मामला: सेबी ने पेटीएम को भेजा 'प्रशासनिक चेतावनी पत्र'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस को सेबी से एक ''प्रशासनिक चेतावनी पत्र'' मिला है। मामला वित्त वर्ष 2021-22 में ऑडिट समिति या शेयरधारकों की मंजूरी के बिना पेटीएम पेमेंट्स बैंक्स (पीपीबीएल) के साथ संबंधित लेनदेन से जुड़ा है। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा कि उसने लगातार सेबी के नियमों के अनुपालन में काम किया है। फिनटेक कंपनी ने कहा कि वह '' अनुपालन मानकों को बनाए रखने और पारदर्शिता को लेकर प्रतिबद्ध है और सेबी को अपना जवाब भी देगी। ''

- कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा गाइड लाइन का पालन किया

### खुलासे के संबंध में जांच की

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 15 जुलाई को लिखे पत्र में कहा कि उसने वन97 कम्युनिकेशंस और उसकी सहयोगी पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) से संबंधित वित्तीय तथा अन्य सूचनाओं के खुलासे के संदर्भ में जांच की है।

### लेखा परीक्षा समिति ने लेनदेन को आरपीटी माना

*सेबी ने कहा, '' दूसरी ओर कंपनी के निदेशक मंडल और लेखा परीक्षा समिति ने ओसीएल और/या इसकी अनुषंगी कंपनियों के बीच पीपीबीएल के साथ लेनदेन को महत्वपूर्ण आरपीटी माना है। साथ ही एक प्रस्ताव पारित किया गया कि पीपीबीएल के साथ आरपीटी, संबंधित प्रस्तावों में उल्लिखित सीमाओं के भीतर होंगे।''*



### अनुपालन मानकों में सुधार की चेतावनी दी

*सेबी ने कहा, '' इसलिए आपको भविष्य में सावधान रहने तथा अपने अनुपालन मानकों में सुधार करने की चेतावनी दी जाती है, ताकि भविष्य में ऐसा कुछ दोबारा न हो। ऐसा न करने पर कानून के अनुसार उचित प्रवर्तन कार्रवाई शुरू की जाएगी।''*

### 10 दिनों के भीतर मांगी रिपोर्ट

*बाजार नियामक ने कंपनी को यह भी सलाह दी कि वह अपना पत्र निदेशक मंडल की बैठक में उसकी जानकारी और आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के लिए रखे, '' जिसके बाद 10 दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट सेबी को प्रस्तुत की जाए।''*

### सेबी ने उल्लंघन को गंभीर बताया

*सेबी के पत्र में बिना अनुमोदन के अतिरिक्त आरपीटी (ओसीएल और उसकी अनुषंगी कंपनियों के बीच, पीपीबीएल के साथ) को सूचीबद्ध किया गया है, जो 324 करोड़ रुपये (ओसीएल द्वारा पीपीबीएल से सेवाएं प्राप्त करना) और 36 करोड़ रुपये (ओसीएल द्वारा पीपीबीएल को सेवाएं प्रदान करना) है। सेबी ने कहा कि उल्लंघन बेहद ''गंभीर'' हैं।*

### शेयरधारकों की उचित मंजूरी नहीं ली गई

*सेबी के पत्र के अनुसार, '' इस संदर्भ में जांच के दौरान निम्नलिखित गैर-अनुपालन देखे गए... वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी और/या इसकी अनुषंगी कंपनियों ने पीपीबीएल के साथ अतिरिक्त संबंधित पक्ष लेनदेन (आरपीटी) या तो लेखा परीक्षा समिति या शेयरधारकों की उचित मंजूरी के बिना किए।'' पेटीएम ने बीएसई को दी गई सूचना में सेबी के पत्र की विषय-वस्तु साझा की।*

### लेनदेन आरपीटी के रूप में सही नहीं

*बाजार नियामक के पत्र के अनुसार, कंपनी ने दावा किया कि उसने शेयरधारकों के संदर्भ के लिए कंपनी तथा उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा पीपीबीएल के साथ किए गए लेनदेन का संचयी संख्यात्मक मूल्य प्रदान किया था। ओसीएल तथा पीपीबीएल की अनुषंगी कंपनियों के बीच लेनदेन वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान आरपीटी के रूप में सही नहीं हैं।''*

# बजट में राजकोषीय लक्ष्य को घटाया जा सकता है : इक्रा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सरकार राजस्व में आए उछाल के दम पर अगले हफ्ते पेश होने वाले बजट में चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को घटाकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.9-5.0 प्रतिशत कर सकती है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को यह संभावना जताई। सरकार ने इस साल फरवरी में अंतरिम बजट पेश करते समय वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इक्रा रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, /"केंद्र सरकार 11.1 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय लक्ष्य से कोई समझौता किए बगैर राजकोषीय घाटा अनुमान को 5.1 प्रतिशत से घटाकर 4.9-5 प्रतिशत निर्धारित कर सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट पेश करने वाली हैं। यह उनका लगातार सातवां बजट होगा। सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी का 5.6 प्रतिशत राजकोषीय घाटा लक्ष्य हासिल किया था। नायर ने कहा, /"11.8 लाख करोड़ रुपये के अंतरिम बजट अनुमान की तुलना में चालू वित्त वर्ष के लिए शुद्ध बाजार उधारी में 35,000-55,000 करोड़ रुपये की कमी आने की भी बहुत संभावना है। यह जे पी मॉर्गन सरकारी बॉन्ड सूचकांक में शामिल किए जाने के कारण सरकारी प्रतिभूतियों की मांग को बढ़ावा देने के साथ प्रतिफल के लिए भी अच्छा संकेत होगा।/" उन्होंने कहा कि 1.2 लाख करोड़ रुपये की वृद्धिशील राजस्व प्राप्तियों को राजस्व व्यय बढ़ाने और राजकोषीय मजबूती के लिए विभाजित किया जा सकता है।

- रेटिंग एजेंसी इक्रा ने जताई संभावना

### राजकोषीय घाटे के आकार में कमी लाना मुश्किल

नायर ने कहा कि सरकार कुछ आयकर छूट देकर खपत को बढ़ावा देने के लिए भी इसका उपयोग कर सकती है। नायर ने कहा कि अगले तीन-चार वर्षों में राजकोषीय घाटे के व्यापक आकार में कमी लाना काफी मुश्किल होगा, क्योंकि राजकोषीय घाटा-जीडीपी अनुपात में गिरावट काफी हद तक मौजूदा कीमतों में जीडीपी वृद्धि पर निर्भर करेगी।

## ज़ी एंटरटेनमेंट के 2,000 करोड़ रुपए जुटाने के प्रस्ताव मंजूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मीडिया कंपनी जी एंटरटेनमेंट के शेयरधारकों ने इक्विटी शेयर जारी करने और पात्र संस्थागत आवंटन (क्यूआईपी) सहित विभिन्न साधनों से बाजार से 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना को मंजूरी दे दी है। ज़ी एंटरटेनमेंट की तरफ से शेयर बाजार को दी गई सूचना के मुताबिक, कंपनी के शेयरधारकों ने 2,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि जुटाने के लिए प्रतिभूतियां जारी करने के प्रस्ताव को अपेक्षित बहुमत के साथ पारित कर दिया है। प्रतिभूतियां जारी करने का विशेष प्रस्ताव कुल मतदान के 78.83 प्रतिशत मतों से पारित हुआ।

## पावरग्रिड ने जम्मू और सांबा जिलों में टीबी परीक्षण के लिए छह ट्रूनेट मशीनें सौंपीं

**जम्मू।** पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने सीएसआर के तहत जम्मू और सांबा जिलों में अलग-अलग टीबी इकाइयों (टीयू) में टीबी परीक्षण के लिए छह ट्रूनेट मशीनें 16 जुलाई, 2024 को निदेशक स्वास्थ्य सेवा जम्मू को सौंपीं। पावरग्रिड की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत, पावरग्रिड की ओर से श्री राजेश कुमार, कार्यपालक निदेशक (उत्तरी क्षेत्र-II) द्वारा ट्रूनेट मशीनों को डॉ राकेश मगोत्रा, निदेशक स्वास्थ्य सेवा जम्मू को सौंप दिया गया। | इस अवसर पर श्री धर्मेंद्र कुमार, डीडीसी सदस्य, बिश्नाह, श्री विनोद प्रकाश बखला, पावरग्रिड के महाप्रबन्धक (एचआर), डॉ हरबख्श सिंह, सीएमओ, जम्मू डॉ ज्योति जॉली, राज्य क्षय रोग अधिकारी (टीबी), डॉ शमीम अहमद चौधरी बीएमओ बिश्नाह और पावरग्रिड व स्वास्थ्य विभाग, जम्मू के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। ट्रूनेट मशीनों की लागत 89.20 लाख है।

### सभी विमान कलपुर्जों पर एक समान आईजीएसटी दर लागू

**नई दिल्ली।** सरकार ने सभी विमानों और विमान इंजन के कलपुर्जों पर एकसमान पांच प्रतिशत आईजीएसटी दर को लागू करने की सोमवार को घाषणा की। इस पहल का मकसद उद्योग को गति देना है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। यह घरेलू रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) उद्योग के लिए मील का पत्थर है। इस कदम का उद्देश्य भारत को वैश्विक विमानन क्षेत्र का केंद्र बनाना है। इससे पहले, सभी विमानों और इंजन कलपुर्जों पर आईजीएसटी (एकीकृत माल एवं सेवा कर) दरें पांच प्रतिशत से लेकर 28 प्रतिशत तक थी। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने बयान में कहा, ''एमआरओ से संबंधित वस्तुओं पर एक समान पांच प्रतिशत आईजीएसटी दर विमानन क्षेत्र को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन रही तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 52 अंक चढ़कर अबतक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी नये शिखर 24,600 के ऊपर पहुंच गया। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, दूरसंचार और चुनिंदा आईटी शेयरों में लिवाली तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी बनी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 51.69 अंक यानी 0.06 प्रतिशत चढ़कर अपने अबतक के उच्चतम स्तर 80,716.55 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 26.30 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ नये शिखर 24,613 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 74.55 अंक यानी 0.30 प्रतिशत चढ़कर रिकॉर्ड 24,661.25 अंक तक चला गया था।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स के शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक,आईटीसी और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और पावर ग्रिड शामिल हैं।

PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT
(ORDER 5, rule 20 of the Code of Civil Procedure)
In the court of Sh. Surinder S. Rathi
District Judge, Commercial Court-03, Shahdara District
Room No. 303, New Building, Karkardooma Court, Delhi
Case Reg. No. : CS(COMM) No. 108/2024
Punjab National Bank
Against
Vineeta Rani Prop Inderdev Traders & Ors.
To,
1. Vineeta Rani W/o Shri Upender Singh Prop Inderdev Traders, 25A, Anand Industrial Estate, Mohan Nagar, Ghaziabad 201007
Also at : Plot No. VB 127, Flat No. S-2, Shalimar Garden Extension-2, Sahibabad, UP-201005
Mobile : 9999431239, 8512028911
2. Upender Singh S/o Shri Anang Pal Singh Plot No. VB 127, Flat No. S-2, Shalimar Garden Extension-2, Sahibabad, UP-201005
WHEREAS you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the **30-07-2024** the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
GIVEN under my hand and seal of the court, this 21-06-2024.
Sd/
District Judge, Commercial Court-03, Shahdara District
(Seal) Karkardooma Court, Delhi

## सैमसंग की भारत में परिचालक बढ़ाने कलपुर्जों साझेदारों से चर्चा

एजेंसी ▶▶| पेरिस

दिग्गज इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता सैमसंग भारत को एक महत्वपूर्ण बाजार के तौर पर देखती है और वह अपने परिचालन को मजबूती देने के लिए भारतीय कलपुर्जा साझेदारों के साथ बातचीत कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के अध्यक्ष और एमएक्स व्यवसाय के प्रमुख टी एम रोह ने यहां 'सैमसंग अनपैक्ड-2024' के मौके पर मीडिया के साथ चर्चा में कहा कि भारत में नोएडा और बेंगलुरु स्थित शोध एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र कंपनी के लिए महत्वपूर्ण भूमिका में उभरकर सामने आ रहे हैं। रोह ने कहा, ''सैमसंग के लिए भारतीय बाजार बहुत महत्वपूर्ण है।

उत्तर रेलवे
पुनः निविदा सूचना–ई–टेंडरिंग द्वारा
निविदा आमंत्रण (ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली)
**क्र.:** 1, **निविदा सूचना संख्या:** 32-W-BR-222A-36-DLI-GZB Dt. 16.07.24, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक अधि. अभि. पुल/तिलक ब्रिज के क्षेत्राधिकार में मुरादाबाद–गाजियाबाद खंड के पुल संख्या 222–A गर्डर के गर्डर की टॉप फ्लैंज व प्लेट को बदलना एवं गाजियाबाद–सहारनपुर खंड के पुल संख्या 36 रेल और क्रॉस गर्डर का सुदृढ़ीकरण, क्रॉस गर्डर के वेब पर स्क्रीन प्रदान करने का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 1,37,30,825.73, **धरोहर राशि:** ₹ 2,18,700/-, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 6 (छह) महीने, **निविदा जमा करने व खुलने का समय:** दिनांक 12.08.2024 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात।
नोट: उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व डाउनलोड किया जा सकता है। 2165/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** — नकारात्मकता का प्रभाव भी रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। मन परेशान हो सकता है।

**वृष** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। बातचीत में संयत रहें।

**मिथुन** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। परिवार में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। कार्यक्षेत्र में सुखद परिणाम मिलेंगे।

**कर्क** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में रुचि भी बढ़ेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**कन्या** — शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी, परन्तु भागदौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — धार्मिक कार्यों पर खर्च भी बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।

**वृश्चिक** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी बढ़ोतरी हो सकती है। शैक्षिक कार्यों में सम्मान मिलेगा।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। खर्चों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अध्ययन में रुचि रहेगी।

**मकर** — सेहत का ध्यान रखें। भौतिक सुखों के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।


**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष
मेरा किया जो काटे उसे इनाम
सभी समस्याओं का समाधान
गुरू शान भारती
स्पेशलिस्ट : मनचाहा वशीकरण, नौकरी, कारोबार, गृहक्लेश, प्रेमविवाह, संतान प्राप्ति, शादी, तलाक, किया-कराया, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, मुकदमा, कैरियर, विदेश यात्रा आदि।
यदि आपका ज्योतिष, पंडित या तांत्रिक से विश्वास उठ गया हो तो एक बार अवश्य फोन करें।
9821413060

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5574



**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका–4
5.रपटना –4
9.डोली उठानेवाले–3
10.पुत्र,लड़का–3
12.अधिकार–2
14.नवीन,नया–2
15.एक विदेशी शराब–2
16.कला,हुनर–2
17.मां का प्यार–3
19.दम,बल,जोर–3
21.पपीहा,पपीहरा–3
22.करामात,कारनामा–4
24.शमशीर,कृपाण–4
25.तरंगित,लहरीय–5
26.बोरिया–बिस्तर–4
29.साले की पत्नी–4
33.प्रयास,यत्न–3
34.सहायता,सहयोग–3
36.लीन,तल्लीन–3
37.गहन वन,बुनाई कर्म–2
38.टुकड़ा,कण–2
39.मैं का बहुवचन–2
41.भीगा हुआ–2
42.अंधकार,अंधेरा–3
43.द्रव मापने की इकाई–3
45.प्राचीर,स्तंभ–4
46.बादला,जरबाफ–4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार–2
3.जगत,दुनिया–3
4. सुनसान शांति,–4
5.आदत–4
6.साजन, बालम–3
7.क्रमबद्धता–2
8.मूर्ख,बेवकूफ–4
11.बुनाई करने वाला–4
13.कटि,मध्यांग–3
16.धार्मिक आज्ञा–3
18.पितामह–2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण –5
21.चलने का ढ़ंग–2
23.पिया,साजन–3
24.दया,रहम–3
26.बेमिसाल, अनूठा–4
27.स्वदेश,मातृभूमि–3
28.जनता,आम लोग –2
30.मैं का बहुवचन–2
31.अभिरुचि,तल्लीनता–3
32.जनता की राय–4
34.उपाधि,पदवी–4
35.देहरी,चौखट–4
38.कक्ष,रूम–3
40.बटाणा,काबुली–3
42.स्तर,परत–2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान–2

### शब्द पहेली- 5573 का हल



## सूडोकु नवताल - 5585

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल - 5584 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# हॉकी में कठिन पूल से चिंतित नहीं, पदक का रंग बदलने का यकीनः ललित

## भारत का पहला मुकाबला 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

भारतीय हॉकी टीम को पेरिस ओलंपिक में पूल चरण में ही आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, अर्जेंटीना जैसे दिग्गजों का सामना करना है लेकिन अनुभवी फॉरवर्ड ललित उपाध्याय को यकीन है कि बेहतरीन तैयारियों और काशी विश्वनाथ के आशीर्वाद से टीम पदक का रंग बदलकर लौटेगी ।

टोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे ललित ने रवानगी से पहले यहां दिये इंटरव्यू में कहा , 'ओलंपिक में पूल पर ध्यान देना बेमानी है क्योंकि सभी टीमें पूरी तैयारी के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने आती हैं । हम मैच दर मैच रणनीति बनायेंगे और हर मैच में सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे ।'

भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक से पहले मानसिक दृढता के लिये स्विटजरलैंड के माइक होर्न्स बेस में तीन दिवसीय शिविर के बाद अब नीदरलैंड में अभ्यास मैच खेलेगी । भारत को पेरिस ओलंपिक में पूल बी के पहले मैच में 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से, 29 जुलाई को रियो ओलंपिक 2016 चैम्पियन अर्जेंटीना, 30 जुलाई को आयरलैंड, एक अगस्त को टोक्यो ओलंपिक चैम्पियन बेल्जियम और दो अगस्त को पूर्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया से खेलना है ।



**ललित 168 मैचों में 45 गोल कर चुके**

भारत के लिये 168 मैचों में 45 गोल कर चुके 30 वर्ष के इस फॉरवर्ड ने कहा ,'' हमें पता है कि उम्मीदें बढी हुई हैं क्योंकि लंबे समय बाद हमने ओलंपिक पदक जीता था । हमें भी खुद से पूरी उम्मीद है कि पदक का रंग बदलेंगे ।'' वाराणसी के रहने वाले इस खिलाड़ी ने कहा ,'' हमने पिछले चार साल में फिटनेस पर भी काफी मेहनत की है जो मैदान पर नजर आ रही है । फिटनेस में हम दुनिया की शीर्ष टीमों के समकक्ष हैं ।''

### टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने वाले पांच खिलाड़ी टीम में

टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने वाली भारतीय टीम के 11 खिलाड़ी पेरिस में भी खेलेंगे जबकि पांच खिलाड़ियों का पहला ओलंपिक है । ललित ने हालांकि कहा कि युवा खिलाड़ी भी इतना खेल चुके हैं कि ओलंपिक का दबाव आसानी से झेल लेंगे । उन्होंने कहा ,ये लड़के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं जहां ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने का काफी दबाव होता है लिहाजा ओलंपिक का दबाव भी झेलने में सक्षम हैं।

### आपसी तालमेल टीम की ताकत

ललित ने कहा ,'' इस बार प्रो लीग में काफी फील्ड गोल हुए हैं और फोकस डी के भीतर जाकर मौका बनाने पर रहता है । फॉरवर्ड पंक्ति की कोशिश यही रहती है कि फील्ड गोल करे या डी में जाकर पेनल्टी कॉर्नर बनाये ।'' ललित ने आपसी तालमेल को इस टीम की ताकत बताते हुए कहा कि टोक्यो से पहले कोरोना के दौरान यहां साथ बिताये समय ने एक ईकाई के रूप में टीम को काफी मजबूती दी ।

### हम मानसिक रूप से मजबूत है

ललित ने यादों की परतें खोलते हुए कहा ,'' मैने ओलंपिक खेलने और पदक जीतने का सपना हमेशा से देखा था ।कोई भी लड़का जो अपरिपक्व है और बड़े सपने लेकर टीम में आया है , उसके साथ ऐसा हो जाये तो वह टूट ही जायेगा । उन्होंने कहा ,'' लेकिन शुरूआत में ही यह सब झेल लिया तो मानसिक रूप से और मजबूत हो गया । वैसे तो मैं वह प्रकरण भूल गया हूं लेकिन कभी याद भी आता है तो खुद को और मजबूत पाता हूं।''

### ललित पर शाहिद की अमिट छाप

हॉकी को मोहम्मद शाहिद जैसा सितारा देने वाले बनारस का ललित के जीवन और कैरियर पर अमिट प्रभाव है जो उनकी बातों में भी झलकता है । उन्होंने कहा , 'हमारे बनारस में कहावत है कि सब यहीं से शुरू होता है और यहीं खत्म हो जाता है । हम भी गंगा किनारे बैठते हैं तो यही लगता है जहां एक तरफ दशाश्वमेध घाट (आरती घाट) है और दूसरी तरफ मणिकर्णिका घाट (दाह संस्कार घाट) है ।'

---

## खबर संक्षेप

### महिला एशिया कप में मिलेगा मुफ्त प्रवेश

**नई दिल्ली।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने शुक्रवार से दाम्बुला में शुरू हो रहे महिला एशिया कप के दौरान जनता के लिए मुफ्त प्रवेश की घोषणा की। एसएलसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट में आठ टीमें - भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मेजबान श्रीलंका, थाईलैंड, यूएई, नेपाल और मलेशिया - रनगिरी दाम्बुला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खिताब के लिए भिड़ेंगी। एसएलसी ने मंगलवार को ट्वीट किया, ''महिला एशिया कप 2024 आ गया है और प्रवेश निःशुल्क है!' टूर्नामेंट में कुल 15 मैच खेले जाएंगे जिनमें दो सेमीफाइनल और फाइनल शामिल हैं। भारत शुक्रवार को अपने अभियान की शुरुआत चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगा।

### बावा का विश्व जूनियर स्क्वाश में पदक पक्का

**नई दिल्ली।** भारत के शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के लो वा सर्न को 3-2 से हराया । दिल्ली के 18 वर्ष के बावा 2014 में कुश कुमार के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरूष खिलाड़ी बन गए । करीब 80 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में वह पांचवें गेम में 6-9 और 7-10 से पिछड़ गए थे लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 2-11, 11-4, 10-12, 11-8, 12-10 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त मोहम्मद जकारिया से होगा।

### इंग्लैंड के मैनेजर के पद से इस्तीफा देंगे साउथगेट

**लंदन।** यूरो 2024 फाइनल में स्पेन से 1-2 से मिली हार के बाद जेरेथ साउथगेट इंग्लैंड फुटबॉल टीम के मैनेजर के पद से इस्तीफा देंगे। साउथगेट पिछले आठ साल से टीम के साथ हैं। उनका अनुबंध इस साल खत्म होने वाला है। उन्होंने कहा , 'इंग्लैंड टीम के लिये खेलना और उसका मैनेजर रहना मेरे लिये गर्व की बात रही । यही मेरा सबकुछ है और मैंने इसे अपना सर्वस्व दिया। लेकिन अब बदलाव का समय है , एक नये अध्याय का समय है।' उनके मैनेजर रहते इंग्लैंड टीम लगातार दो बार यूरो फाइनल और 2018 विश्व कप सेफा तक पहुंची।

### भारतीय महिला टीम एशिया कप के लिए श्रीलंका पहुंची

**कोलंबो।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम 19 जुलाई से दाम्बुला में होने वाले एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलने के लिए मंगलवार को यहां पहुंची। श्रीलंका क्रिकेट ने भारत और बांग्लादेश की टीमों के आगमन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। भारत को ग्रुप ए में रखा गया है और उसका पहला मैच 19 जुलाई को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। इसी दिन इस ग्रुप की दो अन्य टीमों संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल के बीच भी मैच खेला जाएगा। मेजबान श्रीलंका, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश को ग्रुप बी में रखा गया है। बांग्लादेश में अक्टूबर में होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए यह टूर्नामेंट महत्वपूर्ण है।

---

**क्रिकेट : 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला**

# श्रीलंका के खिलाफ टी20 में हार्दिक पंड्या होंगे भारतीय टीम के कप्तान

**गिल या सूर्यकुमार हो सकते हैं टी20 के उपकप्तान**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 क्रिकेट श्रृंखला में भारत के कप्तान होंगे । पंड्या निजी कारणों से अगस्त में होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला नहीं खेलेंगे। बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने बताया ,'हार्दिक पंड्या भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान थे । वह पूरी तरह फिट हैं और तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये उपलब्ध भी लिहाजा वह कप्तान होंगे ।'रोहित शर्मा ने विश्व कप जीतने के बाद टी20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया ।

### वनडे दो से सात अगस्त तक कोलंबो में

टी20 श्रृंखला 27 से 30 जुलाई तक पल्लेकेले में खेली जायेगी जबकि वनडे दो से सात अगस्त तक कोलंबो में होंगे । टीम की घोषणा अगले कुछ दिन में होगी । अभी यह तय नहीं है कि उपकप्तान शुभमन गिल होंगे या सूर्यकुमार यादव ।



**हार्दिक और सूर्यकुमार का कप्तानी रिकॉर्ड**

हार्दिक पांड्या ने साल 2022 में पहली बार टीम इंडिया की कप्तानी की थी। वो उसके बाद 16 टी20 मुकाबलों में भारत की कमान संभाल चुके हैं, जिनमें टीम 10 मौकों पर विजयी रही है। दूसरी ओर सूर्यकुमार यादव को अब तक 7 मैचों में भारतीय टीम की कमान संभालने का अवसर मिला है, जिनमें से उन्होंने टीम को 5 मौकों पर जिताया है।

### टी20 सीरीज के लिए भारत की 15 सदस्यीय संभावित टीम

हार्दिक पांड्या (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान और मोहम्मद सिराज।

### वनडे सीरीज के लिए भारत की 15 सदस्यीय संभावित टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आवेश खान और अर्शदीप सिंह।

### टीम का चयन गंभीर के अगुवाई में होगा

श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया का चयन गौतम गंभीर की अगुवाई में किया जाएगा। दरअसल, भारतीय टीम के नए हेड कोच गौतम गंभीर का यह पहला असाइनमेंट है। रिपोर्ट के मुताबिक, गंभीर चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर के साथ टीम सेलेक्शन का हिस्सा होंगे।

### 27 जुलाई से शुरू होगा भारत का श्रीलंका दौरा

भारत के श्रीलंका दौरे की शुरुआत 27 जुलाई को पहले टी20 के साथ होगी। भारत और श्रीलंका के बीच 27 जुलाई को तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा। फिर दूसरा टी20 मैच अगले दिन यानी 28 जुलाई को और तीसरा व अंतिम टी20 मैच 30 जुलाई को खेला जाएगा। टी20 सीरीज के सभी मैच पल्लेकेले में खेले जाएंगे। टी20 सीरीज के बाद 2 अगस्त से दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। वनडे सीरीज का दूसरा मैच 4 अगस्त और तीसरा व अंतिम मैच 7 अगस्त को खेला जाएगा। वनडे सीरीज के सभी मैच कोलंबो में खेले जाएंगे।

---

**एटीपी रैंकिंग**

# नागल ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ 68वीं रैंकिंग



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके सुमित नागल एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 68वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 26 साल के नागल को पांच स्थान का फायदा हुआ है। उनकी पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 71 थी।

नागल इस तरह दुनिया के 71वें नंबर के पूर्व खिलाड़ी शशि मेनन को पीछे छोड़कर 1973 से सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए। विजय अमृतराज (1980 में 18वें स्थान पर), रमेश कृष्णन (1985 में 23वें स्थान पर) और सोमदेव देववर्मन (2011 में 62वें स्थान पर) एटीपी सर्किट पर नागल से बेहतर रैंकिंग हासिल कर चुके हैं।

पिछले कुछ समय में प्रभावी नतीजों की बदौलत नागल की रैंकिंग में सुधार हुआ है और साथ ही वह पेरिस ओलंपिक के एकल वर्ग में क्वालीफाई करने में भी सफल रहे। पेरिस ओलंपिक के पुरुष एकल में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय नागल के 779 एटीपी अंक हैं। नागल ने साल की शुरुआत ऑस्ट्रेलियाई ओपन में कजाखस्तान के 31वें वरीय एलेक्जेंडर बुबलिक के खिलाफ जीत के साथ की। उन्होंने फ्रेंच ओपन और विंबलडन में भी भाग लिया। नागल ने जून में जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप 2024 चैलेंजर स्पर्धा और फरवरी में चेन्नई ओपन में पुरुष एकल का खिताब जीता।


### चार एटीपी खिताब जीत चुके नागल

वर्तमान में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले भारतीय एकल खिलाड़ी नागल ने 2023 से चार एटीपी चैलेंजर खिताब जीते हैं और हीलब्रॉन क्ले कोर्ट पर उनका चौथा खिताब था।

---

**विश्वकप खेलने में संदेह**

# फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर सके मेस्सी



एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

अपने कैरियर में पहली बार फुलटाइम से पहले कोपा अमेरिका फाइनल से चोट के कारण बाहर हुए लियोनेल मेस्सी अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सके और अपने 'आखिरी किले' में से एक फतेह करने के बावजूद वह फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर पाये ।

मेस्सी को पैर की चोट के कारण कोलंबिया के खिलाफ फाइनल मैच से 64वें मिनट में बाहर जाना पड़ा । अर्जेंटीना ने लगातार दूसरी बार कोपा अमेरिका खिताब जीता । मेस्सी के फिटनेस टेस्ट में नाकाम रहने के कारण 2026 विश्व कप में उनकी भागीदारी को लेकर भी अनिश्चितता की स्थिति है ।

सैतीस वर्ष के मेस्सी चोट के कारण पिछले साल इंटर मियामी और अर्जेंटीना के काफी मैचों से बाहर रहे थे । कोपा अमेरिका में भी कई ग्रुप मैचों से उन्हें बाहर रहना पड़ा । इक्वाडोर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में वह पेनल्टी चूके । उन्होने एकमात्र गोल कनाडा के खिलाफ सेमीफाइनल में किया ।

### मीडिया से बात नहीं की मेस्सी ने

मेस्सी ने मैच के बाद मीडिया से बात नहीं की और ना ही उनकी टीम ने चोट की गंभीरता के बारे में बताया। अर्जेंटीना के 35 पार के धुरंधर एंजेल डि मारिया (36) और निकोलस ओटामेंडी (36) के अलावा स्थानापन्न गोलकीपर फ्रेंको अरमानी (37) का यह आखिरी टूर्नामेंट था। अब अर्जेंटीना को सितंबर में चिली और कोलंबिया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच खेलने हैं ।

---

# कोपा भगदड़ में कोलंबिया फुटबाल संघ के अध्यक्ष सहित 27 गिरफ्तार

**मियामी गार्डन्स।** कोलंबिया फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष और उनके बेटे समेत 27 लोगों को अर्जेंटीना और कोलंबिया के बीच कोपा अमेरिका फाइनल में दर्शकों की भीड़ पर नियंत्रण की कोशिशों में गिरफ्तार किया गया ।



स्थानीय पुलिस अधिकारी आंद्रे मार्टिन ने बताया कि हार्ड रॉक स्टेडियम पर हुए फाइनल के दौरान दर्शकों के उपद्रव पर काबू पाने की कोशिशों में रेमन जेसुरन और उनके बेटे रेमन जमील जेसुरन को भी हिरासत में लिया गया । दोनों ने सुरक्षाकर्मियों से झगड़ा किया और एक अधिकारी पर हमला भी किया। दोनों ने एक सुरंग के रास्ते मैदान पर जाने की कोशिश की जहां मैच के बाद मीडिया जमा था । उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने रोकने की कोशिश की तो उन्होंने हाथापाई की और सुरक्षागार्ड को घूंसे भी मारे । कोलंबिया फुटबॉल महासंघ ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है ।

---

**द. अफ्रीका के खिलाफ किया था शानदार प्रदर्शन**

# हरमनप्रीत टी20 रैंकिंग में 12वें और शेफाली 15वें स्थान पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर आईसीसी टी20 रैंकिंग में क्रमशः 12वें और 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं। हरमनप्रीत तीन पायदान आगे बढ़ी हैं। उनके कुल 613 रेटिंग अंक हैं। शेफाली को दो स्थान का फायदा हुआ है। वह न्यूजीलैंड की अमेलिया केर और इंग्लैंड की डैनी वायट के साथ 15वें स्थान पर हैं। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं और वह भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर काबिज हैं। गेंदबाजों की सूची में अनुभवी दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। राधा यादव आठ पायदान चढ़कर 15वें, पूजा वस्त्राकर छह पायदान ऊपर 23वें और श्रेयंका पाटिल नौ पायदान ऊपर चढ़कर 60वें स्थान पर पहुंच गईं हैं।



**इंग्लैंड की ग्लेन कैरियर की सर्वोच्च रेटिंग हासिल की**

इंग्लैंड की स्पिनर सारा ग्लेन ने 768 अंकों के साथ अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के चार मैचों में आठ विकेट चटकाए हैं। वह पहले की तरह दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं। उनकी साथी सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष पर काबिज हैं।

---

**बोपन्ना के जोड़ीदार बालाजी बड़े मैचों का दबाव झेलने में सक्षम**

# बालाजी आक्रामक खिलाड़ी, उन्हें हलके में नहीं ले सकते : बोपन्ना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उम्र के साथ निखरते जा रहे रोहन बोपन्ना अपने आखिरी ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिये बेताब हैं। मजबूत जोड़ीदार नहीं मिलने को लेकर शिकायत करना उनके स्वभाव में नहीं है । भारत के इस अनुभवी टेनिस खिलाड़ी ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में उनके जोड़ीदार एन श्रीराम बालाजी काफी आक्रामक खिलाड़ी हैं और बड़े मैचों का दबाव झेलने में सक्षम भी। बोपन्ना अगर विश्व युगल रैंकिंग में शीर्ष दस से बाहर होते तो भारत का कोई खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में इस वर्ग में नहीं होता ।



### हमारे पास हर मैच जीतने का मौका

44 वर्ष के बोपन्ना को बालाजी और युकी भांबरी में से चुनना था और अपने कोच स्कॉट डेविडॉफ और बालाचंद्रन मणिकांत से मशविरे के बाद उन्होंने बालाजी को चुना। बोपन्ना ने दिये इंटरव्यू में कहा ,' मेरा मानना है कि हमारे पास हर मैच जीतने का मौका है । हम सिर्फ भागीदारी के लिये नहीं जा रहे ।'

### हम क्ले कोर्ट पर खेल रहे हैं

बोपन्ना ने कहा , 'हम पूरी तैयारी के साथ जायेंगे । एक टीम के रूप में हमारा वही मकसद है । बाला काफी आक्रामक खिलाड़ी है ।' उन्होंने कहा , 'हम क्ले कोर्ट पर खेल रहे हैं और उस पर बालाजी बेहतर जोड़ीदार साबित होगा । फिलहाल मैं मैथ्यू एबडेन के साथ खेलता हूं जो क्ले पर अधिक फुर्तीला और आक्रामक है ।'

### दोनों में बालाजी अधिक फुर्तीला

बोपन्ना ने कहा , 'क्ले कोर्टपर मुझे ऐसा जोड़ीदार चाहिये जो उस कोर्ट पर मेरे साथ अच्छा तालमेल बना सके । हार्ड कोर्ट या ग्रासकोर्ट पर मैं युकी को चुनता । उन्होंने हालांकि स्वीकार किया कि यह कठिन फैसला था क्योंकि उन्होंने दोनों में से किसी के साथ टूर पर नहीं खेला है । उन्होंने कहा , 'हम दोनों में से बालाजी अधिक फुर्तीला है और दोनों फ्लैंक पर दौड़ सकता है । वह मैथ्यू की तरह है हालांकि मैथ्यू के जितना अनुभव नहीं है।'

### जीतने के मकसद से जा रहे

बोपन्ना ने कहा कि वे सिर्फ पेरिस ओलंपिक में भाग लेने नहीं बल्कि जीतने के मकसद से जा रहे हैं । उन्होंने कहा , 'हर खिलाड़ी ओलंपिक में पदक जीतने ही जाता है । हर कोई पिछली बार से बेहतर करना चाहता है । हम भी यही करने जा रहे हैं । हमारा भी यही मकसद है।'




## खबर संक्षेप

### अफगानिस्तान में भारी बारिश से 40 की मौत



**इस्लामाबाद।** पूर्वी अफगानिस्तान में भारी बारिश के कारण कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और 347 लोग घायल हो गए। एक अन्य घटना में, एक मुख्य राजमार्ग पर बस के पलट जाने से 17 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत जमान अमर ने पुष्टि की कि नंगरहार प्रांत में सोमवार को आए तूफान के कारण 40 लोगों की मौत हो गई और 347 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अफगानिस्तान में मई से अब तक भारी बारिश और बाढ़ की वजह से अब तक 400 से ज़्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं हज़ारों लोग इस वजह से बेघर हो चुके हैं।

### जम्मू-कश्मीर में 3 पर्यटकों की मौत



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर-करगिल राजमार्ग के ज़ोजिला संपर्क मार्ग पर एक सड़क हादसे में दो महिलाओं समेत तीन सैलानियों की मंगलवार को मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ज़ोजिला संपर्क मार्ग पर एक वाहन खाई में गिर गया, जिससे तीन पर्यटकों की मौत हो गई और एक शख्स जख्मी हो गया। मृतकों में दो महिलाएं हैं जबकि एक जख्मी हुई नाबालिग लड़की को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीएम मोदी सितंबर में करेंगे यूएस दौरा

# यूएन की बैठक में लेंगे भाग, करेंगे संबोधित



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

पीएम मोदी सितंबर में संयुक्त राष्ट्र अमेरिका का दौरा करेंगे। हर साल होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए पीएम मोदी न्यूयॉर्क जाएंगे। महासभा अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस के कार्यालय द्वारा कार्यक्रम की प्रारंभिक जानकारी दी गई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की बैठक 24 से 30 सितंबर तक होगी। इसी के तहत संयुक्त राष्ट्र द्वारा सोमवार को जारी की गई आम बहस के लिए वक्ताओं की सूची से पता चलता है कि भारत की ओर से पीएम मोदी 26 सितंबर को अपना संबोधन दे सकते हैं।

कार्यक्रम के अनुसार भारत के शासनाध्यक्ष न्यूयार्क में स्थानीय समयानुसार 26 सितंबर को अपराह्न तीन से छह बजे के बीच महासभा को संबोधित करेंगे, यानी भारतीय समयानुसार 27 सितंबर की रात 12:30 से 3:30 बजे के बीच उनका संबोधन होगा। पीएम मोदी के बाद पाकिस्तान और नेपाल के पीएम अपना संबोधन देंगे। हालांकि यह सूची अंतिम नहीं है। संयुक्त राष्ट्र नियमित रूप से सत्र से पहले के हफ्तों में वक्ताओं की अंतिम सूचियों को अपडेट करता है ताकि नेताओं, मंत्रियों और राजदूतों की उपस्थिति, कार्यक्रम और बोलने के स्लॉट में किसी भी बदलाव को ध्यान में रखा जा सके।

#### परंपरागत रूप से ब्राजील करेगा शुरुआत

पारंपरिक रूप से महासभा अध्यक्ष ब्राजील बहस की शुरुआत करता है, 24 सितंबर को उच्च स्तरीय सत्र शुरू करेगा। ब्राजील के बाद सत्र को संबोधित करने वाला अमेरिका दूसरा राष्ट्र होगा। राष्ट्रपति जो बाइडन के इस कार्यकाल का महासभा में यह अंतिम संबोधन होगा, क्योंकि अमेरिका में इसी वर्ष नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस महासभा के 79वें सत्र में आम चर्चा शुरू होने से पहले अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

#### 2023 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर किया था दौरा

*पीएम नरेंद्र मोदी ने आखिरी बार सितंबर 2021 में वार्षिक उच्च स्तरीय यूएनजीए सत्र को संबोधित किया था। उन्होंने पिछले साल 21 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय का दौरा किया था और राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा आयोजित राजकीय यात्रा के लिए वाशिंगटन डीसी जाने से पहले संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के उत्तरी लॉन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया था।*

जम्मू-कश्मीर के डोडा में आतंकी हमले में सेना के 4 जवान शहीद

# मां बोलीं- आर्मी डे पर पैदा हुआ था, आर्मी के लिए समर्पित हो गया, बलिदान पर गर्व

*बेटे के साथ हुई आखिरी मुलाकात को याद करते हुए निलिमा थापा ने कहा बृजेश मार्च में घर आया था। इसी महीने आने वाला था। वह हमेशा खुश रहता था। रविवार को उससे अंतिम बार बात हुई थी।*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के डेसा में शनिवार रात घने जंगलों के बीच अत्याधुनिक हथियारों से लैस आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में भारतीय सेना के चार जवान- कैप्टन बृजेश थापा, नायक डी. राजेश, सिपाही बिजेंद्र और अजय शहीद हो गए। जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप का एक जवान भी इस मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हो गया।

### दुख की बात है हम उससे दोबारा नहीं मिल पाएंगे

कैप्टन बृजेश के पिता कर्नल भुवनेश थापा (सेवानिवृत्त) बोले- जब मुझे बताया गया कि वह अब नहीं रहा तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ। इंजीनियरिंग करने के बाद भी वह सेना में जाना चाहता था। उसने एक बार में ही परीक्षा पास कर ली। मुझे गर्व है कि मेरे बेटे ने देश और देश की सुरक्षा के लिए कुछ किया है। दुख की बात यह है कि हम उससे दोबारा नहीं मिल पाएंगे, अन्यथा मुझे खुशी है कि उसने अपने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी।



*कैप्टन बृजेश थापा 2019 में सेना में भर्ती हुए थे। पासिंग आउट परेड के दौरान पिता कर्नल भुवनेश थापा और मां नीलिमा बेटे को बैज लगाते हुए।*

### तीन पीढ़ियां सेना में

26 वर्षीय कैप्टन बृजेश थापा दार्जिलिंग के बड़ा गिंग बाजार के रहने वाले थे। उनकी तीन पीढ़ियां सेना में रह चुकी हैं। बृजेश के पिता खुद कर्नल रैंक से सेवानिवृत्त हुए हैं। बृजेश थापा अपनी ट्रेनिंग पूरी करने के बाद 2019 में आर्मी में कमीशंड हुए थे। दो साल के लिए उनकी तैनाती 10 राष्ट्रीय राइफल्स में हुई थी। इस बहादुर सैन्य अधिकारी के शहीद होने की खबर जब आई तो दार्जिलिंग की पहाड़ियों में शोक की लहर दौड़ गई। कैप्टन बृजेश थापा की मां निलिमा थापा ने कहा कि 15 जनवरी को मेरे बेटे का जन्मदिन था। 15 जनवरी को ही आर्मी डे होता है। मेरा बेटा आर्मी की ड्यूटी करते हुए देश के लिए समर्पित हो गया। सेना में होने का उसको गर्व था। वह सेना को पसंद करता था।

### 18 जुलाई को घर आने वाले थे अब पार्थिव शरीर पहुंचेगा



सिपाही अजय सिंह नरूका (26) की पार्थिव देह बुधवार सुबह 9:15 बजे सिंघाना से भैसावता कलां (झुंझुनूं) पहुंचेगा। वहां से शहीद के सम्मान में यात्रा निकाली जाएगी। अजय के पिता कमल सिंह नरूका भी सेना में हवलदार रह चुके हैं। कमल सिंह 2015 में रिटायर हुए थे। शहीद अजय सिंह नरूका की शादी 21 नवंबर 2021 को शालू कंवर (24) से हुई थी। परिजनों ने बताया- अजय सिंह दो महीने पहले छुट्टी पर घर आए थे। इसके बाद ड्यूटी पर वापस लौट गए थे। दो दिन बाद 18 जुलाई को छुट्टी लेकर गांव आने वाले थे। इससे पहले मुठभेड़ में शहीद हो गए। शहीद के चाचा कायम सिंह भी भारतीय सेना की 23 राजपूत रेजिमेंट में सिक्किम में तैनात हैं। उन्हें 2022 में सेना मेडल से नवाजा गया था।

### बेटे को सीमा पर नहीं भेजेंगे, तो देश के लिए कौन लड़ेगा



बेटे के साथ हुई आखिरी मुलाकात को याद करते हुए निलिमा थापा ने कहा कि बृजेश मार्च में घर आया था। इसी महीने आने वाला था। वह हमेशा खुश रहता था। रविवार को उससे अंतिम बार बात हुई थी। 26 साल का था मेरा बेटा। देश के लिए हमेशा कुछ करना चाहता था। उसको सादा खाना ही पसंद था। पहले हलवा खाता था। लेकिन बाद में कहा कि मोटा हो जाऊंगा। इसलिए मीठा खाना छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि मुझे अपने बेटे के बलिदान पर गर्व है। अगर हम अपने बेटे को सीमा पर नहीं भेजेंगे, तो देश के लिए कौन लड़ेगा।

#### घर आने वाले थे, लेकिन छुट्टी कैंसिल हो गई छोटा भाई भी आर्मी में



*बिजेंद्र सिंह 2018 में आर्मी में भर्ती हुए थे। 2019 में उनकी शादी अंकिता के साथ हुई थी। उनके दो बेटे हैं, जिनमें एक चार साल का, जबकि दूसरा एक साल का है। शहीद का छोटा भाई दशरथ सिंह भी आर्मी में हैं। अभी उनकी तैनाती लखनऊ में है। परिवार में तीन बहनें और माता-पिता भी हैं। बिजेंद्र सिंह फरवरी में एक महीने की छुट्टी पर अपने घर आए थे। पांच दिन पहले घर आने वाले थे, लेकिन आतंकी घटनाओं के चलते छुट्टी कैंसिल हो गई थी। सेना के अधिकारियों का कॉल दशरथ सिंह के पास आया था। इसी के बाद उनको बिजेंद्र के शहीद होने की जानकारी हुई। दशरथ सिंह को फौरन छुट्टी देकर लखनऊ से गांव के लिए भेज दिया गया है।*

कंचनजंगा एक्सप्रेस हादसे की वजह सामने आई

# रेलवे की रिपोर्ट में तीन स्तरों पर बड़ी लापरवाही का हुआ खुलासा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के फांसीदेवा इलाके में 17 जून को मालगाड़ी ने कंचनजंगा एक्सप्रेस में पीछे से टक्कर मार दी थी। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे की जांच के दौरान रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने माना कि तीन स्तरों पर बड़ी लापरवाही की गई। उन्होंने बताया कि ऑटोमैटिक सिग्नलिंग फेल होने के बाद लोको पायलट और स्टेशन मास्टरों के निर्देशों का पालन नहीं किया। साथ ही अधिकारियों ने भी लापरवाही की। उन्होंने ट्रेनों में ऑटोमैटिक ट्रेन सुरक्षा प्रणाली लगाने की सिफारिश की है।

### सिग्नल खराब होने के बाद भी ट्रेन नहीं रुकी

पहली वजह तो यह रही कि सिग्नल खराब होने के बाद भी सेक्शन में मालगाड़ी और कंचनजंगा एक्सप्रेस के अलावा पांच अन्य ट्रेनों ने भी प्रवेश किया था। वहीं कंचनजंगा एक्सप्रेस के लोको पायलट को छोड़कर किसी भी



ट्रेन के लोको पायलट ने सिग्नल खराब होने के दौरान ट्रेन को 15 किमी प्रतिघंटा की गति से चलाने और खराब सिग्नल पर रुकने के रेलवे के नियम का पालन नहीं किया। दूसरी वजह सामने आई कि खराब सिग्निलंग को लेकर मालगाड़ी के चालक को जो टी/ए 912 फॉर्म जारी किया गया था, उसमें स्पीड का जिक्र नहीं था। तीसरी वजह मानी गई है कि ऑटोमैटिक सिग्नल फेल होने के बाद भी अफसरों ने सेक्शन में ब्लॉक नहीं लिया।

### कवच प्रणाली को लागू करने की जरूरत

रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑटोमैटिक सिग्नल फेल होना चिंता का कारण है। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2024 तक खतरे में सिग्नल पार करने से 208 घटनाएं सामने आईं। इनमें 12 घटनाएं ट्रेनों के टकराने की थीं। इससे साफ है कि कवच प्रणाली को लागू करने की सख्त जरूरत है।

नेपाल की नवनियुक्त विदेश मंत्री ने कहा-

# सीमा विवाद कूटनयिक तरीके से सुलझाना सरकार की प्राथमिकता

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल की नवनियुक्त विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउवा ने कहा कि भारत के



साथ सीमा समस्या को बिना किसी विवाद के कूटनीतिक तरीके से सुलझाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। भारत के साथ कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा जैसे सीमा विवाद को दोनों देशों के इतिहास, भूगोल और नई तकनीक जीपीएस के माध्यम से सुलझाएंगे।

#### सीमा विवाद का राजनीतिकरण नहीं

डॉ. आरजू देउवा ने कहा कि पहले की तरह दोनों देशों के सीमा विवाद का पहले की तरह राजनीतिकरण नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत के साथ कूटनीतिक वार्ता के जरिए ही किसी भी विवाद को सुलझाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई तकनीक के जरिए अब जीपीएस के जरिए सीमा पर बॉर्डर पिलर रखा जाएगा ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न हो।

# पीएम मोदी के 2047 तक नशामुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करेंगेः शाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार (18 जुलाई, 2024) को नई दिल्ली में नार्को समन्वय केन्द्र



(एनकोर्ड) की 7वीं शीर्ष स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री शाह राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन 'मानस'- मादक पदार्थ निषेध आसूचना केंद्र का शुभारंभ और श्रीनगर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय का भी उद्घाटन करेंगे।

#### विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय

अमित शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने ड्रग्स तस्करी के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस नीति' अपनाई है, जिससे ड्रग्स के खतरे को कम किया जा सके। गृह मंत्रालय संस्थागत ढांचे को मजबूत करना, सभी नार्को एजेंसियों के बीच समन्वय और व्यापक जनजागरूकता अभियान की 3 सूत्रीय रणनीति पर चलकर 2047 तक पीएम नरेंद्र मोदी के नशामुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करेगा। गृह मंत्रालय के अनुसार बैठक का उद्देश्य देश में मादक पदार्थों की तस्करी और दुरुपयोग से निपटने में शामिल विभिन्न केंद्रीय और राज्य सरकार की एजेंसियों के प्रयासों में समन्वय स्थापित करना है। सरकार ने एक संयुक्त समन्वय समिति का गठन, प्रत्येक राज्य और संघशासित प्रदेश में एक समर्पित एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया है।

ब्रिटिश जूलॉजिस्ट को 249 साल की सजा

# 40 कुत्तों का रेप व हत्या की, शोषण के लिए घर में बनाया था 'टॉर्चर रूम'

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया में जूलॉजी (जीव विज्ञान) के विशेषज्ञ एडम ब्रिटन को कुत्तों का रेप और हत्या करने के जुर्म में



249 साल की सजा सुनाई गई है। पुलिस ने अप्रैल 2022 में एडम को गिरफ्तार कर लिया था। 52 साल का एडम मगरमच्छ का विशेषज्ञ है। उसने पिछले साल जानवरों पर जुल्म करने से जुड़े 60 आरोपों को स्वीकार कर लिया था। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, एडम एक ब्रिटिश नागरिक है। वह ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में मौजूद अपने घर पर कुत्तों को टॉर्चर करता था। उनका रेप करने के बाद वह उनकी हत्या कर देता था। साथ ही वह ये सब रिकॉर्ड भी करता था। एडम ने कुत्तों का रेप करने के लिए एक 'टॉर्चर रूम' भी बनाया हुआ था।

#### रेप के वीडियों सोशल मीडिया पर

*एडम ने गमट्री ऑस्ट्रेलिया नाम की एक वेबसाइट के जरिए 42 कुत्ते खरीदे थे। उसने इन कुत्तों को एक शिपिंग कंटेनर में रखा। रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 से 2022 के बीच एडम ने 39 कुत्तों का रेप किया। उसने रेप के जो वीडियो बनाए उन्हें सोशल मीडिया पर शेयर भी किया था। इस दौरान वह 'मॉन्सटर' नाम से बनी प्रोफाइल का इस्तेमाल करता था, ताकि कोई उसे पहचान न सके। 2022 में एक व्यक्ति ने एडम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।*

### मणिपुर में केसीपी के पांच उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के थौबल जिले में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन कंगलीपक कम्युनिस्ट पार्टी (नोंगड्रेनखोम्बा) के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने एक बयान में बताया कि सुरक्षाबलों ने उग्रवादियों द्वारा अपहृत एक व्यक्ति को सोमवार को खोंगजोम टेकचाम इलाके में एक अभियान के दौरान छुड़ा लिया तथा उनके पास से हथियार व गोला बारुद बरामद किए। गिरफ्तार लोगों की पहचान कोनसाम रोहित सिंह (23), यांगलेम बिकास मेइती (24), थांगजाम चन्बा सिंह (27), मोइरांगथेम आनंद सिंह (37) और केइशाम नेल्सन सिंह (28) के रूप में की गयी है। उनके पास से 9 एमएम की 4 पिस्तौल, 18 से अधिक कारतूस, 4 पहिया एक वाहन और 7 मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। रविवार को जिरिबाम जिले के मोंगबुंग गांव में हथियार व गोला बारुद बरामद किए।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109